धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार
29.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 16

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 198



तुष्टिकरण की नीति पर चलनेवाले भी संगम में लगा रहे हैं डुबकी

## न्यूज डायरी

### लातेहार में 2 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**रांची।** लातेहार पुलिस ने झारखंड जनमुक्ति परिषद के कमांडर जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। सरकार की ओर से उस पर 2 लाख रुपए का इनाम भी घोषित है। लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी का एरिया कमांडर किसी घटना को अंजाम देने के लिए क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ पहुंचा है। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की एक टीम घेराबंदी कर उग्रवादी को धर-दबोचा। छानबीन के बाद उसके पास से पुलिस ने एक देसी बंदूक और चार गोलियां भी बरामद की।

### आज बीटिंग रिट्रीट के साथ खत्म होगा समारोह

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों का सिलसिला बुधवार शाम विजय चौक पर सैन्य टुकड़ियों के बीटिंग रिट्रीट के साथ सम्पन्न होगा। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस बार बीटिंग रिट्रीट समारोह में सेना के तीनों अंगों, थल सेना, नौसेना और वायु सेना तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बैंड कदमताल करते हुए 30 धुनें बजायेंगे।

### फरवरी में मोदी आयेंगे अमेरिका : डोनाल्ड ट्रंप

**नयी दिल्ली।** अमेरिका-भारत संबंधों को लेकर पीएम मोदी का फरवरी में अमेरिका दौरा संभव है। यह जानकारी किसी ओर ने नहीं, खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी। ट्रंप ने पोस्ट कर कहा है कि पीएम फरवरी में व्हाइट हाउस आ सकते हैं।

### बजट में रोजगार, स्वरोजगार, सतत विकास पर जोर हो : सीएम

# मंईयां योजना का कोई भार आम लोगों पर नहीं पड़ेगा

**बजट पूर्व संगोष्ठी**

- योजना बनाने में लंबी अवधि का ध्यान जरूरी
- संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल पर जोर दें
- राजस्व संग्रहण की नयी संभावना तलाशनी होगी
- आउटकम तथा उपयोगिता का भी आकलन हो



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमन्त सोरेन ने कहा कि बजट के जरिये एक ऐसा दस्तावेज तैयार हो, जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ झारखंड सर्वांगीण विकास की राह पर आगे बढ़ सके। इसके लिए संसाधनों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल जरूरी है। बजट ऐसा होना चाहिए, जिससे रोजगार सृजन हो, साथ ही स्वरोजगार उपलब्ध कराने का व्यापक प्रबंध हो। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना पर कई सवाल उठाये जा रहे हैं। सीएम ने कहा, हम जनता को यह आश्वस्त करते हैं कि वे किसी दुविधा में नहीं रहें। इस योजना के लिए किसी भी व्यक्ति पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जायेगा। सरकार अपने संसाधनों से ही मंईयां सम्मान योजना की राशि वितरित करेगी। सीएम मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अबुआ बजट- 2025- 26 की तैयारियों के सिलसिले में बजट पूर्व संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

**रोजगार सृजन पर विशेष फोकस हो :** सीएम ने कहा कि रोजगार से जुड़ी समस्याओं के निदान के साथ रोजगार सृजन के लिए ठोस कदम उठाई जायें। उन्होंने कहा कि बजट आइडियल तथा सर्वोत्तम हो, इसके लिए विभिन्न विषयों के के विशेषज्ञों ने कई अहम तथा प्रभावी सुझाव दिये हैं। इन सुझावों पर गंभीरता के साथ अध्ययन कर उसे बजट में शामिल करने पर विचार होगा, ताकि सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए खुद राजस्व संग्रहण करना है और खर्च भी करना है। हमें अपने संसाधन खुद जुगाड़ करने हैं और आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए राशि भी खर्च करनी है। जब तक आर्थिक संसाधन से हम मजबूत नहीं होंगे राज्य के विकास का पहिया आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सभी विभाग राजस्व संग्रहण के संभावनाओं को तलाशने के लिए ठोस कदम उठायें।

**लंबी अवधि को ध्यान में रखकर कार्य योजना बननी चाहिये :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास के लिए लंबी अवधि को ध्यान में रखकर योजनाएं बननी चाहिये। इसके लिए नींव मजबूत होना जरूरी है। अगर नींव मजबूत होगी तो भविष्य में बिल्डिंग में ऊंची बनाई जा सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार प्राथमिकताओं को तय कर बुनियाद को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है, ताकि भविष्य में भी उसकी ज्यादा से ज्यादा उपयोगिता सिद्ध हो सके।

### मइंयां योजना से देश में अलग पहचान

सीएम ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के इरादे से शुरू झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से देश भर में इस राज्य की अलग पहचान बनी है। इस योजना से 55 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस योजना की वजह से किसी भी व्यक्ति विशेष पर किसी प्रकार का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। इसके लिए राशि आंतरिक संसाधन से जुटाये जायेंगे। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अविनाश कुमार, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, योजना विकास सचिव सहित सभी विभागों के सचिव व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान आज

# दस करोड़ लोगों के डुबकी लगाने की उम्मीद



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के पहले मंगलवार तक महाकुंभ में पवित्र स्नान करनेवालों का कुल आंकड़ा 17 करोड़ के पार पहुंच गया है। बुधवार को मौनी अमावस्या के पवित्र स्नान पर देश-विदेश से 10 करोड़ लोगों के डुबकी लगाने की उम्मीद है। अमृत स्नान के लिए विशेष तैयारी की गयी है। अखाड़ों के संत एवं नागा संन्यासी 10 घंटे से अधिक समय तक अमृत स्नान करेंगे। सबसे पहले संन्यासी परंपरा के महानिवार्णी एवं शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के संत स्नान करेंगे। पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं से संयम बरतने की अपील की है। हर 12 साल पर प्रयागराज में संगम तट पर आयोजित होने वाला महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा।

**सुरक्षा कड़ी, व्यवस्था दुरुस्त :** मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के लिए सुरक्षा के साथ-साथ विशेष तैयारी की गयी है। मौनी के लिए अखाड़ा मार्ग पर मजबूत बैरिकेडिंग की गयी है। अखाड़ों के स्नान घाट का विस्तार किया गया है। इसके लिए घाट को यमुनाजी की तरफ बढ़ाया गया है।

**अमावस्या पर दुर्लभ संयोग :** मौनी अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग का संयोग बन रहा है। शिववास का संयोग मौनी अमावस्या यानी 29 जनवरी को सायं 06: 05 मिनट तक है।

### सलीमा व निक्की को रांची में मुफ्त मिलेगी जमीन, सीएम हेमंत आज करेंगे सम्मानित

**रांची।** राज्य में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेमंत सरकार में जुटी है। सरकार ने हॉकी के क्षेत्र में देश दुनिया में झारखंड का नाम रोशन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को मुफ्त जमीन देने का फैसला किया है। सीएम हेमंत सोरेन झारखंड राज्य आवास बोर्ड की ओर से आवंटित जमीन के कागज सौंपेंगे। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में श्री सोरेन दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने बताया कि आवास बोर्ड ने अपनी बैठक में हरमू आवासीय कॉलोनी में 3750 वर्गफीट का भूखंड मुख्यमंत्री के हाथों दोनों खिलाड़ियों को देने का फैसला लिया था। खिलाड़ियों को मुफ्त जमीन देने से राज्य

### धीरेंद्र शास्त्री ने संगम में लगायी पांच डुबकी

**प्रयागराज।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मंगलवार को महाकुंभ में पांच डुबकी लगायी। उन्होंने कहा पहली डुबकी हिंदू राष्ट्र के लिए थी। दूसरी बागेश्वर धाम के लिए, तीसरी बागेश्वर धाम के अनुयायियों के लिए , चौथी डुबकी संत-समाज, साधुओं की भलाई के लिए और पांचवीं उन सभी लोगों की लंबी उम्र के लिए थी।



## परीक्षाओं की तिथि को लेकर असमंजस में बोर्ड के परीक्षार्थी : मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार ने 8वीं बोर्ड की होनेवाली परीक्षा को स्थगित कर दिया है। अब 10वीं बोर्ड की परीक्षा पर भी अनिश्चितता के बादल मंडराने लगा है। कहा कि जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। करीब 21 लाख छात्र, जिनकी मैट्रिक-इंटर और अन्य बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर होनी चाहिए थीं, वो जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से बाधित हो सकती है। श्री मरांडी ने कहा कि यदि समय पर परीक्षाएं नहीं हुईं, तो छात्रों को अगले शिक्षण सत्र में नामांकन लेने में भी काफी परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह जेपीएससी अध्यक्ष का पद भी पिछले वर्ष अगस्त से रिक्त है। इस कारण कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं लंबित हैं। हजारों अभ्यर्थी मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। वर्षों की मेहनत और तैयारी के बावजूद ये अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं।

# बजट पूर्व संगोष्ठी में बोले मुख्यमंत्री- विकसित झारखंड लक्ष्य

# सीमित संसाधन के बाद भी आगे बढ़ रहे हैं

### कई उतार-चढ़ावों के साथ राज्य बढ़ रहा आगे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड ने कई उतार -चढ़ाव देखे हैं, लेकिन, इसके बाद भी राज्य ने कई नए आयाम गढ़े हैं। इस बार हेल्थ इंडेक्स में झारखंड ने बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। लेकिन, हमें सिर्फ यही तक सीमित नहीं रहना है बल्कि इससे प्रेरणा लेते हुए पूरे उत्साह के साथ अन्य क्षेत्र में उच्च मानक पर खरा उतरते हुए निरंतर आगे बढ़ें। इसके लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है। कम संसाधनों के बाद भी विकास कार्य हुए हैं और आगे भी होंगे। सीएम मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में बजट पूर्व संगोष्ठी के समापन के मौके पर बोल रहे थे। सीएम ने स्वीकार किया कि राज्य में संसाधन जरूर कम हैं, लेकिन हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बिजली, पानी और सड़क समेत कई क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए हैं। ऐसे कार्य आज भी चल रहे हैं और आगे भी अनवरत चलते रहेंगे। हमारा प्रयास झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है।

**आउटकम का आकलन जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में विभिन्न विभागों को जो राशि आवंटित की जाती है उसे खर्च करने के साथ उसके आउटकम का भी आकलन होना चाहिए। अभी तक देखा गया है कि खर्च हुई राशि का कितना लाभ मिल रहा है, इस पर विशेष जोर नहीं दिया गया। इस वजह से हमने जो एसेट बनाये, उसका उचित इस्तेमाल नहीं हो पता है। इस दिशा में हमें नकरात्मक पहलुओं को दूर करने के लिए बेहतर प्रबंधन करना होगा।

**70 प्रतिशत लोगों बजट प्लानिंग नहीं करते :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी झारखंड में 70 प्रतिशत आबादी के पास अपना कोई बजट नहीं होता है। कहां से आय होगा और कहां खर्च होगा, उनके पास इसकी कोई योजना नहीं हो पाती है। इस वजह से वे पीछे रह जातें हैं। हमारी सरकार ने अपनी नीतियों और योजनाओं के माध्यम से उन्हें कई संसाधन उपलब्ध कराए हैं, जिनके जरिए वे सशक्त हो रहे हैं।

**विशेषज्ञों से कई सुझाव मिले :** बजट 2025-26 में विभिन्न सेक्टर को मजबूत और उन्नत बनाने के लिए क्या-क्या प्रावधान किए जाने चाहिए, इसे लेकर देशभर से आए अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स ने कई अहम सुझाव रखे। इनमें यूनिसेफ के पूर्व एजुकेशन स्पेशलिस्ट विनोबा गौतम ने शिक्षा, इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च के प्रोफेसर एस चंद्रशेखर ने डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स, एनआईईपीए के प्रोफेसर सुधांशु भूषण ने उच्च शिक्षा, आईआईएम उदयपुर की डॉ निधि अग्रवाल ने कृषि तथा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली के प्रोफेसर वी एन आलोक ने पब्लिक फाइनेंस को लेकर कई सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने बजट निर्माण को लेकर अहम सुझाव देने वाले इन विशेषज्ञों को सम्मानित किया।

**सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले हुए पुरस्कृत :** मुख्यमंत्री ने बजट पूर्व संगोष्ठी में अबुआ बजट पोर्टल के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले अनीश कुमार मुरारका, नीतीश कुमार और राम प्रवेश राम को पुरस्कृत किया। इसके अलावा बेहतर सुझाव देने वालों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बजट पूर्व संगोष्ठी में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अजय कुमार सिंह, वाणिज्यकर सचिव अमिताभ कौशल, पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय चौबे, प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, सचिव प्रशांत कुमार, राज्य वित्त आयोग के सदस्य डॉ हरिश्वर दयाल के साथ विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव/ सचिव तथा अन्य अधिकारी एवं देशभर से आये विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शामिल थे।

**राज्यहित में आय बढ़ाना जरूरी : वित्त मंत्री :** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए आय बढ़ाने की जरूरत है। आय के अन्य स्त्रोतों को खोजने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि योग्य भूमि का लगान काफी कम है।

## सरला बिरला यूनिवर्सिटी व राधा गोविंद यूनिवर्सिटी को हाईकोर्ट से राहत

**रांची।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी और राधा गोविंद यूनिवर्सिटी की ओर से दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार द्वारा लागू की गई प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल पिछले वर्ष राज्य सरकार ने प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट लागू किया है।

इसी एक्ट के तहत प्राइवेट यूनिवर्सिटी में वीसी एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति किया जाना है। लेकिन सरला बिरला यूनिवर्सिटी और राधा गोविंद यूनिवर्सिटी ने अपने एक्ट के मुताबिक वीसी एवं अन्य पदों पर नियुक्ति की है और सरकार के द्वारा लागू प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में हुई। सरला बिरला यूनिवर्सिटी और राधा गोविंद यूनिवर्सिटी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।

# एंड्रायड एप्लीकेशन पैकेज हुआ खतरनाक निपटने के लिए डीजीपी ने दिया टास्क

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के साइबर अपराधी पुलिस के लिए हर दिन एक नई चुनौती पेश कर रहे हैं। साइबर अपराधी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर साइबर ठगी को अंजाम दे रहे हैं। अब एंड्रायड एप्लीकेशन पैकेज (एपीके) के रूप में साइबर अपराधियों ने नई चुनौती पेश की है। जिससे निपटने के लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय स्तर से प्रयास शुरू किया गया है।

### डीजीपी ने की समीक्षा

मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने साइबर अपराध से संबंधित धोखाधड़ी वाले एंड्रायड एप्लीकेशन पैकेज (एपीके) से बचने और सुरक्षित रहने को लेकर एक समीक्षा बैठक की। बैठक में अनजाने और धोखाधड़ी वाले एंड्रायड एप्लीकेशन पैकेज (एपीके) ऐप से संबंधित विभिन्न सुरक्षा नीतियों की व्यापक रूप से समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में जामताड़ा एसपी के द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम से संबंधित पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। साथ ही साथ बताया गया कि साइबर अपराधी असली ऐप की तरह दिखने वाली नकली एपीके फाइल्स में मैलवेयर और वायरस छिपाकर यूजर्स के डिवाइस में इंस्टॉल करवाते हैं। जिससे लोगों का निजी डाटा चोरी कर बैंकिंग जानकारी प्राप्त कर डिवाइस को रिमोट कंट्रोल में ले लेते हैं। जिससे साइबर अपराधी अपराध करने में सफल हो जाते हैं।

### एपीके को लेकर जागरुकता पर जोर

बैठक में डीजीपी ने सभी साइबर थानों, सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच के साथ-साथ सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि एपीके से संबंधित सुरक्षा सुझाव को लेकर आम जनता के बीच व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें।

### आमलोगों के लिए जारी किए गए सुरक्षा निर्देश

- केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ऐप्स डाउनलोड करें।
- अपने फोन में विश्वसनीय एंटी वायरस ऐप इंस्टॉल करें।
- अनजान स्रोतों से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें।
- सिस्टम को हमेशा अपडेट रखना सुनिश्चित करें।
- सार्वजनिक स्थलों पर ब्लूटूथ और वाईफाई प्रयोग करने पर विशेष ध्यान दें।
- संदिग्ध कॉल्स/ विज्ञापनों/लिंक / गतिविधि/ मुफ्त ऑफर आदि को नजरअंदाज करें।
- सिस्टम में ऑटोमैटिक डाउनलोड मोड को बंद रखना सुनिश्चित करें।
- साइबर अपराध की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरुकता अभियान में निश्चित रूप से भाग लें।

# आपके प्रदर्शन ने देश में झारखंड का नाम किया है रौशन : हेमंत

### सीएम ने बैंड टीम में शामिल सभी छात्राओं को शानदार उपलब्धि के लिए दी बधाई, किया सम्मानित

सीएम से मिला नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन- 2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को नई दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कॉम्पटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कॉम्पटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रौशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। बच्चे-बच्चियों की प्रतिभा निखारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफॉर्म देने के लिए भी सरकार योजना पर तरीके से कार्य कर रही है। बच्चों के एक्स्पोजर के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

### नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बैंड डिस्प्ले का किया प्रदर्शन

बताते चलें कि नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम के द्वारा नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया गया। झारखंड के लिए पहला मौका था, जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर शशि रंजन, स्टेट नोडल अफसर धीरसेन सोरेंग, फिजिकल एजुकेशन शिक्षक निशा पन्ना, प्रशिक्षक प्रेम राणा, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ के जरनैल सिंह और अमरवीर सिंह मौजूद थे।


दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-09-2025, दिनांक 28.01.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नाम: मौजूदा अत्यंत पुरानी पीएस टैंकों के स्थान पर रांची में (100000 गैलन) तथा मुरी में (50000 गैलन) आरसीसी ओवरहेड टैंक का निर्माण। निविदा मूल्य: रु. 3,09,83,495.79; ईएमडी मूल्य: रु. 3,04,900; निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 20.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। पिन कोड- 834003. (PR-1069)


## सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को सरकार देगी जमीन

**रांची।** राज्य सरकार दिग्गज हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को राजधानी रांची के हरमू में जमीन देगी। सलीमा को प्लॉट नंबर 10 बी और निक्की प्रधान को प्लॉट नंबर 10 ए आबंटित किया जाएगा। दरअसल झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने 14 अगस्त 2024 को अपनी 74वीं बैठक में यह फैसला लिया था कि सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को 3750 वर्ग फीट जमीन आवंटित की जाएगी। सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को इन दोनों खिलाड़ियों को भूखंड के कागजात सौपेंगे।

## कुंभ स्नान के लिए झारखंड के सनातनियों का विशेष प्रबंध नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण : भाजपा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक सम्मेलन प्रयागराज के कुंभ में हो रहा है। लगभग 40 करोड़ सनातनी देश-विदेश से कुंभ में डुबकी लगाने के लिए आएंगे। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से झारखंड सरकार ने इस अवसर पर झारखंड में रहने वाले सनातनियों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों की सरकारों ने कुंभ स्नान के अवसर पर अपने-अपने राज्यों से नोडल अधिकारियों को प्रयागराज में नियुक्त किया है। अलग-अलग राज्यों के कर्मचारियों और अधिकारियों की बड़ी फौज भी लगातार कैंप करके उन राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रख रही है। कई राज्यों ने स्पेशल बस को रवाना किया है। लेकिन झारखंड सरकार इस मामले में बिल्कुल ही असंवेदनशील रही।

**कुंभ स्नान के प्रति राज्य सरकार पूरे तरीके से उदासीन :** दूसरे धर्म के श्रद्धालु जब धार्मिक यात्रा पर निकलते हैं तो मुख्यमंत्री सहित तमाम बड़े मंत्री,अधिकारी उनको रवाना करने के लिए जाते हैं। लेकिन कुंभ स्नान के प्रति राज्य सरकार पूरे तरीके से उदासीन बनी रही है। प्रतुल ने मांग की है कि अभी भी कुंभ में 26 दिन का समय बचा हुआ है। राज्य सरकार अविलंब झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज में अधिकारी और कर्मचारियों को तैनात करें और श्रद्धालुओं को उचित सुविधा देने का कार्य करें। राज्य सरकार अपने स्तर से विशेष बस सेवा को भी बहाल करे।

कांग्रेस के दबाव में हेमंत सरकार ने कुंभ मेला से हाथ खींचा? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरीके से कुंभ मेला और सनातन विरोधी बयान दिया, वह इंडी गठबंधन की सनातन विरोधी सोच को दिखाता है। झारखंड सरकार भी कांग्रेस के समर्थन से ही चल रही है। लिहाजा ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस की मानसिकता के अनुसार ही झारखंड सरकार ने महाकुंभ को नजरअंदाज करने का काम किया है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड मंत्री परिषद की बैठक 29 जनवरी बुधवार को होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है। मंत्रिपरिषद् की बैठक शाम 4 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। इस बैठक में कई नीतिगत फैसले लिये जायेंगे।

## मूलवासी सदान- संसद सह मिलन समारोह आज

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा की ओर से बेड़ो के बारीडीह पहाड़ा मैदान में 29 जनवरी की सुबह 11 बजे से मूलवासी सदान-संसद सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। सदान-संसद में खुली बहस होगी कि मूलवासी सदानों को उनके अधिकारों से सरकार क्यों वंचित वंचित कर रही है? सदान-संसद सह मिलन समारोह में आगे की रणनीति और आन्दोलन की रूपरेखा तैयार कर गांव-गांव तक मुखर हो कर आन्दोलन को धार देने के उद्देश्य से सदान- संसद सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।

## खबर एक नजर में

### टेरर फंडिंग केस में एनआइए द्वारा जब्त पैसे वापस करने के लिए दायर सुदेश केडिया की याचिका खारिज

**रांची।** टेरर फंडिंग केस के आरोपी सुदेश केडिया को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने उसकी वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने वर्ष 2018 में एनआइए की छापेमारी में उसके आवास और कार्यालय से एजेंसी द्वारा बरामद किये गये 9 लाख 95 हजार रुपए वापस करने की मांग की थी। यह मामला चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग से जुड़ा हुआ है। पूर्व में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि एनआईए की छापामारी में सुदेश केडिया के आवास से बरामद 9 लाख 95 हजार रुपए उनके व्यवसाय के है, यह टेरर फंडिंग का पैसा नहीं है। इस पैसे से कर्मियों को सैलरी दी जानी थी। इसलिए एनआईए द्वारा बरामद 9 लाख 95 हजार रुपए उन्हें वापस दिलाये जायें, लेकिन हाईकोर्ट ने जब्त पैसे रिलीज करने से इनकार कर दिया है।

### हमें बुलाकर फ्री में फुल बॉडी चेकअप करायें बाबूलाल और स्वास्थ्य का लाभ लें : डॉ इरफान

रांची। सूबे के हेल्थ मिनिस्टर एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। इस बार उन्होंने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को नसीहत दे डाली है। कहा है कि आप बेवजह ट्वीट कर लोगों को जलील कर रहे हैं। जानबूझ कर झगड़ा करने में बर्बाद न करें। सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ इरफान ने लिखा है कि आदरणीय बाबूलालजी जिंदगी दोबारा वापस नहीं मिलती। गुस्से में, नफरत में नाराजगी में, किसी को फंसा कर, किसी पर झूठा लालछन लगाकर, हर बात पर बेवजह ट्वीट कर, लोगों को जलील कर एवं जानबूझ कर झगड़ा करने में बर्बाद ना करें। हंसते रहें खेलते रहें और स्वस्थ रहें। जरूरत पड़ी तो मुझे बुलाकर अपना इलाज करायें फुल बॉडी चेस्कप फ्री में कराएं। राज्य को पहली बार एक डॉक्टर स्वास्थ्य मंत्री मिला है। स्वास्थ्य का लाभ लें। आप का अपना डॉ इरफान।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला
rdsdgumla123@gmail.com

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 67 दिनांक 15.01.2025 द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–27/2024-25 जिसका पी०आर०(PR)सं०–344387 Rural Development (24-25)_D है, में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किया जाता है। जिसमें ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के अलावे पथ निर्माण विभाग RCD (Road Construction Department) का भी मान्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 28.01.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक के स्थान पर दिनांक 05.02.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक |
| निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 30.01.2025 को 3.00 बजे अपराहन तक के स्थान पर दिनांक 07.02.2025 को 3.00 बजे अपराहन तक |
| निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 30.01.2025 को 3.30 बजे अपराहन के स्थान पर दिनांक 07.02.2025 को 3.30 बजे अपराहन में तक पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी। |

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 345253 Rural Development(24-25).D



झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला
जिला परियोजना कार्यालय
प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र बिल्डिंग, समाहरणालय परिसर, गुमला पिन–835207 ईमेल :ssa09gumla@gmail.com

पत्रांक ................ आम सूचना दिनांक ................

शैक्षणिक सत्र 2025–26 में जिला के सभी 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं 02 झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में बालिकाओं के नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है।

जिला के सभी प्रखंडों में अवस्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा 6 से 12 में रिक्ति के विरूद्व नामांकन में निम्नांकित श्रेणी की बालिकाओं को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी :–

- विद्यालय से बाहर अथवा छीजित बालिका।
- आदिम जनजाति समूह की बालिका।
- ट्रेफिकिंग से प्रभावित बालिकाएँ।
- नक्सल प्रभावित बालिकाएँ एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाली अनुसूचित जाति/जनजाति समुदाय की बालिका।
- अभिवंचित वर्ग की बालिकाओं यथा, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय एवं वैसे परिवार की बालिका, जो गरीबी रेखा से नीचे हैं।"
- वास्तविक रूप से जरूरतमंद बालिका।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु :–

- जिला के कोई भी निवासी/जन सामान्य उक्त कोटि के बच्चियों की जानकारी होने पर संबंधित सूचना अपने पोषक क्षेत्र के नजदीकी विद्यालय के माध्यम अथवा सीधे निकटवर्ती कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में कार्य अवधि में उपलब्ध करा सकते हैं।
- जिला स्तरीय पुलिस विभाग, बाल संरक्षण आयोग के जिला ईकाई कार्यालय, उपायुक्त कार्यालय एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से उक्त प्रकार के बच्चियों की प्राप्त सूची को भी शामिल किया जायेगा।
- इसके अतिरिक्त विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) के सदस्यों से प्राप्त सूची एवं विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर छीजित बालिकाओं की सूची को भी शामिल किया जायेगा।
- विद्यालय स्तर पर प्राप्त सूची का प्रखंड चयन समिति द्वारा जांचोपरांत अनुशंसित/चयनित बालिकाओं की सूची झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला को दिनांक 18.02.2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जायेगा।

विशेष जानकारी हेतु नजदीकी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय अथवा झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला में कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला।
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR 345247 (Jharkhand Education Project Council)24-25*D


# ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर ठगी मामले में सियासत ने पकड़ा जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य सरकार के अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के नाम पर चल रहे रैकेट का उद्भेदन रांची पुलिस द्वारा किए जाने के बाद इस पर सियासत शुरू हो गई है.। बीजेपी ने दोषियों पर कारवाई करने की मांग करते हुए इसमें पार्टी नेताओं के शामिल होने से इनकार किया है। इधर सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इसे गंभीर बताते हुए जांच में दूध का दूध पानी का पानी होने की बात कही है।

जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा है कि जिस तरह से एक गिरोह बनाकर ठगी का प्रयास किया गया है, उसमें कौन लोग शामिल हैं इसकी तहकीकात पुलिस कर रही है और इसमें पूरे मामले की जांच होगी। उसके बाद ही पता चलेगा कि कौन-कौन लोग इसमें शामिल हैं। मगर जो बातें सामने आई हैं वह काफी गंभीर हैं और पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

इधर भाजपा मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने इस मामले में पुलिस पदाधिकारी के संलिप्त होने पर चिंता जताते हुए कहा है कि इसकी जांच जरूर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से इस बात को उठाती रही है कि ट्रांसफर तथा पोस्टिंग के नाम पर यहां खेल होता रहा है अब बातें पुलिस तक पहुंची हैं। जो भी दोषी लोग हैं उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### रांची पुलिस कर रही है जांच

बताते चलें कि इस पूरे मामले में अब तक हुई छानबीन में पुलिस ने ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर ठगी करने वाले पांच लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। इस तफ्तीश के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इस पूरे प्रकरण की जांच रांची पुलिस कर रही है। कहा जा रहा है कि आईपीएस से लेकर दारोगा तक के ट्रांसफर व पोस्टिंग के नाम पर यह गिरोह मोटी रकम की ठगी करता आ रहा था।

**खबर एक नजर में**

## झारखंड चैंबर की महाकुंभ स्पेशल अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की मांग



**रांची।** प्रयागराज और वाराणसी जानेवाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग के कारण यात्रियों को होनेवाली असुविधा को देखते हुए झारखंड चैंबर ने दक्षिण पूर्व रेलवे से रांची और टाटानगर से अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की मांग की। चैंबर भवन में संपन्न हुई एक बैठक में कहा गया कि ट्रेनों में आरक्षित सीट उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी कठिनाई हो रही है।

सह सचिव नवजोत अलंग ने कहा कि एक तरफ ट्रेनों में सीट नहीं है दूसरी तरफ फ्लाईट के किराये में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिसका भुगतान करना सामान्य लोगों के लिए आसान नहीं है। डीआरयूसीसी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें जरूर चलाई गईं थीं, किंतु वह पर्याप्त नहीं है।

चैंबर अध्यक्ष परेश गप्तानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि ट्रेनों की कमी के कारण सड़क मार्ग से यात्रियों को किराये के रूप में अधिक खर्च करना पड रहा है। रांची से प्रयागराज और बनारस जानेवाली बसों में भी सीटें नहीं मिल रही हैं, जिससे लोग परेशान हैं। यात्रियों की असुविधा को देखते हुए जरूरी है कि महाकुंभ मेला चलने तक रांची और टाटानगर से नियमित रूप से ट्रेनों का परिचालन किया जाय।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गप्तानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, आस्था किरण, सदस्य अरूण जोशी, राजीव चौधरी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

## रांची में माहौल खराब करने की असामाजिक तत्वों की कोशिश, पुलिस ने संभाली स्थिति

**रांची।** राजधानी रांची की शांति व्यवस्था को भंग करने की साजिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया है। कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा एक मंदिर के सामने किसी पशु का खून फैलाकर माहौल को खराब करने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस की सजगता की वजह से असामाजिक तत्व अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाए।

**खून फैला कर शांति भंग करने की साजिश :** घटना रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में एक मंदिर के पास हुई है। असामाजिक तत्वों ने जानवर का खून मंदिर के पास फैलाकर माहौल को खराब करने की कोशिश की है। हालांकि जानकारी मिलते ही रांची पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाल लिया। इससे पहले ही कोई अफवाह उड़ाई जाए, पुलिस ने जमीन से खून को पानी से साफ करवा दिया।

**स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी जानकारी :** स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार की सुबह बजरा के पास स्थित मंदिर के पीछे एक जानवर के गले की घंटी पड़ी हुई थी। वहीं पास में काफी खून भी बिखरा पड़ा था। ऐसा लग रहा था की किसी पशु को वहां मारा गया है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

**कोई लिखित शिकायत नहीं मिली:डीएसपी :** इस संबंध में रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामले को लेकर कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस ने मामले को संभालते हुए पानी से खून को पूरी तरह से साफ कर दिया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनपर कार्रवाई की जा सके।

## जूस पीने के लिए मांगे पैसे, लेकिन पी लिया तेजाब, तड़प-तड़प कर युवक की मौत

**रांची।** राजधानी रांची में एक युवक की तेजाब पीने की वजह से मौत हो गई। मृतक इमरान हिंदपीढ़ी का रहने वाला था। मृतक के बड़े भाई मिराज ने बताया कि इमरान ने जूस पीने के लिए पैसे मांगे थे, लेकिन वह एसिड खरीद कर पी लिया।

**तड़प–तड़प कर मरा युवक :** रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले इमरान नाम के युवक की एसिड पीने की वजह से तड़प-तड़प कर मौत हो गई है। इमरान के भाई मिराज ने बताया कि उनका भाई मानसिक परेशानी से गुजर रहा था। उसका इलाज भी चल रहा था। एक दिन पहले इमरान उनके पास आया और जूस पीने के लिए 100 रुपये मांगे।

**बड़े भाई ने लिए थे जूस पीने के लिए पैसे :** मिराज के अनुसार इमरान जूस पीने के लिए पैसे लेकर गया था, लेकिन उसने बाजार से एसिड की बोतल खरीद ली और उसे पूरा पी गया। एसिड पीने की वजह से उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिसके बाद उसे आनन -फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

**रिम्स में हुआ पोस्टमार्टम :** इधर, युवक की मौत के मामले की जानकारी मिलते ही हिंदपीढ़ी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रिम्स में ही इमरान के शव का पोस्टमार्टम भी किया गया है। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि इमरान की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जूस पीने के बजाय वह एसिड पी गया। जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई।

**युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी :** मृतक इमरान के परिजनों ने बताया कि इमरान शादीशुदा था और उसकी एक बच्ची भी है। हाल के दिनों में उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिजनों ने इमरान का इलाज भी करवाया था, लेकिन उससे कोई विशेष फायदा नहीं हुआ था। इसी बीच इमरान ने अपने बड़े भाई से जूस पीने के लिए पैसे मांगे और एसिड खरीद कर पी गया। उसे तड़पता हुआ देख अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं पाए।

## पुरुलिया रोड में नो वेंडर जोन में दुकान लगाने देने की मांग

**रांची।** पुरुलिया रोड में शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। इसे लेकर मंगलवार को फुटपाथ दुकानदारों की कमेटी की बैठक हुई। इसमें टाउन वेंडर समिति के सचिव राजकुमार चौरसिया ने बताया कि यह जगह नो वेंडर जोन के अंदर है। लेकिन, लगातार हमें यहां से हटाया जा रहा है। इसे लेकर कमेटी के सदस्यों ने शनिवार को ही उप नगर आयुक्त से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा और अतिक्रमण को इस क्षेत्र में बंद करने की अपील की। कमेटी के सचिव राजकुमार ने कहा कि जब हमलोग नो वेंडर जोन में दुकान लगा रहे हैं।

# झंडागड़ी सह सरना प्रार्थना सभा सेमिनार का आयोजन


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पड़हा सरना प्रार्थना सभा दहिसोत बनहोरा में झंडागड़ी सह सरना प्रार्थना सभा सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका आयोजन हर साल होता है। इस प्रार्थना सभा में आसपास के विभिन्न गांव से आये लोग सम्मिलित हुए और अपने अपने मंडली के साथ भजन प्रस्तुत किये। सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किये।

इससे पहले गांव के अखड़ा में झंडागड़ी व पूजा-अर्चना करने के बाद भजन करते हुए लोग दाड़ी के लिए निकले। जहां से सभी लोग लोटा में जल भरकर सरना स्थल पहुंचे। जिसे सरना स्थल में झंडा स्थापना के उपरांत जल अर्पित किया। भक्तों के बीच खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम रात 10 बजे तक चला। लोग पंरपरागत वस्त्र धारण किये आकर्षण का केन्द्र बने थे।

इसके आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय तिर्की (बुचू) कमड़े पंचायत के पूर्व मुखिया, सचिव प्रकाश तिर्की, कोषाध्यक्ष अजय तिर्की, उपाध्यक्ष राजेश तिर्की, संरक्षक में शिवा तिर्की, अमर खलखो और बालकृष्णा तिर्की के अलावा पंचायत समिति सदस्य सीमा केरकेट्टा, सुमन तिक्री, रोबिन उरांव तथा पहान कृष्णा तिर्की के अगुवाई में कार्यक्रम को सफल बनाया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय तिर्की उर्फ बुचू ने बताया कि पिछले 12 सालों से यह कार्यक्रम वृहद रूप से होता है। इसमें गांव के लोग तथा आसपास के दो दर्जन गांव के लोग और उसके अगुवा शिरकत करते हैं। पुर्वजों के बनायी परंपरा, धार्मिक-सांस्कृतिक बातों को रखा जाता है। ताकि आनेवाले पीढ़ी अनुशरण करे।



सुप्रभात

बुधवार 29.01.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 278

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ




### प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक

# आवास नहीं बनाने वालों से राशि वसूलने का निर्देश

**विशेष संवाददाता**



**धनबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन लोगों ने राशिंकी और आवास नहीं बनाया वैसे लोगों से राशि वसूली का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता आवास योजना एवं मनरेगा की समीक्षा की गई।इस दौरान उन्होंने अबुआ आवास योजना में 2024-25 की स्वीकृति को पूर्ण करने एवं द्वितीय किस्त का भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही अबुआ आवास योजना में 2023-24 में प्रथम किस्त के विरुद्ध द्वितीय किस्त का भुगतान करने तथा तृतीय किस्त के विरुद्ध आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में लम्बित आवास की स्वीकृति के लिए ग्राम सभा करते हुए शेष स्वीकृति को शत प्रतिशत पूरा करने, प्रथम किस्त हेतु लंबित लाभुक के बैंक खाता में सुधार कराने के लिए पंचायत स्तर पर कैंप करते हुए भुगतान करने का निदेश दिया। पंचायत सेवक लाभुक के साथ उसके बैंक में जाकर अकाउंट में जो भी त्रुटि है, उसमे सुधार कराएंगे। साथ ही मनरेगा अंतर्गत पुरानी योजनाएं, पोट हो खेल विकास योजना को 100 % पूर्ण करने, आधार बेस्ड पेमेंट को भी 100% करने, 2 फरवरी से 8 फरवरी तक नरेगा दिवस में विभिन्न प्रकार की क्रियाविधि करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन ने कहा कि जो लाभुक राशि मिलने के बाद भी आवास निर्माण नहीं करते हैं, वैसे लाभुकों से राशि वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करें। आवश्यकता पड़ने पर उनके विरुद्ध सर्टिफिकेट केस करें। बैठक में परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला समन्वयक सुशांत कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मौजूद थे। इससे पूर्व उप विकास आयुक्त ने नगर निगम, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, खनन, पशुपालन, कल्याण, कृषि सहित अन्य सभी विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में विभिन्न विभाग के अधीन संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मौके पर अन्य लोगों के अलावा नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एसडीओ राजेश कुमार, भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलको, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## शिक्षा स्थापना समिति ने की तीन शिक्षकों की पोस्टिंग



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई। बैठक में चाईबासा से तीन स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, जिनका पदस्थापन धनबाद में किया गया है, की नियुक्ति एवं पदस्थापना विभिन्न विद्यालय में की गई। वहीं जिले की एक विद्यालय के शिक्षक द्वारा त्यागपत्र दिया गया है। उपायुक्त ने संबंधित विद्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर उनका त्यागपत्र स्वीकार करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री आयुष कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद व भू-अर्जन पदाधिकारी श्री राम नारायण खलको मौजूद थे।

### केंद्रीय इस्पात मंत्री का सेल टासरा व चासनाला परियोजना का दौरा

# देश के विकास में सेल कोलियरीज की भूमिका महत्वपूर्ण : कुमारस्वामी

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने आज यहां कहा कि टासरा परियोजना से कोयलांचल की आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। श्री कुमार स्वामी इस्पात एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा के साथ आज सेल की टासरा ओपन कास्ट परियोजना एवं चासनाला वाशरी का निरीक्षण किया। इस दौरान सेल के चैयरमेन श्री अमरेंदु प्रकाश भी साथ थे। टासरा परियोजना आगमन पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन एवं सेल के वरीय पदाधिकारियों ने मंत्रीद्वय का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

इस अवसर पर सेल के महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने मंत्रीद्वय को टासरा परियोजना की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि टासरा परियोजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। यह 4 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की परियोजना है, जिसमें वाशरी का निर्माण भी शामिल है। इस परियोजना से स्थानीय क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

केंद्रीय इस्पात मंत्री श्री कुमारस्वामी ने कोल माइन के ले-आउट आदि का निरीक्षण कर कहा कि यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है एवं इस परियोजना से कोकिंग कोल के आयात में कमी आयेगी, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी। उन्होंने सेल एवं मेसर्स के.टी.एम.पी.एल. के संयुक्त तत्वावधान में सीएसआर के अन्तर्गत संचालित महिला स्वरोजगार गतिविधियों का अवलोकन किया एवं सेल के सामाजिक क्षेत्रों के कार्यों की सराहना की।

### उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया पुष्पगुच्छ से स्वागत





### चासनाला वाशरी का अवलोकन

बाद में मंत्रीद्वय ने सेल चासनाला वाशरी का अवलोकन कर वाशरी के कार्यों की समीक्षा की। उसके बाद चासनाला शहीद स्मारक पहुंच कर खान दुर्घटना में शहीद हुए श्रमिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ये लोग भी थे उपस्थित

इस अवसर पर सेल के बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बी.के. तिवारी, कोलियरी प्रभाग के कार्यपालक निदेशक एस.के. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) संजय तिवारी, महाप्रबंधक टासरा एस.के. कुरील, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम, श्री प्रवीण कोटा, टी. रमेश एवं बड़ी संख्या में सेल के अधिकारी तथा प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत सात रिहा

**धनबाद।** धनबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मेघा प्रियंका लकड़ा की अदालत ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनवर शमीम एवं बृजेंद्र प्रसाद सिंह की दलील सुनने के बाद मामले के नामजद आरोपी युवा कांग्रेस के वर्तमान जिला अध्यक्ष कुमार गौरव ऊर्फ सोनू, पूर्व जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कुमार संभव सिंह, परितोष राय, चंदन कुमार सिंह, शशिभूषण तिवारी, मनोज कुमार सिंह, समलदेव नोनिया को रिहा करने का आदेश दिया है प्राथमिकी पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार की शिकायत पर निरसा थाने में 16 फरवरी 2018 को दर्ज की गई थी प्राथमिकी के मुताबिक मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पार्टी के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आए थे निरसा चौक के समीप खड़े लोगों मे से आठ दस लोग अचानक पुलिस बल को धक्का देकर सडक पर आ गये और पैकेट से काला झंडा निकालकर मुख्यमंत्री का विरोध करते हुए दिखाने लगे पुलिस द्वारा रोके जाने पर उनके साथ हाथापाई करने लगे।

### सिंदरी से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए तीन बस रवाना

**सिंदरी।** ऊं साईं बाबा टूर एंड ट्रैवल्स के सौजन्य से सिंदरी कल्पना टाकीज के सामने से भाजपा नेता दिनेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर तीन बसों को प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए मंगलवार को रवाना किया। यात्रा का आरंभ आतिशबाजी के साथ शहरपुरा बाजार का भ्रमण कर किया गया। टूर एंड ट्रैवल्स संचालक रंजीत निषाद ने बताया कि स्थानीय लोगों की आस्था को देखते हुए इस यात्रा का आयोजन किया गया है। सिंदरी से रवाना होने वाली तीनों बसों में सवार 180 महिला पुरुषों का जत्था बुधवार की सुबह प्रयागराज पहुंचेगा। वहां स्नान और दर्शन के बाद जत्था गुरुवार को सिंदरी लौट जाएगा। जत्था को सहयोग के लिए प्रमोद कुमार मेहता, लव मंडल, अयन धर, अश्विनी कुमार की टीम बस के अंदर और महाकुंभ में साथ रहेगी।

## फरार आरोपी के घर घुसी पुलिस नहीं मिलने पर की मारपीट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा पंजाबी धौड़ा के रहने वाले टाटा कर्मी रामावतार प्रशाद शर्मा के पुत्र आर्म्स एक्ट के आरोपी मनीष कुमार को गिरफ्तार करने गई पुलिस ने पिता की जम कर पिटाई की और उन्हें घायल कर दिया। घायल रामावतार को टाटा जामाडोबा अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर के अनुसार रामावतार की पसली की हड्डी टूट गई है। फरार मनीष की मां मिना देवी ने प्रेस वार्ता कर बताया है कि जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा 25 जनवरी की रात 2 बजे घर में घुस गए। पुलिस मनीष को खोज रही थी। वह नहीं मिला तो पिता रामावतार को जम कर लात, घूसे, लाठी डंडे से पिटाई कर दी। दर्जनों पुलिस ने घर में घुस कर महिला सदस्यों के साथ भी मार पीट की। घटना के समय एक भी महिला पुलिस कर्मी नहीं थी। प्रेस वार्ता में मनीष के भाई रवीश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने पिता को कार्य पर जाने के दौरान घर में घुस कर घसीटते हुए मार पीट की है। वार्ता में मनीष की भाभी नेहा देवी भी उपस्थित थी। शिकायत एसएसपी धनबाद से की गई है। कहा गया है कि बिना वारंट के पुलिस दीवाल फांद कर घर में घुस गई। जल्द ही पुलिस पर न्यायालय में मामला दर्ज किया जायेगा।

## सांसद ढुल्लू महतो मामले मे गवाह मुकरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** किरण महतो के हाईवा व टीपर लूट और डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की सुनवाई मंगलवार को अदालत में हुई। इस दौरान सांसद ढुल्लू महते हाजिर नहीं थे। डोमन महतो पर जानलेवा हमला के मामले में गवाह किरण महतो का बयान दर्ज किया गया किरण महतो ने अपने पूर्व के बयान से यू टर्न लेते हुए कहा कि किसके बीच लड़ाई झगड़ा हुआ था मैं नहीं बता सकता हालांकि इसके पूर्व पुलिस को दिए बयान में किरण महतो ने पूरे घटना का समर्थन किया था। अभियोजन ने गवाह किरण को पक्षद्रोही घोषित कर दिया। धनबाद के एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है।

### क्या है आरोप

डोमन महतो की शिकायत पर 29 अप्रैल 19 को प्राथमिकी ढुल्लू महतो, अजय गोराई, बूढ़ा राय, कृष्णा रविदास उर्फ विनय रविदास एवं बिट्टू सिंह के विरुद्ध गाली गलौज व जानलेवा हमला का आरोप लगाते हुए दर्ज की गई थी। वहीं किरण महतो के शिकायत पर 15 फरवरी 2020 को केदार यादव, रियाज अंसारी, सोनू शर्मा, राजू शर्मा, बॉबी खान एवं अमजद खान के विरुद्ध लूट, मारपीट व आर्म्स एक्ट के धाराओं में केस दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 15 फरवरी 20 को उसका 4 हाईवा व टीपर केशरगढ साइडिंग में चल रहा था इसी बीच किरण को सूचना मिली कि ढुल्लू समर्थक उपरोक्त सभी लोग उनके हाईवा मशीन लूट कर ले जा रहे हैं। किरण ने आरोप लगाया है कि सुभाष महतो के साथ मारपीट कर उसके पॉकेट से 2500 ले लिया गया, सोनू शर्मा व बॉबी ने धमकी दी कि तुम्हारे मालिक किरण को घुसकर घर में मारे हैं नेतागिरी करेगा तो गाड़ी में आग लगा देंगे। किरण के शिकायत पर कतरास थाने में 15 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## एक नजर में

### पुटकी बाजार चेम्बर ऑफ कॉमर्स का चुनाव 22 फरवरी को

पुटकी। पुटकी बाजार चेम्बर ऑफ कॉमर्स के 22 फरबरी को चुनाव को लेकर नामांकन पत्र भरने की सूचना दुकानदारों को दे दी गई है। 443 मतदाता अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। चुनाव पदाधिकारी केदार प्रसाद वर्णवाल, निरंजन शर्मा, विकास शर्मा, नागेश्वर प्रसाद शर्मा और मो हाफिज की देख रेख में होगा। अध्यक्ष हीरा शर्मा ने बताया कि 22 फरबरी को आम सभा के साथ चुनाव होना है। 1 से 2 फरवरी तक नामांकन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकेगा। 3 से 4 फरवरी तक नामांकन प्रपत्र जमा होगा, जबकि 5 फरवरी को नामांकन प्रपत्र की जांच की जाएगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अतिम तिथि 6 फरवरी है। चुनाव पदाधिकारी केदार वर्णवाल ने बताया कि नामांकन पत्र के साथ एक सेट मतदाता सूची मिलेगी। 7 फरवरी को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया जाएगा।

### श्रद्धा और भक्ति के साथ वार्षिक काली पूजा संपन्न



राजगंज। राजगंज हटिया स्थित आनंदमयी धाम में वार्षिक काली पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। बीती रात मां काली की पारंपरिक पूजा आचार्य पं राजेश चक्रवर्ती द्वारा की गई। मध्य रात्रि के बाद बलि दी गई। मंगलवार को महाभंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को भक्ति सुर संगम कार्यक्रम के तहत सत्संग कथा तथा भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश चक्रवर्ती, मुखिया वंदना बारूई, पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी, पूर्व मुखिया रविंद्र चंद्र दे, तपन गोराई, अनिल चंद्र दे ,उत्तम स्वर्णकार ,सोमू राय, सुबोध गोराई, पप्पू भगत, निखिल दत्त, जगत दास, रंजीत गोराई, टिंकू सोनार, सुजीत दास, बबलू साव, राहुल दे, मधु सोनार, सूरज दे, मिलन पाल आदि का सक्रिय योगदान रहा।

### 1020 पदों के लिए धनबाद में 29 को रोजगार मेला

धनबाद । श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए रोजगार का एक नया अवसर प्रदान करने के उदेश्य से धनबाद जिला में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2025 का आयोजन 1020 पदों के लिए किया जा रहा है। वैसे इच्छुक सभी अभियार्थी जो इस मेला में शामिल होना चाहते है वे इस रोजगार मेला में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते है। मेला-29 जनवरी को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ धनबाद लगेगा। अभ्यर्थी को बायोडाटा की दो प्रति में लेकर आनी है। रोजगार मेला में 9 हजार से लेकर 35 हजार तक की नौकरी मिलेगी।

### डालसा ने आयोजित की प्रतियोगिता, विजयी छात्र-छात्राओं को मिला प्रशस्ति पत्र



मैथन। डालसा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी व सचिव डालसा राकेश रोशन के आदेश पर जिले के सभी लिगल लिटरेसी क्लब में 90 दिवसीय जागरु कता एवं आउटरीच अभियान के तहत निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को एसएसकेबीसी हाई स्कूल निरसा मों निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुजा माजी, द्वितीय' काकोन मंडल, तृतीया नंदनी कुमारी तथा चित्रकला प्रतियोगिता मे प्रथम आचल कुमारी, द्वितीय हीना खातून, तृतीय शिल्पा खातून जैसी विजय छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव, एलएडीसीएस चीफ डॉक्टर कुमार विमलेंदु, सहायक काउंसिल कन्हैया लाल ठाकुर, अधिकार मित्र पंकज कुमार वर्मा, निमाई प्रमाणिक एवं अशोक कुमार पाठक द्वारा मोमेंटो, प्रमाणपत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बच्चों को मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों, बाल विवाह, बाल श्रम आदि पर विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

## 300 लोगों ने ली राजद की सदस्यता पार्टी को किया मजबूत : तारकेश्वर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी स्थित राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में मंगलवार को जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत लगभग 300 लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। राजद प्रदेश महासचिव सह जिला सदस्यता प्रभारी ज्ञानेश्वर यादव और संतोष यादव ने अभियान को सफल बताया। उन्होंने कहा कि राजद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मजबूत और सशक्त बन रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हर प्रखंड में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। पार्टी में सभी वर्ग व समुदाय के लोगों को शामिल कर मजबूती प्रदान की जाएगी। एक दिन में 300 लोगों के राजद से जुड़ने पर पार्टी को बल मिला है। जिला के सभी पदाधिकारी इस अभियान में निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी, प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम प्रसाद यादव, बिक्रम रजक, सुरेश राउत, घमंडी यादव, आर एन सिंह, बैद्यनाथ यादव, बिक्रम यादव, मो नूर आलम, खूबलाल चौधरी, मनन यादव, विनय सिंह, प्रभात कुमार, विनोद यादव, सुनिल यादव, अनिल यादव, शिवजी यादव, संतोष, प्रकाश सहित कई राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झरिया: छात्र-छात्राएं संविधान को सम्मान देते हुए जीवन में उतारने का संकल्प लें: अनुपमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झरिया/जोडापोखर।** जवाहरलाल सीनियर सेकंडरी विद्यालय एवं राजीव गांधी मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेत्री अनूपमा सिंह को विद्यालय के स्काउट एंड छात्र छात्राओं ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अनुपमा सिंह ने झंडा फहराया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि को निदेशक डॉक्टर आर एन चौबे ने पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र तथा मोमेंटो भेंट किया। कांग्रेस नेत्री ने स्कूल एवं महाविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राऔ को मेडल देकर सम्मानित किया व बधाई दी। उन्होंने भारतीय संविधान की खूबियों पर प्रकाश डाला और इसे सुरक्षित रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कहा कि राजीव गांधी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा के लिए संपूर्ण झारखंड में विख्यात है। यहां के छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जा चुका है। आने वाले समय में शिक्षा का प्रकाश से केवल झरिया धनबाद ही नहीं, अपितु झारखंड तथा संपूर्ण भारतवर्ष आलोकित हो। स्कूल और कॉलेज के निदेशक डॉक्टर आर एन चौबे ने मुख्य अतिथि द्वारा मजदूर हित एवं आम जनों के लिए किये जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों के बारे में बताया। विद्यालय की प्राचार्य रुना दुबे ने मुख्य अतिथि को मजदूर नेता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की आकर्षक तस्वीर भेंट की। विनोद बिहारी महतो मेमोरियल कोयलांचल विश्वविद्यालयीय के प्रोक्टर डा अजीत कुमार ने महाविद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल प्रदान किया। मुकुंद रविदास ने क्षेत्रीय भाषाओं के विकास पर बल देते हुए कहा कि हमें अपने राष्ट्र को के सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मुकेश तिवारी, सुनील जी, पंकज चौबे, प्रशांत श्रीवास्तव, इमरान हुसैन, शुभ्रा पांडे, शाहीन प्रवीण, अनिल पांडे, मुख्तार खान, भोला सिंह, अब्दुल अजीज, फैयाज अहमद, मुनि भूषण तिवारी आदि मौजूद थे। किशोर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# छापामारी कर जंगली सुअर का शव जप्त

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के चेपली गांव में अहले सुबह वन विभाग को गुप्त सूचना मिलने पर एक बड़ी कार्रवाई की गई। सूचना के आधार पर टीम ने छापामारी करते हुए जंगली सुअर का शिकार किए जाने की पुष्टि की। जंगली सुअर का शव पुआल में छिपाकर रखा गया था, जिसे वन विभाग ने मौके पर जप्त कर लिया। वन कर्मी कुंदन कुमार ने बताया कि चेपली मे जंगली सुअर मारने की खबर मिली थी। चेपली पहुंचने पर पुवाल के अंदर जंगली सुअर को मार कर छुपाया गया था। जंगली सुअर को जप्त कर वन विभाग लाया गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद सुअर को दफना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। वन विभाग की टीम अब यह पता लगाने में जुटी है कि इसमें कौन-कौन लोग शामिल थे और इस घटना के पीछे का मकसद क्या था। छापामारी अभियान में वन कर्मी कुंदन कुमार, संजीत कुमार, निशांत कुमार पप्पू, अनिल चन्द्रवंशी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# विधायक ने किया बटोही सिंह क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


उद्घाटन करते विधायक नरेश सिंह

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के मोरबे गांव में भीम बराज पोटहो खेल मैदान ( गुलाब गार्डन) में बटोही सिंह क्रिकेट टूनार्मेंट (सीजन 1) का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने फीता काटकर एवं बैटिंग कर किया। मौके पर विधायक श्री सिंह ने खिलाड़ियों एवं उपस्थित ग्रामीणों से किसी भी तरह के खेल के लिए हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिया।

उद्घाटन मैच पलामू जिला के जोगा करकटा की टीम एवं गढ़वा की टीम के बीच खेला गया। गढ़वा की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी करकट्टा की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 156 रन बनाए। जबकि जवाबी पारी खेलते हुए गढ़वा की टीम 10 ओवर में आठ विकेट खोकर मात्र 125 रन ही बना पाई। खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले करकटा टीम के हेमंत कुमार को रामयश सिंह, अनिल तिवारी एवं मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। कॉमेंटेटर की भूमिका अमन सिंह एवं बबलू भारती तथा अंपायर की भूमिका अंकित कुमार एवं भी कुमार ने निभाई। खेल का आयोजन अनूप सिंह, व्यवस्थापक विकास सिंह एवं मिट्ठू सिंह के द्वारा किया गया। इस मैच का लाइव प्रसारण सरस्वती मल्टीमीडिया के द्वारा किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि मोरबे पंचायत की मुखिया निर्मला सिंह, अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार, पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, मुखिया प्रतिनिधि ललन सिंह, सुदेश सिंह, प्रमोद सिंह, सुदामा सिंह, राम यश सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुंदर सिंह, पंचम सिंह, राजेंद्र सिंह, अनिल तिवारी, इमरान खान, वीरेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# युवा क्रांतिकारी मंच के सदस्यों ने व्याप्त भ्रष्टाचार, शोषण को खत्म करने का लिया संकल्प

**धुरकी।** युवा क्रांतिकारी मंच के सदस्यों ने सगमा प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचारी शोषण व कुरीतियों को खत्म करने के लिए संकल्प लिया। साथ ही सभी ने बताया कि प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। चाहे वह प्रखंड में हो या पंचायत में, राशन, आवास, शेड सभी मामलों में भ्रष्टाचार है। मंच के सदस्यों ने बताया कि आज प्रखंड में राशन कार्ड में नाम किसी और का और फायदा कोई और ले रहा है किसी का राशन कार्ड में सभी व्यक्तियों को मृत कर दिया गया है। वहीं इस नंबर का दूसरे राशन कार्ड में दूसरे लाभ को राशन मिल रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि आज समाज में पर्याप्त कुरीतियां भी सामने आ रही है। नशा, दहेज प्रथा, बाल विवाह सभी को जड़ से खत्म करने के लिए युवा मंच ने संकल्प लिया है। मौके पर ग्रामीण राजकुमार पासवान, उपेंद्र यादव, विजय पासवान, राजाराम परहिया, प्रीतम उरांव, मुन्नू उरांव, राकेश कुमार, सत्यम कुमार, सुरेश उरांव, विजय उरांव, आकाश विश्वकर्मा, अर्जुन कु. भारती, सिकेंद्र उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

# पुलिस प्रशासन ने कप पर जमाया कब्जा


ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि

**धुरकी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर धुरकी थाना के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के सौजन्य से पुलिस प्रशासन बनाम पत्रकार बनाम ग्रामीण एकादश क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन की टीम विजयी हुई। इस दौरान पुलिस प्रशासन और प्रखंड कार्यालय के कर्मी के बीच भी मैच खेला गया। जिसमें पुलिस प्रशासन की टीम विजयी हुई। इसके बाद फाइनल मुकाबला पुलिस प्रशासन और ग्रामीण एकादश के बीच मैच खेला गया जिसमें पुलिस प्रशासन कप पर कब्जा जमाया। मैन ऑफ द मैच पुलिस प्रशासन की टीम के राजू को दिया गया। उपविजेता टीम ग्रामीण एकादश को कप और 2500 रुपए नगद देकर पुरस्कृत किया गया। क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन अंबाखोरेया हाई स्कूल के मैदान में किया गया था जिसके मुख्य अतिथि धुरकी सह सगमा बीडीओ जुल्फिकार अंसारी थे। उन्होंने मैच का शुभारंभ करते हुए सभी खिलाड़ियों से परिचय किया। इसके बाद वह स्वयं भी टीम में शामिल होकर मैच खेला। उन्होंने कहा कि किसी भी खेल को खेल की भावना से खेलने चाहिए। खेल में हार जीत लगी रहती है। उन्होंने यह भी बताया कि खेल से ग्रामीण और प्रशासन के बीच आपसी समन्वय बना रहता है। किसी भी खेल को छोटा या बड़ा नहीं समझना चाहिए। उप प्रमुख धर्मेंद्र याद, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, शिक्षक चंद्रशेखर राम, बसंत सिंह गौड़ थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, शिक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा, बीडीसी कृष्ण सिंह, भैया राम विश्वकर्मा, महमूद आलम, खुसतर अंसारी, रवि कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

रोजगार मेला, दिनांक – 30.01.2025

**सूचना**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, हजारीबाग द्वारा दिनांक 30.01.2025 को आई० टी० आई० परिसर, सिन्दुर, हजारीबाग में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक निम्न कंपनियों के अधीन रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न है :–

| S.N | Name of the Establishment | Name of Vacancies | No of Vacanies | Qualification | Experience | Age | Pay/Salary | Job Location | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Fives Digital Delivering impact sustainably Jamshedpur Jharkhand | Customer Care Executive | | Intermediate | Fresher | | 9000 - 15000 | Jamshedpur Jharkand | Good command over Hindi and English |
| 2 | Dr. Rajendra Prasad Pvt. I.T.I. Hurhuru Road, Hazaribagh | Instructor Electrician | 02 | Diploma in Electrical Engineering 1. EE 2. EEE 3. ECE | Not Required (will be better if experienced) | 18 Years + | 8000 to 10000 (Negotiable) per month | | |
| | | Instructor Electrician | 02 | B.Tech in Electrical Engineering 1. EE 2. EEE 3. ECE | Not Required (will be better if experienced) | 21 Years + | 9000 to 12000 (Negotiable) per month | | |
| | | Instructor Fitter | 01 | Diploma in Mechnical Engineering | Not Required (will be better if experienced) | 18 Years + | 8000 to 10000 (Negotiable) per month | | |
| 3 | Aadhyaa HR Solution Pvt Ltd Bangalore | Junior Technician | 70 | I.T.I. & Diploma | Fresher | 18-34 | 16000-17000 | Bangalore | |
| | | Junior Technician | 100 | I.T.I. & Diploma | Fresher | 18-34 | 20500 | Bangalore | |
| | | Senior Technician | 28 | I.T.I. & Diploma (Fitter & Mechanicals only) | 06 month to 1 years | 18-34 | 17000-20000 | Bangalore | |
| | | Helpers | 40 | Not Need any Qualification | Fresher | 18-40 | 18000 | Bangalore | |
| | | Helpers | 20 | Not Need any Qualification | Fresher | 18-38 | 16000 | Bangalore | |
| 4 | CAIT Edusya Pvt Ltd Pune | Production Quality | 60 | 10th, 12th, I.T.I | Fresher | 18-30 | 18000 | | |
| | | NATS/NAPS | 35 | Diploma, B. Tech | Fresher | 18-30 | 14500-20000 | | |
| | | Helpers | 30 | 10th | Fresher | 18-35 | 16000 | | |
| 5 | Sun Bright Manpower Kolar, Karnataka | Assembly Operator (Honda Motorcycle) | 500 | I.T.I All Trade and 10th, | Fresher | 18-29 | 17400 CTC | | Male |
| | | Mobile Operator (Tata Electronic) | 300 | 10th, 12th and Diploma | Fresher | 18-26 | 19600 CTC | | Female |
| 6 | Gramine Vikash Avam Prasikchhan Foundation Gujarat | Machine Operator | 50 | 10th 12th | Fresher | 18-35 | 14700 | Gujarat | |
| | | Quality Inspector | 100 | I.T.I. Diploma | Fresher | 18-35 | 15700 | Gujarat | |
| 7 | AB India Services Saraikela Kharsawa | Data Entry operator | 25 | Inter, DCA | No | 18-45 | 8000 | Home Based | Computer Must |
| | | Computer Operator | 25 | Graduation, DCA | No | 18-45 | 10000 | Home Based | Computer Must |
| | | Tell caller | 10 | Inter | No | 18-45 | 6000 | Home Based | Mobile Recharge Expenses |
| | | Trainee Operator | 25 | ITI | Fresher | 18-23 | 11000 | Jamshedpur/West Bengal | Bus + Canteen Facility |
| | | Trainee | 25 | Inter | Fresher | 18-23 | 11000 | Noida | Bus + Canteen Facility |
| | | Mobilizer | 10 | Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Hazaribagh | |
| | | Field Executive | 10 | Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Hazaribagh | |
| | | Project Trainer | 2 | MBA / B Tech (English Fluent) | Fresher | 20-40 | 12000 | Hazaribagh | |
| | | Helper | 30 | Non Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Orissa | Lodging + Fooding Free |
| | | Side Supervisor | 5 | Graduation | 6 Month | 23-45 | 12000 | Jharkhand/ orissa | |
| | | Tele Sales Executive | 10 | Inter | 6 Month | 20-35 | 10000 | Home Based | |
| | | Transcribers | 10 | Inter | 6 Month | 20-36 | 12000 | Home Based | |
| | | Running / Scott Staff | 25 | Matric | Fresher | 18-45 | 12000 | orissa | Lodging Free |
| | | Technician / Engineer | 20 | ITI/Diploma | Fresher | 18-35 | 15000 | Maharashtra/Gujrat | Lodging + Transport Facility |
| | | Sales Executive | 10 | Graduation | 6 Month | 18-45 | 12000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Panchayat Coordinator | 25 | Graduation | | 20-45 | 15000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Surveyor | 15 | Inter | Fresher | 20-45 | 12000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Fitter | 5 | ITI (Fitter) | 1 Year | 20-45 | 12000-15000 | Saraikela | |
| | | Welder | 5 | ITI (Welder) | 1 Year | 20-45 | 12000-15000 | Saraikela | |
| | | Business Development officer | 5 | Graduation | 1 Year | 22-45 | 15000-20000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Block Field Supervisor | 10 | Graduation | Field Exp. | 19-45 | 15000-20000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| 8 | Balajee CWC Associates Pvt Ltd Delhi NCR | Graduate Trainee | 250 | B.S.C, B.B.A. B. Com, B. Tech | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 17916 | Delhi NCR | |
| | | Diploma Trainee | 200 | Diploma | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 17916 | Delhi NCR | |
| | | Fitter | 250 | I.T.I All Trade | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 16000 | Delhi NCR | |
| | | Machine Operator | 200 | I.T.I All Trade | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 17200 | Delhi NCR | |
| | | Trainee Operator | 200 | 10th pass | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 17200 | Delhi NCR | |
| | | Trainee Operator | 280 | 10th pass | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 14000 | Delhi NCR | |
| | | Security Guard | 100 | 12th and Graduate | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 17000 | Delhi NCR | |
| 9 | R.J. Manpower Sync. Solution Pvt Ltd Jharkhand | Technical Helper | 20 | 10th | No | 18-40 | 10000 | Patna, Hazaribagh | |
| | | Civil Helper | 50 | 5th | No | 18-40 | 16000 | Odisa | |
| | | Security Guard | 20 | 10th , 12th | 1 Year | 23-40 | 21000 | Raipur | |
| | | Masson | 20 | Any | 1 Year | 18-40 | 20000 | Odisa | |
| | | Bar Bender | 20 | Any | 1 Year | 18-40 | 20000 | Odisa | |
| | | Car painter | 10 | Any | 1 Year | 18-40 | 20000 | Odisa | |
| | | Accountant | 5 | 12th, B.com, M.Com | 1 Year | 18-40 | 18000 | Ranchi | |
| | | Driver | 2 | 8th | 2Year | 18-40 | 15000 | Ranchi | |
| | | House Keeping | 25 | 8th | No | 18-40 | 14000 | Jharkhand | |
| | | Security Guard | 15 | 10th | No | 18-40 | 13000 | Asansol | |
| | | AC Coach Attendant | 50 | 10th | No | 18-40 | 15000 | Jamshedpur, Raurkela, Dhanbad | |
| | | OD Collection | 25 | 10th | No | 18-35 | 17000 | Jharkhand | |
| 10 | Maharaja Shree Umaid Mills Ltd Rajasthan | Manufacturing cotton yarn | 50 | 5th to 10th | No | 18-35 | | Pali Rajasthan | Male |
| 11 | Oral Electronics India Pvt Ltd | Sales Marketing | 30 | 10th, 12th | No | 18-40 | 11550 | Hazaribagh | |
| | | Supervisor | 05 | BA | 1 Year | 18-40 | 12500 | Hazaribagh | |
| | | HR Manager | 02 | P.G. | 1 Year | 18-40 | 12500 | Jamshedpur | |
| | | Computer Opp. | 10 | 12th , DCA, ADCA | 2Year | 18-40 | 14000 | Jamshedpur | |
| | | Tele Coller | 05 | 12th | No | 18-40 | 11000 | Hazaribagh | |
| | | I.T.I Electronics | 25 | 10th ITI | 2 Year | 18-40 | 7500 | Hazaribagh, Jamshedpur | |
| | | Account | 01 | P.G., Telly | 1 Year | 18-40 | 15000 | Jamshedpur | |
| 12 | Money Tree Credit Patna Bihar | Loan officer | 100 | 12th to Post Graduate | Fresher | 18-35 | 10000 - 15000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Group Relationship officer | | 12th to Post Graduate | Fresher | 20-28 | 13750 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Group Manager | | 12th to Post Graduate | Fresher | 20-28 | 13750 | All Bihar & Jharkhand | |
| 12 | Money Tree Credit Patna Bihar | Trainee Credit officer | | 12th to Post Graduate | Fresher | 18-35 | 11717 | All Bihar & Jharkhand | Male |
| | | Sales Executive | | 12th to Post Graduate | Fresher | 18-30 | 15000 | All Bihar | |
| | | Relationship Manager | | Graduate | Fresher | 18-25 | 25000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Relationship officer | | 12th to Post Graduate | Fresher | 18-35 | 15500 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Field Sales Executive | | 12th to Post Graduate | Fresher | 18-35 | 15500 | All Bihar & Jharkhand | Male |
| | | Team Leader | | Graduate | Fresher | 18-35 | 20000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Assistant Manager | | Graduate | 0 to 3 Years | 20-28 | 25000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Branch Manager | | Graduate | 1 to 3 Years | 20-30 | 30000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Sales officer | | 12th to Post Graduate | Fresher | 18-30 | 15000 | All Bihar & Jharkhand | Male |
| | | Sales Executive | | 12th to Post Graduate | Fresher | 18-30 | 15000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Relationship Manager | | Graduate | Fresher | 18-25 | 25000 | All Bihar & Jharkhand | |
| 13 | Radiant Future Management & Marketing Dhanbad | Recruiter Work from Home | 100 | 10th | Fresher / Experience | 18-35 | Daily Income up to 1000 | Work from home | ID Charge 199 Applicable |
| | | HR Executive | 24 | Graduate with good communication skill | Fresher / Experience | 18-35 | Daily Income up to 1200 | Work from home | ID Charge 999 Applicable |
| | | Clicking Job (Digital Marketing Work from Home) | 100 | 10th | Fresher / Experience | 18-35 | Weekly Income up to 3000 | Work from home | ID Charge 499 Applicable |
| | | Panchayat co ordinator (Skill India Department) | 20 | 10th, 12th | Fresher / Experience | 18-35 | Weekly Income up to 400 to 3000 | All over Jharkhand (Home location posting) | ID Charge 499 Applicable |
| | | Survey Executive (Un Employment Survey ) | 40 | 10th, 12th | Fresher / Experience | 18-35 | Rs 10000 | All over Jharkhand (Block wise seats) | ID Charge 499 Applicable |
| | | Free Certificate Course in Hotel Mangament | 200 | 10th, 12th | Fresher | 18-23 | 10000 to 13000 Loding free + Fooding Free | State wise posting in pan india | Course Free Enrolment Fee Rs 1999 only |
| | | Inventory Clerk (Back officer Job | 100 | 10th, 12th | Fresher / Experience | 18-35 | 15 k to 18 k | Hyderabad, Pune, Bangalore, Gujrat, Kolkata | 3 Month Training in Dhanbad |
| | | Where House Packaging Boy | 100 | 10th | Fresher / Experience | 18-35 | 13 k to 15 k | Bangalore, Ahmedabad, Gujrat, Rajasthan, Delhi | 3 Month Training in Dhanbad |
| | | Manufacturing Plant Steel Iron Plant Sponge Iron Plant and Electrical Plant Etc | 100 | 10th, 12th, Graduate, I.T.I Diploma | Fresher / Experience | 18-35 | 14k to 21 k | Bangalore, Ahmedabad, Gujrat, Rajasthan, Delhi | Duty 12 Hours |
| | | Cloth Manufacturing Unit (SMO Department) | 200 | 10th | Fresher / Experience | 18-35 | 14k to 18 k | Bangalore, Ahmedabad, Gujrat, Rajasthan, Delhi | Duty 12 Hours |
| | | General Duty Assistant (GDA) Assistant Nurse | 120 | 10th | Fresher / Experience | 18-35 | 14k to 18 k | Hyderabad, Pune, Bangalore, Gujrat, Kolkata | 3 Month Training in Dhanbad |
| 14 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd. Hazaribagh | Customer Relationship Executive | 40 | 10th, 12th | Fresher | 30 | 12770 | | Food + Accommodation Free |
| 15 | Spandana Sphoorty Financial Ltd Hazaribagh | Loan Officer | 20 | 12th , ITI, Diploma | Fresher | 18-36 | 14380 | | Bike / DL |
| 16 | Express Job Consultancy (Jay Bharat) Dumka | Helper Packer | 50 | I.T.I. Pass | Fresher | 18-36 | 14000 CTC | Kolkata Hawarah GILEN Industries (Kolkata/DELHI/ Bangalore | Permanent |
| | | Telecaller / Reception / Sale & Marketing / Comp Operator | 40 | 10th 12th Graduation 10th Pass | Fresher | 18-36 18-36 | 8000 – 25000 UPTO 8000 - 10000 | All Jharkhand | Permanent |
| | | Security Guard | 10 | 12th Pass | Fresher | 18-40 | 24000 CTC | West Bangal Jharkhand Bihar | Permanent |
| | | Filed officer / Collection Officer EDUCATION BPM | 20 | 12th Pass | Fresher | 18-40 | 23500 CTC | All Jharkhand | Permanent |
| | | Arvind Ltd SMVT Bangalore | 50 | 8th Pass | Fresher | 18-40 | | Banglore | Permanent |
| | | Gilen Industries (LIIMR Enterprise) Packer Pecker | 20 | 12th Pass, I.T.I Pass | Fresher | 18-35 | 12500 CTC | Kokkata | M/F |
| | | (Arvind Ltd) Helper / Manager | 50 | 8th 10th 12th Pass | Fresher | 18-45 | 23500 CTC | Bangalore | M |
| | | (Tiger Egeal) Security Guard | 20 | 8th 10th 12th Pass | Fresher | 19-45 | 10K to 17K | Jharkhand Bihar West Bangal | M |
| | | (Education BPM) Field Work | 20 | 12th Pass, I.T.I Pass | Fresher | 19-45 | 15K Upto | Jharkhand Bihar | M |
| | | (Utkersh/Esaf Bank) Collection officer | 20 | 12th Pass, | Fresher | 19-45 | 23K CTC | Jharkhand Bihar West Bangal | M |
| | | Rail Way Const) Electrician | 10 | I.T.I Pass | Yes | 19-40 | 12 K CTC | Jharkhand West Bangal | M |
| 17 | IPS Groups Ratlam (M.P.) | Machine Operator and Helper | 100 | 8th to 12th pass and ITI any Trade | Fresher | 18-38 | 13000 - 18000 | Ratlam | Ratlam |
| 18 | Raxa Security Services Pvt Ltd Andhra Pradesh | Security Guard | 200 | 10th pass | Fresher | 18-35 | As per State Minimum wages | | |
| 19 | People Mantra Human resource solutions Ahmadabad | Tenneco Automotive India Pvt. Ltd | 50 | I.T.I. All Trade | | 18-35 | 14250 (Stipend) | Sanand, Ahmadabad, Gujarat | |
| | | Sun Vacuum Formers India Pvt. Ltd | 50 | Diploma (Mechanical & Electrical) | | 18-35 | 16500 (Stipend) | Kadi, Mahesana, Gujarat | |
| | | Auto comp Corporation Panse. Pvt. Ltd | 50 | 10th 12th pass | | 18-35 | 19500 (Stipend) | Sanand, Ahmadabad, Gujarat | |
| 20 | Svatantra Micrdeim Pvt. Ltd. Chatra | Field Officer | 100 | 10th pass | Fresher | 18-28 | 12000-15000 | | Bike, DL, KYC, PAN is mandatory |
| | | R.D. Collection | 10 | 10th pass | Fresher | 18-28 | 12000-15000 | | Bike, DL, KYC, PAN is mandatory |
| | | Branch Manager | 05 | Inter | 2 Years | 18-30 | 20000 | | Bike, DL, KYC, PAN is mandatory |
| 21 | LIC Of India Hazaribagh | Financial Advisor | 50 | 10th pass | Sales (Desirable) | 18+ | 7000+ Hand some commission | | Hand some commission |
| 22 | Sonata Finance Pvt Ltd, Hazaribagh | Loan officer | 40 | Intermediate , 12th | Fresher | 18-28 | 14000-18000 | | Female Preferred |
| | | Auditor | 03 | B.Com. | Fresher | 18-22 | 20k – 22 k | | Males only |
| 23 | Reliance Nippon Life Insurance, Hazaribagh | ARDM | 16 | Graduate | Fresher | 25-40 | 15000 - 20000 | Hazaribagh | |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए इस रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियों अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र तथा बायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं रहेगा। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

PR 345293 Labour Employment and Traning (24-25)_D

गणतंत्र दिवस के मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, गढ़वा जिलेवासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**मिथिलेश कुमार ठाकुर**

पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार



गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं



**ओमप्रकाश लायेक**

पूर्व जिला पार्षद सदस्य सह झामुमो नेता चांडिल



**पिंकी लायेक**

जिला पार्षद सदस्य चांडिल सह झामुमो महिला मोर्चा जिला सचिव सरायकेला खरसावां




गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

रजिस्ट्रार, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

एमवीआई, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**कंचन कुमारी**

वार्डन
कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बरडीहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

जिला परिषद
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

डीएमओ
हजारीबाग


गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

सेटलमेंट ऑफिस

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

डीटीओ, हजारीबाग

रंका प्रखंड सहित क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



**हशीम अंसारी**

हशीम अंसारी, मुखिया सह समाजसेवी, मानपुर पंचायत, रंका



**पंकज कुमार तिवारी**

कल्याण पदाधिकारी
प्रखण्ड कार्यालय, रंका



**दीपक कुमार गुप्ता**

उपमुखिया सह समाजसेवी
कटरा पंचायत, रंका

**डॉ असजद अंसारी**

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
उप स्वास्थ्य केन्द्र, रंका

**परमानंद गुप्ता**

सीआई, अंचल कार्यालय

**शहनाज परवीन**

मुखिया, खपरो पंचायत

**अभय कुमार**

लेखा पाल (बीआरसी)
शिक्षा विभाग, रंका

गणतंत्र दिवस के मौके पर झारखंड के तमाम ग्रामवसियो हार्दिक, हार्दिक शुभकामनाएं



**पंकज कुमार**

थाना प्रभारी कटकमदाग

गणतंत्र दिवस के मौके पर झारखंड के तमाम ग्रामवसियो हार्दिक, हार्दिक शुभकामनाएं



**कुणाल किशोर**

अंचल अधिकारी,कटकमदाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

ॐ सनराइज हॉस्पिटल
बरकट्ठा, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं


आधार हॉस्पिटल बरकट्ठा
निवेदक: डॉ चन्दन कुमार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं



जानकी यादव
पूर्व विधायक,बरकट्ठा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं



कार्तिक पासवान, सचिव
उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुढ़ियाडीह, बरकट्ठा, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं



कुणाल किशोर
मुफस्सिल थाना प्रभारी, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

सीओ
सदर, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

जन जागरण केंद्र
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

सपोर्ट

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं



राजेश कुमार भोक्ता
थाना प्रभारी, बरकटठा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

चिकित्सा प्रभारी
बरकट्ठा, हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं



कमलेश कुमार
मुखिया, कपका पंचायत

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं



मोहम्मद कुदुस अंसारी
जेएमएम, मंडली अध्यक्ष, बरकट्ठा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं



हीरालाल राणा, सचिव
उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तुइयो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं



केदार साव
पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं

अशोक ठाकुर
प्रखंड कृषि पदाधिकारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं



श्रवण झा
सीओ सह बीडीओ बरकट्ठा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कतरास बाघमारा क्षेत्र के तमाम नागरिकों को हार्दिक बधाई व शुभ कामनाएं।



**मो. शाहबुद्दीन**

समाजसेवी, कतरास ( छाताबाद )

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं







जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय



**संदेश**

26 जनवरी 2025 को देश अपना 76वाँ गणतंत्र दिवस मना रहा है। भारत की विकास यात्रा में झारखण्ड राज्य एवं जमशेदपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज हमारा देश चतुर्दिक विकास करता हुआ विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनकर अपनी सशक्त पहचान बना चुका है।

जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय झारखण्ड की मदद से प्रदेश एवं देश की महिलाओं को गुणवत्ता शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुख शिक्षा भी प्रदान कर रहा है। विश्वविद्यालय में छात्राओं के स्वालंबन हेतु अनेक व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एवं कौशल विकास से संबंधित कई प्रशिक्षण कोर्स चल रहे हैं। जनजातीय भाषाओं के संवर्धन एवं विकास के लिए "हो" एवं "संथाली" भाषाओं की पढ़ाई प्रारंभ करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। विश्वविद्यालय की कई छात्राओं ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक साहित्यिक प्रतियोगिताओं में न केवल अंतर्विश्वविद्यालय अपितु राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक पदक एवं प्रशस्ति प्राप्त की है। जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की प्रथम कुलपति के रूप में मैं विश्वविद्यालय परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूं।

प्रो० (डॉ०) अंजिला गुप्ता
कुलपति

झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रबंधन

**बी.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी**

ESTD : 2007



जमशेदपुर।
कैंपस : घुटिया, पोस्ट ऑफिस बड़ाखुर्शी
जमशेदपुर, झारखंड-832304
सिटी ऑफिस : राजेंद्र विद्यालय परिसर, नार्दन टाउन, साकची,जमशेदपुर।

## स्पीड न्यूज

### केकेसी उच्च विद्यालय के शिक्षक रूपेश को डीसी ने किया सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ जिला प्रशासन ने केकेसी उच्च विद्यालय सयाल के शिक्षक सह हुरूमगढ़ा भुरकुंडा निवासी रूपेश कुमार विश्वकर्मा को व्यक्तिगत उपलब्धियों और समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस समारोह में रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा केकेसी उच्च विद्यालय सयाल के शिक्षक रूपेश कुमार विश्वकर्मा को तितलियों के संरक्षण व जागरूकता फैलाने के कार्य के लिये मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होने बताया कि तितलियों के संरक्षण एवं इससे संबंधित विभिन्न विद्यालयो और पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाने के कार्य के लिये सम्मानित किया गया है।तितलियां संतुलन जैव रसायनिक पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटक होते हैं। तितलियों का संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिये। इधर शिक्षक रूपेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि यह सम्मान मुझे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मुंझे जीवन भर याद रहेगा।

### विद्यालयों में मना गणतंत्र दिवस



भुरकुंडा (रामगढ़)। एला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष शिवचरण महतो ने झंडोत्तोलन कर की। तत्पश्चात राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने परेड किया। विद्यालय के छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। मौके पर मुख्य अतिथि शिवचरण महतो ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की। विद्यालयो के सचिव डॉ गजाधर महतो प्रभाकर और प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की जीत का प्रतीक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करें और इसकी एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपना योगदान दें।

### विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



रजरप्पा। दुलमी प्रखंड अंतर्गत ईचातु पंचायत स्थित नीम टोला में (बाबूलाल महतो के घर से भीम महतो के बारी तक) पीसीसी सड़क का शिलान्यास एवं चितरपुर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत चितरपुर पूर्वी स्थित खैरा गरहा कालीकरण पथ से चित्रकुट पर्वत धाम तक (गार्डवाल, पुलिया, नाली) पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास डीएमएफटी मद द्वारा विधायक ममता देवी ने पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट अनावरण कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि गांव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है. सड़क बन जाने से ग्रामवासियो को चलने में काफी सहूलियत होगी। यह सड़क क्षेत्र के विकास और सुविधाओं में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यहां पहुँचे मुख्य अथिति का बुके देकर एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर दुलमी बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली, चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष एहशान उल्लाह सहित प्रदीप सिंह, निर्मल बेदिया, अमित महतो, मेहताब राही, छटू गंझु, धनेश्वर गंझु, प्रदीप भोक्ता, अल्ताफ अंसारी, मो. तैयब अंसारी, परवेज आलम, केसर इमाम, मो. साजिद, गोरीशंकर महतो, मुस्ताक, कांशी महतो, चंदू महतो, महेश महतो, इशराईल के अलावा सैकड़ों ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### डीसीसी व डीएलआरसी की बैठक



रामगढ़ ।जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम अग्रणी जिला प्रबन्धक दिलीप महली के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियो की जानकारी दी गयी। उप विकास आयुक्त ने वार्षिक साख योजना के तहत बैंकवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। केसीसी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि क्षेत्र में केसीसी का लाभ बढ़ाने एवं गाय, बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया डीडीसी ने पीएमएफएमई के तहत माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज के तहत लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने का निर्देश दिया। एमएसएमई अंतर्गत कार्यों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने प्रायरिटी सेक्टर के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने मुद्रा लोन योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक में एलडीओ आरबीआई, जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, जिला समन्वयक जिला उद्योग केंद्र, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, जिला समंवयकों व प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# गांव में शिविर लगाकर कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियों को करें दूर : उपायुक्त

## रामगढ़ जिले में कल से चलेगा अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरे देश में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान सह कुष्ठ रोग खोज अभियान पखवाड़ा चलाया जाएगा। 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाए जाने वाले अभियान को लेकर मंगलवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इस दौरान राज्य समन्वयक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम डॉक्टर गौतम के द्वारा डीसी, सिविल सर्जन एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

कुष्ठ रोग के उपचार और रोकथाम को लेकर सरकार गंभीर है। 2027 तक कुष्ठ रोग के तहत जीरो स्टिग्मा का लक्ष्य रखा गया है। डीसी ने अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले



शिविरों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़े भ्रांतियों को दूर करने, रोग की पहचान एवं त्वरित रूप से उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाने को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया। डीसी ने लोगों को जागरूक करने के लिए ज्यादा से ज्यादा ग्राम सभा आयोजित करने, विद्यालय स्तर पर बच्चों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों एवं रोग के उपचार आदि के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी ने सभी को जिले को कुष्ठ मुक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ने को कहा। कुष्ठ रोगियों की यथाशीघ्र पहचान के लिए हर संभव प्रयास करने, लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिले में उपलब्ध संसाधनों का यथासंभव उपयोग करने, जो भी व्यक्ति कुष्ठ रोग से ग्रसित हैं, उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, ना ही किसी अन्य को इसकी इजाजत देने, व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव एवं घृणा खत्म करने के लिए कार्य करने और उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने से संबंधित शपथ दिलाई। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत विगत पांच वर्षों में जिन भी गांव में कुष्ठ रोग से पीड़ित पाए गए हैं, उन गांवो में सर्वे किया जाएगा।

बैठक में सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डीएमओ स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, काय चिकित्स्क सहित अन्य उपस्थित थे।

# हजारीबाग : सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जिले के कोर्रा थाना और मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। पहली घटना कोर्रा थाना क्षेत्र के सिंदूर पंचायत की है, जहां 14 वर्षीय शुभम कुमार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना कोर्रा थाना क्षेत्र के डीवीसी मोड़ के पास हुई। एक अज्ञात टाटा सूमो ने इब्राहिम नामक व्यक्ति को कुचल दिया और भागने की कोशिश में एक अन्य वाहन से टकरा गया। इस टक्कर में वार्ड नंबर 1 के पूर्व पार्षद बॉबी प्रसाद घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बॉबी प्रसाद का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इब्राहिम की मौत से आक्रोशित लोगों ने जिला मोड़ को जाम



कर दिया। उनका कहना है कि जिस गाड़ी ने यह हादसा किया, उस पर भारत सरकार लिखा था, और चालक नशे में था। लोगों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाड़ी और चालक की पहचान करने की मांग की। तीसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डूमर सरोनी में हुई, जहां अज्ञात वाहन ने युगल कुमार को कुचल दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इस हादसे से इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### रामगढ़ जिले में रेल स्टेशन सुदृढ़ हो

रामगढ़। धनबाद रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में रामगढ़ जिले के रेलवे स्टेशन और रेल लाइन को सुदृढ़ करने की मांग उठाई गई। मंगलवार को डीआरएम कार्यालय में आयोजित बैठक में हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल शामिल हुए। पतरातु में टोकीसूद रेलवे लाइन के अंतर्गत (किरीगढ़ा) पहले से रेल लाइन है। गांव की दूसरी छोर से एक और रेलवे लाइन एनटीपीसी के लिए प्रस्तावित है। इससे किरीगढ़ा गांव रेलवे लाइन से चारो ओर से घिर जाएगा। इसलिए जहां पर पूर्व से रेलवे लाइन है,वहां पर्याप्त जमीन भी है। ग्रामीणों की सुविधा और रेलवे की जमीन भी अधिग्रहण नहीं करना पड़ेगा। वहीं पर रेलवे लाइन निर्माण कराया जाए। रांची रोड स्टेशन के समीप मरार में पोल संख्या 92/8 से 92/9 के बीच फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए। ग्राम सेवटा,बरकाकाना से गोमो जंक्शन रूट नंबर 32/ बी 1 टी के समीप ओवर ब्रिज बनाया जाए।

## धनबाद डीआरएम से मिले रोशन चौधरी

**लपंगा, मतकमा चौक, कुरसे, हेंदेगीर व टेरपा रेलवे क्रासिंग पर आरओबी बनाने की मांग**

भुरकुंडा (रामगढ़)। बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने डीआरएम धनबाद से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न रेलवे क्रासिंग मे आरओबी और आरयुबी का निर्माण करने की मांग की है। चौधरी ने डीआरएम कमल किशोर सिन्हा को बताया कि मतकमा चौक रेलवे फाटक, लपंगा रेलवे क्रासिंग, कुरसे रेलवे क्रासिंग, हेन्देगीर रेलवे क्रासिंग और टेरपा रेलवे क्रासिंग स्थित है। ट्रेन का परिचालन होने से फाटक व क्रासिंग में लोगों का आवागमन अधिकांश बंद रहता है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। खासकर विद्यार्थी और कामगार समय पर अपने अपने विद्यालय व काम पर नहीं पहुंच पाते हैं। साथ ही कई बार आपातकालीन परिस्थिति में मरीज को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने के क्रम में रेलवे फाटक एवं रेलवे क्रासिंग में ट्रेन के परिचालन के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। पूर्व में भी निम्न स्थानों पर ट्रेन के परिचालन से बड़ी बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन रेलवे प्रबंधन द्वारा अभी तक इन विषयों पर कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गई है। उन्होने डीआरएम से ग्रामीणों की समस्या के निदान के लिए मतकमा चौक रेलवे फाटक में ओभरब्रीज और रेलवे अंडरब्रीज का निर्माण करने, लपंगा रेलवे क्रासिंग में रेलवे



ओभरब्रीज और रेलवे अंडरब्रीज निर्माण करने, कुरसे रेलवे क्रासिंग ओभरब्रीज और रेलवे अंडरब्रीज का निर्माण करने, हेन्देगीर रेलवे क्रासिंग ओभरब्रीज और रेलवे अंडरब्रीज का निर्माण करने, टेरपा रेलवे क्रासिंग ओभरब्रीज और रेलवे अंडरब्रीज का निर्माण करने की मांग की। इसके साथ ही धनबाद डिवीजन ऑफ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे परियोजना के लिए पतरातू प्रखंड के किरीगढा, टोकीसुद, टेरपा और सांकुल के जमीन अधिग्रहण को लेकर कहा गया है कि अधिग्रहित जमीन किसानो की खेतीहर जमीन है। जहां खेती कर ग्रामीण अपने परिवार का भरण पोषण करते है। परियोजना में प्रस्तावित नक्शे के अनुसार यदि जमीन सरकार के द्वारा अधिग्रहण किया जाता है तो उक्त गांवों के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए जनहित में प्रस्तावित नक्शे की प्लानिंग में सुधार कर पूर्व निर्मित रेलवे लाइन के बगल से कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने की मांग की गई।

### रामगढ़ : शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर दायरे में नहीं बिकेगा तंबाकू



रामगढ़ । रामगढ़ ज़िला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के जरिये मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय मे शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ज़िला नोडल पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी की अध्यक्षता मे संपन्न हुए प्रशिक्षण शिविर में डॉ नितेश कुमार और परामर्शी बिनय शर्मा की ओर से शिक्षकों को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई। इस दौरान तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के गाइड लाइन को पूर्ण कैसे किया जाय इस पर चर्चा हुई। गाइड लाइन के अनुसार किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे यानी लगभग 300 फुट के दायरे मे किसी भी दुकानदार के जरिये तंबाकू उत्पाद नही बेचा जाएगा। यदि ऐसा होता है तो शिक्षण संस्थान उसकी शिकायत नजदीकी थाना प्रभारी से लिखित रूप से करेंगे। शिक्षण संस्थानों द्वारा सभा मे तंबाकू निषेध शपथ का आयोजन करेंगे। सभी शैक्षणिक संस्थानों द्वारा अपने मुख्य द्वार पर तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का साइनेज एवं परिसर के अंदर तंबाकू मुक्त परिसर का साइनेज लगाया जाना हैं। साथ ही शैक्षणिक संस्थान 100 गज को चिंहित करते हुए पीले रंग के जरिये तंबाकू मुक्त क्षेत्र का प्रदर्शन करेंगे।

## जवाहर नगर सिद्ध पीठ में अखंड-हरिकीर्तन संपन्न

### भक्ति से क्षेत्र में आती है खुशहाली : रोशन लाल चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर सिद्ध पीठ चबूतरे पर 24 घंटे का अखंड-हरिकीर्तन के समापन के अवसर पर सोमवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया।

अखंड हरि-कीर्तन में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर बजरंगबली मंडली की ओर से पुरोहित सह भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीष मोहन मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। भंडारा का शुभारंभ विधायक रोशन लाल चौधरी के साथ नन्ही बच्ची सनाया साहू पिता पंकज साहू ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का



वितरण कर किया। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का भी अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से घर-परिवार और क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, योगेश दांगी, संतोष शर्मा, जुगल नायक, सुखदेव प्रसाद, सत्येंद्र नारायण सिंह, राजन पांडेय, मुकेश राउत को भी बजरंगबली मंडली की ओर से अंग वस्त्र देकर के स्वागत किया गया। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में सतीश मोहन मिश्रा, जगतार सिंह, श्रीनिवास अग्रवाल, कुलानंद पांडेय, देव कुमार पंडित, बृजलाल सिंह, पंकज साहू, विजय मोहन मिश्रा, अप्पू मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, मिंटू कुमार, दीपक मोहन मिश्रा, विकास मोहन मिश्रा, सुनील, व्यास, नैतिक, वीरेंद्र मिश्रा, अभिषेक दास, यश कुमार, रिशु, भीम यादव, सुभाष यादव, अजय रजक आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### हजारीबाग: लॉज में छात्रा ने की आत्महत्या

हजारीबाग। लोहसिंघना थाना क्षेत्र के राजा बांग्ला स्थित एक लॉज में मंगलवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब खिड़की से झांकने पर एक छात्रा को पंखे से लटका पाया गया। मृतक की पहचान मोरंगी निवासी 19 वर्षीय कोमल कुमारी के रूप में हुई है, जो पूर्व एसडीओ के भाई के लॉज में रहकर पढ़ाई कर रही थी। मंगलवार सुबह देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर साथी छात्रों को शक हुआ। दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण खिड़की से देखा गया तो कोमल फंदे से झूलती मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रथम दृष्टि में इसे आत्महत्या का मामला मान रही है और परिजनों के आवेदन के आधार पर जांच में जुट गई है। पिछले दो वर्षों में हजारीबाग में आधा दर्जन से अधिक छात्राओं द्वारा आत्महत्या की घटनाएं सामने आई हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इनमें से अधिकांश मामले प्रेम प्रसंग और शहरी जीवन की चकाचौंध से जुड़े हुए हैं। गांव-देहात से पढ़ाई के लिए शहर आने वाली छात्राएं यहां के जीवन स्तर से प्रभावित होकर उसे बनाए रखने के लिए गलत राह पकड़ लेती हैं, जो बाद में उनके लिए जी का न जाता है।

### सिझूआ में आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन



टाटीझरिया। प्रखंड के खैरा पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुल गांव सिझूआ में सोमवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया। खैरा पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी के अथक प्रयासों से यह केंद्र शुरू हुआ। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सीडीपीओ नीलू रानी, एलएस सरस्वती घोषल, खैरा पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी और पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार ने विधिवत पूजा-अर्चना, रिबन काटने और वृक्षारोपण के साथ केंद्र का शुभारंभ किया। वृक्षारोपण मां काजल-बेटी कनक योजना के तहत किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के उद्घाटन से ग्रामीणों में काफी खुशी देखने को मिली। यह केंद्र बच्चों, महिलाओं और खासकर बेटियों के विकास में सहायक होगा। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा, समाजसेवी अरविंद केशरी, विनय कुमार, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों को जागरूक किया। महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे बच्चों के उज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।
२८ है पी २ : उद्घाटन में शामिल लोग

### विष्णुगढ़ में कृषक मित्रों की बैठक संपन्न





विष्णुगढ़ । प्रखंड सभागार में मंगलवार को कृषक मित्रों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने की, जबकि संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा ने किया। बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे, फसल उत्पादन, किसान क्रेडिट कार्ड, मिट्टी जांच और नमूना संग्रह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जिला स्तरीय कृषक प्रशिक्षण, किसान मेले का आयोजन, पीएम किसान योजना, सोलर पंप सेट (5 एचपी व 2 एचपी), किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना और किसान कॉल सेंटर जैसी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में किसानों को इन योजनाओं से अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया और आवश्यक जानकारियां दी गईं। कृषि पदाधिकारी ने किसानों को सरकार की योजनाओं से जुड़ने और अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अमूल्य चंद्र पांडेय, भैरव यादव, घनश्याम महतो, जागेश्वर पटेल, सुनील कुमार सिंह, गणेश नायक, दयाल महतो, फूलचंद महतो, होरिल महतो, सुरेश महतो, मोतीलाल महतो, ननकू महतो, देवंती देवी, पूनम कुमारी, सरिता देवी, पार्वती देवी, रीता कुमारी, लाटोसाव, विक्रम पटेल और सुरेश कुमार दास समेत कई कृषक मित्र उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को जागरूक करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### टाटीझरिया में धूमधाम मना गणतंत्र दिवस



टाटीझरिया। प्रखंड में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन पूरे जोश और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। प्रखंड परिसर और टाटीझरिया थाना प्रांगण में तिरंगे को सलामी देकर ध्वजारोहण किया गया। झरपो में स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, भराजो में स्वस्तिका पांडेय, खैरा पंचायत भवन में मुखिया कुमारी माधुरी, टाटीझरिया पंचायत भवन में सुरेश यादव, और डूमर पंचायत भवन में मुखिया ममता देवी ने तिरंगा फहराकर क्षेत्रवासियों में देशभक्ति का जज्बा भरा। इस वर्ष झरपो पावर सब स्टेशन पर पहली बार झंडा फहराने का गौरव मुखिया एवं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी को मिला। विद्यालयों में भी गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। डीएवी सैन्फोर्ड पब्लिक स्कूल, एडिशन पब्लिक स्कूल, मा सती आरोग्य हॉस्पिटल, अरुण मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल और मध्य विद्यालय झरपो के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ झंडोत्तोलन किया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनमोहक नुक्कड़ नाटकों के जरिए देशभक्ति की भावना जगाई और उपस्थित दर्शकों को भावुक कर दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूरे क्षेत्र में ₹जय हिंद₹ और ₹वीर शहीदों अमर रहें₹ के नारों की गूंज सुनाई दी। जन-गण-मन की धुन से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राष्ट्रीय एकता व समर्पण का संदेश दिया।

### पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस



बड़कागांव। एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन गरिमापूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समारोह की शुरूआत प्रोजेक्ट हेड फैज तैय्यब द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके बाद उन्होंने साइट पर तैनात सीआईएसएफ और एसआईएसएफ टुकड़ियों का निरीक्षण किया और उनकी सेवा और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया। फैज तैय्यब ने पकरी बरवाडीह प्रोजेक्ट की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और टीमवर्क की सराहना करते हुए कहा, ₹आपकी अथक मेहनत न केवल प्रोजेक्ट की सफलता में बल्कि राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में रंग-बिरंगी गुब्बारे उड़ाए गए, जो स्वतंत्रता और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक बने। इसके साथ ही विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों ने आयोजन को खास बनाया। महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उत्साह बढ़ाया। महिला क्लब के सदस्यों, बाल भवन के बच्चों और कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट के सभी कर्मचारियों ने प्रगति और सफलता के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत किया, जिससे पकरी बरवाडीह प्रोजेक्ट की उज्ज्वल और निरंतर प्रगति की दिशा स्पष्ट हुई।

# 76 वें गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंड एवं झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## आईये हम सभी मिलकर बालूमाथ प्रखंड के विकास व उन्नति में सहभागी बनें


**मो. सद्दाम**
युवा व्यवसायी


**विनोद यादव**
श्री अस्पताल


**रूबी बानो**
प्रचार्य आरके +2 उच्च विद्यालय


**महताब**
युवा व्यवसायी


**रंजीत जयसवाल**
समाजसेवी


**रामजीत उर्फ बुटन यादव**
समाजसेवी



**संजय मिथिलेश**
संचालक हेल्थ केयर अस्पताल


**मो. फाजो**
फाजो कबाड़ी दुकान


**मोहम्मद आमिर हयात**
कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष

Hero
**हीरो शोरूम**
संचालक बालूमाथ


**संजीव कुमार सिन्हा**
समाजसेवी


**अनिता देवी**
जिला परिषद उपाध्यक्ष


**प्रकाश बडाइक**
चिकित्सा पदाधिकारी बालूमाथ


**मो. मीन**
युवा व्यवसायी बालूमाथ/ बारियातु



**प्रदीप यादव/मनोज यादव**
समाजसेवी



**अरविंद यादव उपेंद्र यादव**
समाजसेवी बालूमाथ


**मनोज यादव**
युवा व्यवसायी



**एम.एस अस्पताल**
बालूमाथ


**मो.अनवर**
समाजसेवी


**20 विजय कुमार**
अंचलाधिकारी बालूमाथ


**सुनील यादव**
समाजसेवी बालूमाथ


**रंजीत यादव**
समाजसेवी बालूमाथ


**प्रीतलाल यादव**
राजद प्रखण्ड अध्यक्ष


**आशीष कुमार**
समाजसेवी


**ऐश्वर्य उराँव**
झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष


**नंद कुमार मेहता**
रेंजर बालूमाथ

मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**रामचंद्र सिंह**
विधायक
मनिका विधानसभा क्षेत्र

मनिका प्रखंड के कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**दारोगी प्रसाद यादव**
कांग्रसे प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मनिका

कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि कामेश्वर प्रसाद यादव की ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**कामेश्वर प्रसाद यादव**
कांग्रेस प्रदेश
प्रतिनिधि

मनिका प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**विश्वनाथ पासवान**
बिस सूत्री अध्यक्ष
मनिका

कांग्रेस लातेहार जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**सुरेन्द्र भारती**
कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष
लातेहार

युवा जिला अध्यक्ष प्रांतीय यादव महासभा लातेहार बच्चन कुमार यादव के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**बच्चन कुमार यादव**
युवा जिलाध्यक्ष
प्रांतीय यादव महासभा

युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**मिथिलेश पासवान**
युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा
अध्यक्ष

मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**संदीप कुमार**
प्रखंड विकास पदाधिकारी
मनिका

मनिका अंचल पदाधिकारी नंदकुमार राम के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।




**नंदकुमार राम**
अंचलाधिकारी
मनिका

मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**प्रतिमा देवी**
प्रखंड प्रमुख
मनिका

मनिका प्रखंड सह अंचल कार्यालय संघ परिवार के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।




**प्रखंड सह अंचल परिवार मनिका**

मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**शशि कुमार**
थाना प्रभारी
मनिका

मनिका प्रखंड के समाजसेवी अभिषेक कुमार सिंह की ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**अभिषेक कुमार सिंह**
समाजसेवी मनिका

मनिका प्रखंड के समाजसेवी अख्तर अंसारी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**अख्तर अंसारी**
समाजसेवी मनिका

मनिका प्रखंड के समाजसेवी अजीत यादव के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**अजीत यादव**
समाजसेवी मनिका

मनिका प्रखंड मुख्यालय लैंपस प्रबंधक सत्येंद्र कुमार यादव के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**सत्येन्द्र कुमार**
लैम्पस प्रबंधक
मनिका

मनिका प्रखंड के विधायक सहयोगी मनोज यादव के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**मनोज यादव**
विधायक सहयोगी
मनिका

मनिका प्रखंड के संजय कुमार राय कुमार एण्ड राय कंस्ट्रक्शन के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**मनोज यादव**
कुमार एंड राय कंस्ट्रक्शन
मनिका

मनिका प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख सह भाजपा नेता धर्मजीत राय के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**धर्मजीत राय**
पूर्व उप प्रमुख सह भाजपा नेता
मनिका

भाजपा मनिका मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार गुप्ता के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**मनदीप कुमार**
भाजपा मंडल अध्यक्ष
मनिका

मनिका वन विभाग पदाधिकारी ठाकुर पासवान के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**ठाकुर पासवान**
वन विभाग
मनिका

डोंकी पंचायत के मुखिया भजेंद्र उरांव के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**भजेन्द्र उरांव**
मुखिया डोंकी
पंचायत

जान्हों पंचायत के मुखिया बहादुर उरांव के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**बहादुर सिंह**
मुखिया
जान्हो पंचायत

जुंगुर पंचायत के मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**देवेन्द्र कुमार कुजूर**
मुखिया
जुंगुर पंचायत

नामुदाग पंचायत के मुखिया दिनेश सिंह के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**दिनेश सिंह**
मुखिया
नामुदाग

विशुनबांध पंचायत के मुखिया झमन सिंह के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**झमन सिंह**
मुखिया
विशुनबांध पंचायत

सिंजो पंचायत के मुखिया निर्मला देवी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**निर्मला देवी**
मुखिया
सिंजो पंचायत

मटलोंग पंचायत के मुखिया मयारानी देवी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**मायारानी देवी**
मुखिया
मटलोंग पंचायत

दूंदू पंचायत के मुखिया चांदनी देवी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**चांदनी देवी**
मुखिया
दुंदू पंचायत

रांकीकला पंचायत के मुखिया शीला देवी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**शिला देवी**
मुखिया
दुंदू पंचायत

पल्हेया पंचायत के मुखिया बासमती देवी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**बासमती देवी**
मुखिया
पल्हेया पंचायत

बंदुआ पंचायत के मुखिया अनीता देवी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**अनीता देवी**
मुखिया
बंदुआ पंचायत

बरवैया पंचायत के मुखिया पिंकी देवी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**पिंकी देवी**
मुखिया
बरवैया पंचायत

कोपे पंचायत के मुखिया विनीता देवी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**बिनीता देवी**
मुखिया
बरवैया पंचायत

मनिका प्रखंड के उप प्रमुख कांति देवी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**कांति देवी**
प्रखंड उप प्रमुख
मनिका

मनिका प्रखंड के समाजसेवी मथुरा यादव के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**मथुरा प्रसाद**
समाजसेवी
मनिका

वरिष्ठ समाजसेवी सह राजनीतिक दल के अनुभवी नेता सुरेंद्र पासवान के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**सुरेन्द्र पासवान**
समाजसेवी सह राजनीतिक बुद्धिजीवी
मनिका

हरिकृष्ण सिंह,पूर्व विधायक सह भाजपा कार्य समिति सदस्य के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**हरेकृष्णा सिंह**
पूर्व विधायक सह भाजपा नेता
मनिका

छोटू राजा,भाजयुमो जिला अध्यक्ष लातेहार के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**छोटू राजा**
भाजयुमो जिलाध्यक्ष
लातेहार

बबन पासवान,भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा चतरा जिला प्रभारी के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**बबन पासवान**
भाजपा अजजा मोर्चा जिला प्रभारी
चतरा


सहायक सिंह खरवार,आदिवासी समाज प्रखंड अध्यक्ष सह भाजपा नेता के ओर से जिले वासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**सहायक सिंह खरवार** आदिवासी समाज प्रखंड अध्यक्ष सह भाजपा नेता

# अमेरिका फर्स्ट का संकट

ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद जिस तरह असहज करने वाले कार्यकारी आदेश जारी किए गए, ये सही नहीं है। लगता है अमेरिका के लिये स्वर्णयुग लाने का दावा करने वाले ट्रंप को लोकतांत्रिक मूल्यों, दुनिया की सेहत और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण से कोई सरोकार नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी जाने वाली बड़ी अमेरिकी मदद से हाथ पीछे खींचकर उन्होंने अपने मंसूबे जताए हैं। विश्व को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध पेरिस जलवायु समझौते से भी किनारा कर उन्होंने अपने इरादे जाहिर किए हैं। यह जानते हुए भी कि बीता साल दुनिया में अब तक का सबसे गर्म साल रहा था। यहां तक कि इन प्रभावों से पिछले दिनों लॉस एंजिल्स की भयावह आग ने अमेरिका के दरवाजे पर पिछले दिनों दस्तक दी है। वहीं दूसरी ओर तमाम आर्थिक मुश्किलों से जूझते व बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका का रुख करने वाले प्रवासी उनके लिये दुश्मन नंबर वन हैं। जिनको रोकने के लिये अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार बनाना उनका महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। वे लाखों अवैध प्रवासियों को अमेरिका से खदेड़ने की बात बार-बार कहते हैं। वहीं अमेरिका फर्स्ट की नीति के चलते वे चीन समेत अन्य विकासशील देशों पर अंधाधुंध टैरिफ लगाकर मुनाफे का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में झुकाने पर अड़े हैं। यहां तक कि उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेताया है कि यदि डॉलर के मुकाबले वैकल्पिक मुद्रा चलन में लाने का प्रयास किया गया तो वे भारत,रूस व चीन आदि पर सौ फीसदी टैरिफ लगाएंगे। विशेष रूप से चीन उनके निशाने पर है, जो अमेरिका के नंबर एक दावे को चुनौती देने की क्षमता रखता है। दुनिया के तमाम देशों को उनके बड़बोले बयानों के मद्देनजर मुश्किल समय हेतु तैयार रहना चाहिए।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

वृष : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

कर्क : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

सिंह : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

कन्या : पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

तुला : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

धनु : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9


मकर : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

कुंभ : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

मीन : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

# दिल्ली के हर मतदाता के हाथ में लड्डू!





-ऋतुपर्ण दवे

> आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामयाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव बेहद अलग और दिलचस्प है। मौजूदा सरकार के सुप्रीमो केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा अब तो सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी कर रहे हैं। ऐसे में यह चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा।

दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रह्म प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रह्म प्रकाश एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रह्म प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते। 1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते साल भर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी। इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 में चुनाव हुए।

1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला। लेकिन पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी। फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं।

1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रैल में पांच दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामयाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने।

कहते हैं राजनीति शह-मात का खेल है। आआपा और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीश खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नए सितारे बन गए। भाजपा केवल तीन सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आआपा को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं।

बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती। भाजपा मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर महिलाओं को हर महीने धनराशि देने, मौजूदा योजनाओं को न केवल जारी रखने बल्कि उसमें बढ़ोतरी करने जैसा संकल्प यानी एक से एक लुभावनी घोषणाओं का पिटारा खोल आम आदमी पार्टी को चुनौती देने में कोई कसर छोड़ते नहीं दिखती।

मुफ्त की रेवड़ियों, लोक-लुभावन घोषणाओं के बीच दिल्ली का प्रदूषण, यमुना की गंदगी, बदहाल सड़कें, बरसात में डूबते पुल-पुलिया, पीने के पानी की किल्लत, बढ़ते अपराध और इन सबसे ऊपर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसे अहम मुद्दे काफी पीछे छूट गए हैं।

काश! एक करोड़ की आबादी खातिर मौजूदा संसाधनों वाली दिल्ली में तीन करोड़ लोग कैसे रहते हैं को देखने, सुनने वाले जैसे आम आदमी के मुद्दों की भी बात होती। लेकिन फिलहाल माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम की तर्ज पर मतदाताओं को लुभाने में कोई पीछे नहीं दिखता। अब दिल्ली की बात कौन करे? देखने लायक होगा कि त्रिकोणीय मुकाबले में कौन किसको कितना नुकसान पहुंचाता है और बाजी जीतता है।(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### कुप्रथा को बदलें

**चुनावों** में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने पर जो चिंता जाहिर की गई है, वह वाज़िब ही है। यह नीति लोगों को अकर्मण्य बनाकर मेहनत और स्वाभिमान को कमजोर करती है। मुफ्त की संस्कृति न केवल राजकोष पर भार डालती है, बल्कि यह दीर्घकालिक विकास के स्थान पर तात्कालिक लाभ को बढ़ावा देती है। इससे जनता के बीच निर्भरता की मानसिकता बढ़ती है। समय आ गया है कि इस प्रवृत्ति पर रोक लगाकर विकास और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी जाए।

**डॉ. मधुसूदन शर्मा, रांची**

### एक नई उम्मीद

भारत की पुरुष और महिला खो-खो टीमों के विश्व चैंपियन बनने पर खुशी व्यक्त की गई है। आज जबकि क्रिकेट और बैडमिंटन जैसे बाजारवादी खेलों का बोलबाला है, सलमान खान का खो-खो का एंबेसडर बनना सराहनीय है। खो-खो को एशियाड और ओलंपिक में शामिल करने के प्रयासों की आवश्यकता है। **- रवि, रांची**

## ट्वीट

**देश** भर से आए गरीब मरीज और उनके परिवार एम्स के बाहर ठंड, गंदगी और भूख के बीच सोने को मजबूर हैं।उनके पास न छत है, न खाना, न शौचालय और न पीने का पानी।बड़े-बड़े दावे करने वाली केंद्र और दिल्ली सरकार ने इस मानवीय संकट पर आंखें क्यों मूंद ली हैं?

**– राहुल गांधी, सांसद**

**76वें गणतंत्र** दिवस की परेड में झारखंड की झांकी ने 'स्वर्णिम झारखंडः विरासत और विकास की परंपरा' के थीम के तहत कर्तव्य पथ पर मार्च किया, जो राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और सतत विकास की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है। **-हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड**

# शहर के सर्वेक्षण का कठिन हिस्सा जमीनी स्तर पर इनकी पहचान करना है

**मनुस्मृति** में राजाओं द्वारा भू-राजस्व संग्रह के उल्लेख से लेकर शेरशाह और मुगलकाल में राजा टोडरमलन द्वारा विकसित भू-अभिलेख प्रणाली, ब्रिटिशकाल के दौरान विकसित भू-माप प्रणाली और स्वतंत्रता के बाद विकसित भू-अभिलेख व्यवस्था के बाद से भारत ने ग्रामीण क्षेत्रों में अब पूर्णतया डिजिटल भू-रिकॉर्ड और मानचित्रण तक पहुंचने की लंबी यात्रा तय कर ली है। गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तथा कुछ अन्य शहरों को छोड़कर भारत में शहरी भू-अभिलेख नहीं रखे जाते। अधिकांश रूप से उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत संपत्ति का खरीद-बिक्री का ब?यौरा ही शहरी भू-अभिलेख का एकमात्र साधन है। पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत कार्य करने वाले उप रजिस्ट्रार विक्रेता की जानकारी रखने के कुछ उचित उपाय करते हैं, लेकिन उन्हें उन सभी दस्तावेजों को पंजीकृत करना चाहिए जो उनके सामने प्रस्तुत किए जाते हैं। सरकारी भू-अभिलेखों के अभाव में शहरी भूमि संपत्ति के मामलों में धोखाधड़ी और विवाद की आशंका बनी रहती है।

भारत में तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे महानगरीय बस्तियों के आसपास के गैर-शहरी इलाके (पेरी-अर्बन) में निजी डेवलपर्स कृषि भूमि को लेकर उन?हें कॉलोनियों में बदल रहे हैं। इन कॉलोनियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध अनुमोदन के साथ या उसके बिना ही विकसित किया जा रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में एक ही प्लॉट की कई बार बिक्री के बहुत सारे मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी भूमि अभिलेखों के न रहने से महंगी शहरी भूमि के मामले में अनिश्चितता, जोखिम, क्रेताओं को अनावश?यक परेशानी और मुकदमेबाजी होती है। कंप?यूटरकृत भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से ड्रोन/विमान के माध्यम से पांच सेमी की सटीकता से अब भू-मानचित्र दो लाख रुपये प्रति किलोमीटर की उचित लागत पर 2-4 महीने की अवधि में तैयार किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों को

## समस्या

ऐसे मानचित्रों का जमीनी सत्यापन करने और स्वामित्व दस्तावेजों को सत्यापित करने की आवश्यकता है। नगर पालिका संपत्ति कर डेटा स्वामित्व पर प्रारंभिक जानकारी प्रदान करता है। व्यक्तिगत भूखंड और मालिकाना विवरण के साथ विस्तृत नक्शे प्रकाशित करने के उपरांत, सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं।शहर के सर्वेक्षण का कठिन हिस्सा जमीनी स्तर पर इनकी पहचान करना और स्वामित्व दस्तावेजों को प्रमाणित करना है। जमीनी सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में टीमों को शामिल करने की आवश?यकता पड़ती है जिनमें सर्वेक्षक और सरकारी अधिकारी होते हैं। भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित नगर सर्वेक्षण में भी वास्तविक कब्जे वाली भूमि और अधिकार दस्तावेज के बीच अंतर पाया गया है। जीआईएस आधारित मापों की उच्चस्तरीय सटीकता में पांच प्रतिशत तक अंतर होता है। नए रिकॉर्ड में उनके कब?जे में कम भूमि दिखने के कारण भू-मालिक आपत्ति दर्ज करते हैं। इसके अतिरिक?त कई मामलों में भू-स?वामित?व स्पष्ट नहीं होता या इस पर विवाद रहता है।

शहरी भू-सर्वेक्षण में बड़ी जनशक्ति लगती है और भूमि स?वामित?व संबंधी आपत्तियों के सावधानीपूर्वक निपटान की आवश्यकता पड़ती है। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने एक वर्ष में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरों में नक्शा (एनएकेएसएचए) नामक शहर सर्वेक्षण पायलट कार्यक्रम आरंभ किया है। इसके बाद अगले चरण में 1000 शहरों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा और 5 वर्षों में सभी 4912 शहरों में यह योजना चलाई जाएगी।

शहरी भूमि रिकॉर्ड और शहर के सर्वेक्षण से प्राप्त नक्शे नागरिकों को अधिकार प्रदान करते हैं। अन्य संबंधित डेटा जैसे मालिक/किरायेदार परिवार का विवरण, संपत्ति कर, भवन योजना अनुमोदन, बिजली, पानी और गैस को भी इसी आधार पर समेकित किया जा सकता है। इससे नागरिकों के जीवन में सुगमता आएगी और विभिन्न स्थानीय सरकारी एजेंसियों को उनके कार्य में सुविधा होगी।

कई कैमरों के साथ, शहरों की त्रिआयामी छवि और डिजिटल ट्विन उत्पन्न होते हैं। इनका उपयोग बेहतर संपत्ति कर मूल्यांकन और शहरी नियोजन के लिए किया जा सकता है। लेजर आधारित लिडार इमेजिंग ऊंचाई मानचित्रण प्रदान करती है जो शहरों में तूफान/बाढ़ के पानी की निकासी और आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने लिए बेहतर डिजाइन बनाने में सहायक होती है। यह परिवहन योजना, सड़क विकास, ढांचागत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण और शहरी नियोजन के अन्य पहलुओं को सुगम बनाता है।

# यह महाकुंभ है सन्यासी, योगी मुख्यमंत्री के सात्विक योग का विराट पराक्रम

**आचार्य संजय तिवारी**

## सामयिक

**सनातन** संत के संयोजन में प्रयागराज कुंभ का अद्भुत स्वरूप उभर रहा है। वैश्विक पटल पर सनातन की गूंज है। विश्व आश्चर्यचकित है। कई देशों की उतनी आबादी नहीं है जितने श्रद्धालु प्रतिदिन पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर रहे हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर में कुंभ का आरंभ किया उसके बाद की व्यवस्था सम्भाल रहे योगी आदित्यनाथ वास्तव में सात्विक शासक बन कर उभरे हैं। इसे सात्विक राजनीति का उन्नयन काल भी कहा जा सकता है। एक तरफ विश्व संत्रस्त है। अनेक देश युद्ध की विभीषिका में घिरे हैं। मानवता कराह रही है। स्त्रियों, वृद्धों, मासूम बच्चों की लाशें गिनती से बाहर हैं। पश्चिम में बारूद ही बारूद है। भारत के पास पड़ोस में भी बारूदी धुएं से वातावरण दूषित है। मनुष्य ही मनुष्य का दुश्मन बनकर रक्तपिपासु हो गया है। कई वर्षों से आसमान में तोप, रॉकेट और सुपरसोनिक युद्धक विमान कोहराम मचाए हुए हैं। ऐसे माहौल में भारत की सनातन संस्कृति अपने सृष्टि पर्व के माध्यम से विश्व के कल्याण का उदघोष कर रही है।

सनातन संत परंपरा और सात्विक राजनीति के उन्नायक योगी आदित्यनाथ के संयोजन में प्रयागराज के त्रिवेणी तट से जो संदेश विश्व को प्रसारित हो रहा है वह नए भारत के प्राचीन गौरव के साथ बहुत कुछ कह रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस महा आयोजन को उतना ही गौरवशाली बना दिया है। योगी के अथक परिश्रम से यह कुंभ विश्व को भारत के सात्विक सनातन और समन्वय की राजनीति का भी संदेश दे रहा है। यह भारत के अध्यात्म की ध्वज तरंग को डिग दिगंत तक प्रसारित करने वाला है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सभी अखाड़ों, संप्रदायों, जगद्गुरुओं और शंकराचार्यों के साथ ही समस्त नागा एवं संत समाज इस समय योगी आदित्यनाथ के इस परिश्रम और उनके दिव्य संयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि समस्त विद्वत और संत समाज एक स्वर से अपने शासक की तारीफ कर रहा हो। भारत की प्राण मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी तट पर प्रयागराज में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह अद्भुत है। प्रधानमंत्री मोदी का विश्वगुरु भारत का सपना साकार हो रहा है। प्रयाग की धरती से भारत विश्व को मानवता और लोक कल्याण का संदेश दे रहा है। भारत की संस्कृति, अध्यात्म और आस्था के आगे विश्व नतमस्तक है। धरती का हर कोना प्रयागराज से आकर्षित है। सभी यहां आना चाहते हैं। सभी पवित्र त्रिवेणी में डुबकी भी लगाना चाहते हैं। यह वास्तव में विश्व के अन्वेषकों और चिंतनशील शोधार्थियों के लिए कौतुक जैसा है।

ऐसा क्यों है, यह विचारणीय है। अभी कुछ ही दिन हुए, 26 दिसंबर 2024 को द हिंदू ने हिंसाग्रस्त विश्व के हालातों पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 में कई ऐसे अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हुए, जिन्होंने भू-राजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक स्थिरता को चुनौती दी। यूक्रेन में चल रहे युद्ध से लेकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव तक , इस वर्ष गठबंधनों में बदलाव और विनाशकारी सैन्य अभियान देखने को मिले। इन संकटों का प्रभाव उनके तत्काल क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैला, जिसने दुनिया भर में राजनयिक संबंधों और रणनीतिक प्राथमिकताओं को प्रभावित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते वर्ष की शुरूआत रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध 2022 के युद्ध को जारी रखने के साथ हुई , जिसका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को अपनी सीमाओं की ओर बढ़ने से रोकना था। गाजा पट्टी, लेबनान और लेबनान का खूनखराबा सामने है। हमास, हिजबुल्ला, हूथी का खौफनाक चेहरा दुनिया देख रही है। इजराइल सबसे मुकाबला कर रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ ही यूक्रेन को अमेरिका से मिलने वाले समर्थन में बदलाव आने की संभावना बनी। इस बीच, क्षेत्र में ईरानी प्रॉक्सी कमजोर हो गए हैं, जिससे इजराइल को अपनी क्षेत्रीय स्थिति को और मजबूत करने का मौका मिल गया है। 12 दिसंबर 2024 से पहले के 12 महीनों के लिए 10 देशों को चरम संघर्ष वाले देशों की श्रेणी में रखा गया है। ये हैं - फिलिस्तीन, म्यांमार, सीरिया, मैक्सिको, नाइजीरिया, ब्राजील, लेबनान, सूडान, कैमरून और कोलंबिया। 2024 में साल एक जनवरी से 13 दिसंबर तक, युद्ध, विस्फोट, दूरस्थ हिंसा और नागरिकों के खिलाफ हिंसा में 200,000 से अधिक लोग मारे गए। इस मृत्यु दर का लगभग आधा हिस्सा मुख्य रूप से तीन देशों से आता हैः यूक्रेन, फिलिस्तीन और म्यांमार। हालांकि वास्तविक मौतों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है। पिछले वर्षों में, अफगानिस्तान में संघर्ष से संबंधित मौतों का एक बड़ा हिस्सा रहा है, खासकर तालिबान द्वारा सरकार पर कब्जा करने से पहले। यह संकट अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, संघर्ष समाधान और मानवीय हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता की कड़ी याद दिलाते रहे। इस रिपोर्ट में सब कुछ सत्य नहीं है किंतु सत्य के काफी निकट अवश्य है। वैश्विक परिदृश्य में सनातन भारत की यह खगोलीय महावैज्ञानिक घटना अपने 46 दिनों की इस अवधि में बहुत कुछ स्थापित करने वाली है। यह सनातन भारत की आत्मिक शक्ति है जिसके आगे दुनिया नतमस्तक है। यही है कुंभ और यही है भारत की वह भारतीय सनातनी परंपरा जो भारत को विश्वगुरु बना देती है।

(लेखक, सनातन संस्कृति के मान्य आचार्य और संस्कृति पर्व के संपादक हैं।)

डी.ए.वी. सिंदरी, परिवार की तरफ से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामना



अशोक कुमार सिंह
प्राचार्य
डी ए वी पब्लिक स्कूल सिंदरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
सरस्वती विद्या मंदिर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई



हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड सिंदरी
Hindustan Urvarak & Rasayan Limited
(A Joint Venture of NTPC, CIL, IOCL, FCIL, & HFCL)
HURL

प्रखंडवासियों समेत झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



अर्पणा सेन गुप्ता
निरसा
पूर्व विधायक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई



मुराद हसन
थाना प्रभारी
नारायणपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई



मुरली यादव
बीडीओ
नारायणपुर

सतबरवा प्रखंडवासियों समेत झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



विवेका त्रिपाठी
सचिव इंटक झारखंड
लहलहे मेदिनीनगर
पलामू।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई



कमाल आंसरी
शिक्षक सह समाजसेवी
नारायणपुर

The Rhythm Dhanbad के तरफ से कोयलांचल वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



छतरपुर अनुमंडल समेत समस्त झारखण्डवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



कौलेश्वर दास
वी ई ओ छतरपुर
पलामू।





सिल्ली मुरी समेत पुरे भारतवर्ष को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
WITH BEST COMPLIMENTS FROM
ADITYA BIRLA
HINDALCO
HINDALCO INDUSTRIES LIMITED
MURI WORKS: CHOTA MURI
DISTRICT: RANCHI, JHARKHAND

खबर मन्त्र
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

ज्ञानदीप कॉन्वेंट स्कूल रेहला की ओर से 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को और विश्रामपुर नगर पंचायत के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कौशिक एजुकेशनल ट्रस्ट रेहला द्वारा संचालित
स्थापित 2004



संस्थापक
अवध बिहारी पांडेय
निदेशिका : सुनीता देवी
प्राचार्या : रिया कुमारी
नोट : सत्र 2025 - 26 में नामांकन प्रारंभ।

छतरपुर अनुमंडल समेत समस्त झारखण्डवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



अमित कुमार सिंह
प्रखंड डाटा प्रबंधक
अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर

सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



अनिल कुमार ठाकुर
वार्डेन सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ
सदर पलामू।

संस्था परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर संस्था में कार्यरत कर्मचारी, पदाधिकारीगण एवं समस्त भारतवासियों को शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई।
राष्ट्र की शक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, एकता, शांति, कृषि एवं स्वरोजगार के लिए चलो मिलकर कदम बढ़ाएं, एक सभ्य समाज का निर्माण करायें।
प्रगति एजुकेशनल एकेडमी, झिंझरी, माण्डर, रांची।
फोन नंबर - 09470166671
सचिव
दिनेश कुमार मेहता
हमारा उद्देश्य
- कृषि को बढ़ावा देकर किसानों के आय में वृद्धि करना।
- ट्रैफिकिंग के शिकार महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को मुक्त कराना, पुनर्वास करना एवं स्व रोजगार से जोड़ना।
- समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना।
- राज्य के लोगों को विभिन्न योजना से जोड़ना तथा जागरूक करना।

धुरकी प्रखंड सहित क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



हनुमंत प्रसाद यादव
मुखिया प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सोनडीहा, धुरकी
पंकज कुमार
जिला महामंत्री सह संवेदक, भाजपा ओबीसी जिला गढ़वा
रवेश कुमार
चिकित्सा प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धुरकी
उपेंद्र कुमार
थाना प्रभारी, धुरकी

BRIGHT LINE SCHOOL, CHIANKI
Free Admission | Free Admission
Medium : English/Hindi
Class : Nursery to VIIIth
Near By Pass Road, Chianki, Daltonganj, Palamu (Jharkhand)
Contact Us : 6202045610



डॉ सुदेश कुमार
निदेशक : ब्राईट लाईन स्कूल चियांकी
हमारी सुविधाएं
- ब्राइट लाइन स्कूल में नामांकन फ्री।
- ब्राइट लाइन स्कूल के बच्चों को ट्युशन फ्री।
- कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान।
- 8, 9 10 की कोचिंग की सुविधाएं।
- स्कूल + गाड़ी प्रतिमाह 1000/

AASHI CARE HOSPITAL
AASHI CARE MULTI SPECIALITY HOSPITAL
मस्तिष्क, ब्रेन हेमरेज, लकवा, हार्ट अटैक, स्ट्रोक एवं किसी भी एक्सीडेंटल इमरजेंसी में बिल्कुल समय न गवाएं
इलाज के लिए सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटल
दिए गए नंबर पर तुरंत फोन लगाएं
Helpline No.
9060604072





Panki Road, Janakpuri Mandir, Beside Petrol Pump, Daltonganj

डंडई प्रखंड सहित क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मिथलेश प्रसाद
बीडीसी प्रतिनिधि, पश्चिमी भाग, डंडई
देवलाल करमाली
प्रखंड विकास पदाधिकारी, डंडई
पंकज विश्वकर्मा
भाजपा नेता, डंडई
ओम प्रकाश यादव
समाजसेवी, रारो, डंडई



अमेरिका चौधरी
समाजसेवी जरदे, करके पंचायत, डंडई
चंदन कुमार
समाजसेवी, जरही, डंडई
जयप्रकाश कुशवाहा
हर्ष बीज भंडार मेन रोड, डंडई
सोनू कुमार चंद्रवंशी
बीमा सलाहकार, एलआईसी लवाही, डंडई एजेंसी-02257/55क
कामील अंसारी
समाजसेवी, जरही, डंडई

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन

# डीसी, एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने लगायी दौड़, यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश








खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर मंगलवार को परिवहन विभाग द्वारा रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह समेत जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि शामिल हुए।

उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर रोड सेफ्टी को रवाना किया। उक्त मैराथन दौड़ में उपायुक्त, एसपी, डीडीसी, एसडीओ समेत अन्य अधिकारी समाहरणालय से दौड़ लगाते हुए कोडरमा बाजार से हनुमान मंदिर तक पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों की टीम ने आमजनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण हर महीने कई लोगों के जान सड़क दुर्घटना में चली जाती है, तो कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, यदि हम सभी यातायात नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

उन्होंने शहरवासियों से हेलमेट पहन कर बाइक चलाने, ट्रिपल लोड नहीं चलने, कार चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, वाहन परिचालन के समय शराब का सेवन नहीं करने, ओवर स्पीड, ओवरटेक आदि से बचने की अपील की।

वहीं एसपी श्री सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम और कार्रवाई दोनों जरूरी है, अभी हमलोग आमजनों को यातायात नियमों के लिए जागरूक कर रहे हैं, जल्द ही अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, डीईओ अविनाश राम, डीटीओ विजय कुमार सोनी, नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा, थाना प्रभारी अरविंद कुमार, विशाल सिंह, अनुज सिंह, तरुण कुमार लाल, हिमांशु रंजन, गुड्डू विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## यूनियन बैंक के कैशियर व मैनेजर पर पैसा हड़पने का आरोप, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरबर निवासी मनोज साव पिता स्व. किशुन साव ने तिलैया थाना प्रभारी को आवेदन देकर यूनियन बैंक के कैशियर एवं मैनेजर द्वारा पैसा हड़पने को लेकर मामला दर्ज कराया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया करमा शाखा के कैशियर एवं मैनेजर द्वारा एक षड्यंत्र से मेरा 73,304 रुपये हड़प लिया। उन्होंने कहा कि मेरे नाम से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया करमा शाखा में एक एकाउन्ट है, जिसका एकाउन्ट नं. 587302010007922 है। उक्त एकाउन्ट में मैं धीरे-धीरे 73,304 रुपया जमा किया था। तत्पश्चात् मैं 20 जनवरी 2025 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, करमा शाखा से 5,000 रुपये निकालने के लिए गया तो मुझे पता चला कि मेरे खाता में 622 रुपया ही है। इस संबंध में मेरे द्वारा पता किया गया तो पता चला कि मेरे नाम से एटीएम. कार्ड पोस्ट ऑफिस से आया था, जिसे मैंने प्राप्त नहीं किया और मैंने पूर्व में एटीएम. के लिए आवेदन उपरोक्त बैंक में नहीं दिया था। वहीं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया करमा शाखा के कैशियर द्वारा मेरा एटीएम. कार्ड को प्राप्त कर लिया तथा मेरे एटीएम. कार्ड के आधार पर फोन पे आदि बनाकर 10 जनवरी 2025 को खाता से कुल 73,300 रुपये का हस्तांतरण कर दिया गया, जबकि मैं आज तक बैंक से एटीएम.प्राप्त नहीं किया हूं, ना ही कभी एटीएम.चलाया हूं। इस संबंध में मैं बैंक मैनेजर एवं कैशियर दोनों से मिला तो दोनों मिलकर अनेक प्रकार के बहानेबाजी करने लगे तथा मेरा सारा पैसा को बैंक मैनेजर तथा कैशियर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया करमा शाखा के द्वारा षड्यंत्र के तहत हड़प करते हुए तथा मेरे एकाउन्ट में फर्जी रूप से फोन पे नम्बर वगैरह बनाकर मेरे पैसा को हड़प लिये हैं।

# नाबालिग गायब लड़की बरामद, एक गिरफ्तार

- शादी की नियत से नाबालिग लड़की को खरीदने की बात आई सामने




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विगत दिनों गुरपा से एक नाबालिग लड़की अपनी मां के साथ तिलैया बाजार करने आयी थी, बाजार आने के पश्चात् कोडरमा रेलवे स्टेशन के बाहर से ठेला पर नाश्ता करने गई थी, उसी दौरान गायब हो गयी। लड़की के परिवार वालों द्वारा काफी खोजबीन की गयी, मगर लड़की कहीं नहीं मिली। इसे लेकर लड़की की मां ने तिलैया थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने की अपील की थी। जिसके आधार पर तिलैया थाना काण्ड संख्या 18/2025 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। वहीं काण्ड की गंभीरता को देखते हुए एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा उक्त काण्ड में गायब नाबालिग लडकी की बरामदगी एवं कांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। काण्ड के अनुसंधान के दौरान मिली गुप्त सूचना एवं तकनिकी साक्ष्य के आधार पर उक्त नाबालिग को बरामद करने के लिए गठित टीम को राजस्थान भेजा गया। जहां टीम द्वारा उक्त नाबालिग लड़की को बरामद किया गया एवं इस काण्ड में संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्घ्तार किया गया। बरामदगी के पश्चात् नाबालिग द्वारा बताया गया कि इन्हें तिलैया में कोई व्यक्ति प्रसाद खिला दिया, जिसके बाद लड़की बेहोश हो गई, इसके बाद कहां ले गये कुछ पता नहीं। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया गया कि वह उक्त नाबालिग लड़की से शादी करने के लिए रामुन्द्र एवं लालचंद राजस्थान नामक व्यक्तियों को एक लाख नब्बे हजार रुपये दिये हैं। रामुन्द्र ने गुना मध्य प्रदेश के कुछ व्यक्तियों से उक्त लड़की को एक लाख पचास हजार रुपये में खरीदा है। उपरोक्त मामला मानव तस्करी से संबंधित प्रतीत होता है। इस मामले में अन्य कई व्यक्ति के भी संलिप्त होने की बात प्रकाश में आयी है, इस संबंध में अनुसंधान जारी है।

गिरफतार व्यक्ति बनवारी लाल, 20 वर्ष, पिता बाबुलाल, साकिन पालखण्डा, थाना घटौली, जिला झालाबाड़ राजस्थान के नाम है। वहीं छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी विनय कुमार, मपुअनि मेनका बिरुली, तिलैया थाना, सअनि शांतिभूषण, तकनिकी शाखा के कर्मी एवं तिलैया थाना पैंथर व सशस्त्र बल के जवान की भूमिका रही।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**कोडरमा।** कोडरमा स्टेशन के समीप मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना कोडरमा स्टेशन से करीब 100 मीटर पहले ओवर ब्रिज के नीचे घटी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा और जीआरपी कोडरमा की टीम मौके पर पहुंची। वहीं मृतक की पहचान कोलकाता निवासी 57 वर्षीय अरविंद प्रसाद के रूप में की गई है, मृतक गया से कोलकाता जा रहा था। जीआरपी के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने संगम में लगाई डुबकी

- कहा- सभी सनातनियों को महाकुंभ में पवित्र संगम में स्नान करना चाहिए



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड की पूर्व शिक्षा मंत्री व कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव ने अपने परिजनों और समर्थकों के साथ संगम में डुबकी लगाई। विधायक डॉ. नीरा यादव सोमवार को प्रयागराज पहुंचीं, वे महामंडलेश्वर बाबा सुखदेव दास के शिविर पहुंचने पर कई लोगों ने उनका स्वागत किया। संगम में डुबकी लगाने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और मां गंगा की पूजा आराधना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दिव्य है और यूपी सरकार की व्यवस्था भी अद्भुत है। लाखों करोड़ों की भीड़ के बाद भी निरंतर साफ-सफाई तो वहीं लोगों को कोई परेशानी नहीं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आकर, संगम में डुबकी लगाकर धन्य महसूस कर रही हूं। पवित्र गंगा जल में सदियों से साधु, संत और महात्मा आते रहे हैं। महाकुंभ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। कुंभ हमारे सनातन जीवन-दर्शन को दर्शाता है। धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस जुटान में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने का मौका मिला। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा मौका जीवन में कभी-कभी ही मिलता है, सभी सनातनियों को महाकुंभ में पवित्र संगम स्नान करना चाहिए। वहीं विधायक के साथ उनके पति विजय यादव, पुत्र हर्षित कृष्ण के अलावा रमेश प्रसाद यादव, संजीव समीर, धर्मेंद्र कुमार, बंशी, विनोद कुमार मुन्ना, महेंद्र यादव, उमा देवी, सुशीला देवी, रूपा देवी, मधु कुमारी, ललिता देवी, कविता देवी, नरेंद्र सिंह, संजय सिंह, उत्तम कुमार, रंजन कुमार, राजू चौधरी आदि ने भी पवित्र संगम में डुबकी लगाई। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मंगलवार को विधायक की ओर से दी गई।

## मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी में अग्नि सुरक्षा विभाग ने किया कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी में मंगलवार को अग्नि सुरक्षा विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक रजनीश शर्मा मौजूद रहे। कार्यशाला में अग्निशमन अधिकारी बिमन चन्द्र मैजी द्वारा आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा मानदंडों की जानकारी दी गई तथा अग्निशमन सुरक्षा टीम द्वारा मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया और आग से बचाव के लिए जागरुक किया। आग लग जाने की स्थिति में हम कैसे आग पर काबू पा सकते हैं एवं अपना बचाव कर सकते हैं सहित अन्य जानकारियां अग्निशामक टीम द्वारा दिया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से आग लग जाने की स्थिति में हम कैसे स्वयं को सुरक्षित रखते हुए दूसरों को मदद कर सकते इस विषय पर अग्निशमन विभाग के टीम के सदस्यों ने जागरुक किया। वहीं बताया गया कि बंद कमरे में आग लग जाती है तो उस समय कमरे के अंदर खिड़की को खोल देना चाहिए, जिससे आग लगने से बन रहे कार्बन मोनो ऑक्साइड के संपर्क समाप्त हो जाएगा। एलपीजी गैस में आग लग जाने पर सिलेंडर को गीले कपड़े से ढकना, विपरीत दिशा में खड़े होकर खाली बाल्टी से जलते एलपीजी को जोर से ढक दें, जिससे आग आग बुझ जाती है। मौके पर कार्यशाला में छात्र, शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्कूल से गैस सिलिंडर की चोरी

**जयनगर (कोडरमा)।** सोनपुरा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में गैस सिलिंडर की चोरी को लेकर प्राचार्य ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना में दर्ज आवेदन के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच की। इस दौरान कार्यालय के सभी सामान सुरक्षित पाये गये, सिर्फ मध्याह्न भोजन बनाने में रखा गैस सिलिंडर गायब था।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक राजेंद्र शर्मा, निदेशिका संगीता शर्मा और प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और एनसीसी कैडेट्स एवं बैगपाइप बैंड दस्ते द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी लेने से हुई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण शामिल थे। मॉडर्न किड्स पैराडाइस के छात्रों द्वारा प्रस्तुत फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस कार्यक्रम में छात्र अद्विक अनमोल, लावण्या, गर्वित, रियांश शर्मा, सार्थक नायक, सिद्धार्थ कुमार, प्रियांशु रंजन, अद्विक सिंह, समृद्धि सिन्हा, फ़ैज़ा अख्तर, जसमीत कौर, काव्य सिंह, तान्या पचीसीआ, विप्रा कुमारी, याशी, सृजा चन्द्रा, अनुश्री बैद्य, अनन्या, रेयांश अग्रवाल, रव्या यादव, रेशमी कुमारी, रॉयल टंडन के अतिरिक्त विद्यालय के छात्र अभिक अनमोल, अनिका चावला, ऋषभ राज, आयुष कुमार, अमायरा मोदी, नमन कुमार, श्रेया कुमारी, अभिनव यादव, संभव कुमार, सृस्टि प्रसाद, कृशु राणा, सुहानी कुमारी, एंजेल कुमारी ने स्वतंत्रता सेनानी एवं अन्य महान लोगों के परिवेश में अपनी प्रस्तुति दी। वहीं छात्रों के द्वारा ड्रिल, योगा एवं ताइक्वांडो की भी प्रस्तुति दी गई। वहीं तीसरे भगवान बिरसा मुंडा राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र रक्षित राज को स्वर्ण पदक, अमोली मोदी को स्वर्ण पदक एवं रचिता राज को कांस्य पदक प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के छात्रों की इन प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को प्रेरित किया और भारत की सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में निदेशक संगीता शर्मा और प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने दर्शकों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में आमजनों की सुनी समस्याएं, कार्रवाई को लेकर किया आश्वस्त



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की। उपायुक्त ने फरियादियों को जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### बिजली चोरी को लेकर 11 पर केस दर्ज

**चंदवारा (कोडरमा)।** बिजली चोरी रोकने को लेकर बिजली विभाग छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान उरवां व मदनगुंडी में बिजली चोरी करते 11 लोग पकड़े गये। इन सभी के विरुद्ध चंदवारा थाना में मामला दर्ज कराते हुए जुर्माना लगाया गया है। वहीं कनीय अभियंता रोहित कुमार तिवारी ने उरवां निवासी जयशरण कुमार पिता चिंतामणी बैठा, मो.युसूफ पिता मो. गफुर, किसुन गोप पिता स्व बीगन गोप, अशोक कुमार शर्मा पिता स्व काली शर्मा व बालदेव यादव पिता जीतन यादव तथा मदनगुंडी निवासी दिनेश यादव पिता देवा यादव, अशोक पंडित पिता भीखन पंडित, देवकी देवी पति लिलधारी पंडित, सूरज कुमार पिता संजय पंडित, नारायण पंडित व अशोक पंडित को आरोपी बनाया है।

### स्कूल जाते समय छेड़खानी व हमला, मामला दर्ज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** एक व्यक्ति अपनी नाबालिग बेटी के साथ छेड़खानी करने व विरोध करने पर उन पर हमला करने का मामला तिलैया थाना में दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी और बेटा रोजाना साथ ही स्कूल जाते हैं, इस दौरान स्थानीय युवक उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करते हैं, जब उन्होंने घटनाओं की शिकायत स्कूल प्रबंधन से की तो स्थिति और बिगड़ गयी। आरोपी युवकों में शामिल बादल कुमार सिन्हा, साहिल कुमार सिन्हा, चीरज कुमार सिन्हा, सौरभ कुमार सिन्हा, गौरव कुमार सिन्हा और मोहित कुमार ने स्कूल में घुसकर उनकी बेटी को गालियां दीं। विरोध करने पर मुझ पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। हमले के दौरान आरोपियों ने सोने का लॉकेट भी छीन लिया। उक्त युवकों के कारण उनकी बेटी का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि उनका परिवार सुरक्षित रह सके। इधर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। सभी आरोपी युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ जल्द कार्रवाई की जायेगी।

### गाली गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप, एसपी को आवेदन

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त दुधीमाटी निवासी चंदन कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर जानमाल की रक्षा का गुहार लगाया है। एसपी को दिए आवेदन में उसने कहा है कि बीते 24 जनवरी को वह अपने घर के सामने मिट्टी गिरा रहा था, इसी दौरान राहुल कुमार पिता राजकुमार यादव और रूपेश यादव पर गाली गलौज करने तथा जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। चंदन सिंह ने कहा है कि रूपेश यादव स्वयं को साहेबगंज जिले के मिर्जा चौकी का सब इंस्पेक्टर बताता है। आवेदन में चंदन सिंह ने यह भी कहा है कि दुीमाटी निवासी राजकुमार यादव बिना नक्शा पास किये मकान का निर्माण कर रहा है, मामले को लेकर पूर्व में स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन दिया गया था, जिसके आलोक में नगर पंचायत द्वारा नोटिस निर्गत कर अविलंब निर्माण कार्य बंद करने तथा नक्शा पास करवाने का निर्देश दिया है। उसी का खुन्नस निकाला जा रहा है।

## कोडरमा घाटी में चालक को अगवा कर धान लदे ट्रक को लूटने को लेकर मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा घाटी में चालक को अगवा कर धान लदे ट्रक को लूटने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर ट्रक चालक ने कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया है। वहीं ट्रक चालक विनोद यादव सरवहना खिजरसराय जिला गया बिहार निवासी ने बताया कि वह ट्रक बीआर01जीबी-5963 में धान लोड कर 24 जनवरी को पावापुरी से वर्द्धमान जा रहा था। रात करीब 10 बजे कोडरमा घाटी के पास पहुंचने पर एक अन्य ट्रक मेरे ट्रक को ओवरटेक कर आगे खड़ा हो गया। उक्त ट्रक से तीन लोग हथियार के साथ उतरे और मेरे साथ मारपीट करने लगे, फिर हाथ-पैर बांध कर गाड़ी को कब्जे में ले लिया।

कोडरमा घाटी से पार कर बरही हजारीबाग के पहले मुझे ट्रक से धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद मुझे पेड़ से बांध कर धान लदा मेरे ट्रक लेकर फरार हो गये, उसके बाद मैं अपने दांतों की मदद से रस्सी खोलकर बरही थाना पहुंचा। वहां से मुझे कोडरमा थाना भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टाटा मैजिक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, चालक घायल



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा घाटी में मंगलवार को एक टाटा मैजिक वाहन में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। घटना में वाहन चालक 28 वर्षीय पिंटू विश्वकर्मा पिता कृष्णा सिंह दिबौर निवासी घायल हो गए। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार पिंटू कोडरमा बाजार से खाद्य सामग्री लेकर दिबौर जा रहा था, इसी दौरान यह घटना हुई। वहीं मौके पर दमकल की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

# ट्रेनों के परिचालन में बदलाव, तकनीकी वजह से कई सेवाएं प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता




**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तकनीकी समस्याओं के कारण रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव करने की घोषणा की है, यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा और सेवाओं की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए लिया गया है।

धनबाद रेल मंडल के वरीय वाणिज्य प्रबंधक और जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि प्रयागराज स्टेशन पर कई प्रमुख गाड़ियों के ठहराव को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। इनमें पुरी-नयी दिल्ली एक्सप्रेस (12801), जोधपुर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12308), आनंद विहार टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस (12816), कालका-हावड़ा एक्सप्रेस (12312), जम्मू तवी-सम्बलपुर एक्सप्रेस (18310), भावनगर-आसनसोल पारसनाथ एक्सप्रेस (12941) और बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस (22308) शामिल हैं, इन गाड़ियों के ठहराव 28 जनवरी से दो फरवरी के बीच प्रभावित रहेंगे।

#### मार्ग परिवर्तन वाली गाड़ियां

कुछ गाड़ियों को अस्थायी रूप से उनके नियमित मार्ग से बदलकर परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा। आनंद विहार टर्मिनल-सियालदह एक्सप्रेस (12330) 29 जनवरी को कानपुर सेंट्रल, लखनऊ चारबाग और पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से गुजरेगी। सियालदह-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस (12329) 28 जनवरी को पंडित दीनदयाल उपायाय, वाराणसी, जंघई, उन्नाव और कानपुर सेंट्रल होकर चलेगी। नयी दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस (12302) 29, 30 जनवरी और 3, 4 फरवरी को प्रयागराज, प्रयागराज रामबाग और पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग से संचालित होगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति और समय-सारिणी की पुष्टि अवश्य कर लें।

# दुमका : ऑलचिकि लिपि के विरोध पर आदिवासी संगठन सार ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** संताल एसोसिएशन फॉर अवेर्नेस एंड रिफॉर्म्स की बैठक सोमवार को देर शाम परिसदन भवन में आयोजित हुई। बैठक में वर्तमान सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में कार्यरत संताली विभाग के संताली प्राध्यापकों द्वारा ओलचिकि लिपि के विरोध को लेकर कड़ी भर्त्सना एवं आक्रोश व्यक्त किया गया। सार संगठन के भारत एवं विदेश से ऑनलाइन-ऑफलाइन से जुड़े समस्त सदस्यों ने कहा कि जब भारत सरकार संताली भाषा के लिए ओलचिकि लिपि को पूर्ण रूप से संताली भाषा की आधिकारिक लिपि मानती है, तो फिर इस प्रकार से विरोध करने का कोई औचित्य नहीं है। यह भारत सरकार के संवैधानिक आदेश का घोर उल्लंघन है। यह कहना की ऑलचिकि लिपि के प्रयोग करने से संताल समाज सौ वर्षों के लिए पीछे हो जाएगा। यह विरोध में सम्मिलित लोगों की अज्ञानता को दर्शाती है और इस बहस का कोई मतलब नहीं है। संविधान द्वारा आठवीं अनुसूची में सम्मिलित संताली भाषा और भारत देश की सारी संवैधानिक संस्थाएं जब ऑलचिकि को अंगीकृत कर संताली भाषा में संचार के लिए उपयोग कर रही हैं, तो फिर इस प्रकार से विरोध स्वरूप व्यक्तिगत विचारों को बोलने से इन प्राध्यापकों को परहेज करना चाहिए था। सार के सदस्यों ने मानते है की सम्मिलित संताल प्राध्यापकों द्वारा ऑलचिकि लिपि का विरोध इनके व्यक्तिगत विचार है। सार इस विषय पर राज्य सरकार से राज्य में ऑलचिकि लिपि को संताली भाषा की आधिकारिक लिपि घोषित करने की अविलंब मांग करती है। बैठक में मुख्य रूप से चंद्रनाथ हेम्ब्रम, डॉ बिमल मरांडी, डॉ सुजीत कुमार सोरेन, डॉ ईश्वर मरांडी, सुनील मुर्मू, इंद्रजीत हेम्ब्रम सदस्य उपस्थित थे।

# गोड्डा : जय बापू, जय भीम, जय संविधान सम्मान मार्च कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** गोड्डा प्रखंड के ग्राम पंचायत अमरपुर में मंगलवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर शाह की अध्यक्षता में जय बापू, जय भीम, जय संविधान सम्मान मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस विधायक दल के नेता सह पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव, गोड्डा प्रखंड पर्यवेक्षक अमरेंद्र कुमार अमर भी उपस्थित रहे। विधायक यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में बैठे भाजपा सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान दाता आदरणीय डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब का देश के सबसे बड़े लोकतंत्र मंदिर में जिसे हम संसद भवन कहते हैं उस पवित्र स्थान में खुलकर अपमान करना इस से साफ हो गया कि येलोग देश के गरीब शोषित वंचित दलितों को कुचल देना चाहते हैं। आरएसएस और भाजपा मनु स्मृति से देश को चलाना चाहते हैं, यही लोग है जिन्होंने हमारे राष्ट्र पिता आदरणीय बापू जी का हत्या किया है। ये लोग इस देश के गरीबों से कोई सरोकार नहीं रखते हैं सिर्फ चंद पूंजीपतियों का काम कर के उन्हीं का तिजोरियों को भरने का काम करते हैं इन लोगों के झांसे से बचने का जरूरत है। जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि मोदी और अमित शाह देश के सभी वर्गों में फुट डालकर राज करना चाहता है और संविधान को बदलना चाहता है। हम कांग्रेस के एक भी सिपाही जब तक इस देश में जिंदा रहेंगे तब तक इन लोगों का नापाक सोच को कामयाब नहीं होने देंगे। मौके पर दुमका कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी, जिला प्रवक्ता अकबर अली, मंडल अध्यक्ष ठाकुर मंडल व राजेश मंडल, दिनेश मंडल, निर्मल मंडल, स्थानीय मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य एवं पार्टी सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### बोकारो में जमशेदपुर के विधायक सरयू राय का अभिनन्दन समारोह आयोजित



**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के स्थानीय सिटी पार्क के वनभोज स्थल के प्रांगण में युगांतर भारती दामोदर बचाओ आंदोलन व देवनद दामोदर सेवा विकास ट्रस्ट एवं बोकारो जदयू ने जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय का अभिनन्दन किया। समारोह में जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व बियाडा चेयरमैन अशोक चौधरी भाजपा नेता डॉ प्रहलाद वर्णवाल बीएमएस के वरीय नेता व पदाधिकारी कृष्णा राय राजीव कंठ पूर्व जिलाध्यक्ष भरत यादव मधुसूदन सिंह भाजपा धनबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार झा जनसंख्या फाउंडेशन के बोकारो जिला महामंत्री व भाजपा नेता विक्रम कुमार महतो गोपाल साव करमचंद गोप सहित जदयू के परवीन कुमार वाल्मीकि सिंह व अन्य कार्यकर्ता गण तथा ट्रस्ट व युगांतर भारती से जुड़े अन्य उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता सुरेंद्र सिन्हा संचालन श्रवण कुमार एवं अतिथियों का धन्यवाद विक्रम कुमार महतो ने किया। मौके पर विधायक सरयू राय ने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा कि कचरा निस्तारण की समुचित व्यवस्था अति आवश्यक है। शहरी क्षेत्रों का कचरा औद्योगिक इकाइयों का कचरा दामोदर को प्रदूषित किये जा रहा है। अन्य वक्ताओं ने भी इस मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कचरा निस्तारण प्लांट निर्माण पर जोर दिया।

### बोकारो चैंबर ने केंद्रीय इस्पात मंत्री एवं इस्पात राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**बोकारो।** बोकारो चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने केंद्रीय मंत्री को एक ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि बोकारो इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता 10 मिलियन टन तक बढ़ाया जाए। मनोज चौधरी ने बियाडा स्थिति इकाइयों के संरक्षण का भी आग्रह इस्पात मंत्री से किया। बियाडा स्थित इकाइयों को कायार्देश में प्राथमिकता ट्रायल ऑर्डर बियाडा की इकाईयों के लिए टेस्टिंग लैब विकसित करने डिलीवरी में देरी होने पर एक महीने की छूट आयात विकल्प वस्तुओं के लिए बियाडा की इकाइयों को ट्रायल आर्डर दिए जाने की मांग रखी। चेंबर के संरक्षक संजय बैद ने केन्द्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बोकारो इस्पात प्रबंधन वाणिज्यिक एवं आवासीय भूखंड के लीज नवीनीकरण के लिए राशि 100 गुना तक बढ़ा दी है जो अव्यावहारिक है- इसे व्यावहारिक बनाने की मांग की। इसके अलावा अन्य कई मांगें रखी गई। संजय बैद ने केंद्र सरकार द्वारा 2020 में घोषित अमृतसर से कोलकाता के बीच औद्योगिक क्लस्टर को बोकारो में स्थापित करने हेतु सकारात्मक पहल करने की भी मांग की। भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री ने चेंबर के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वे इन विषयों पर जरूर सकारात्मक पहल करेंगे। मौके पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने भी चैंबर की मांगों का समर्थन किया। चेंबर प्रतिनिधिमंडल में मनोज चौधरी संजय बैद नरेंद्र सिंह असीम गोराईं श्याम गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# बोकारो स्टील प्लांट में 20000 करोड़ रुपये का होगा निवेश : केंद्रीय इस्पात मंत्री कुमारस्वामी

**मंत्री ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के क्रम में 2030 तक 300 मीट्रिक टन स्टील उत्पादन हासिल करने की दिशा में हम कार्यरत हैं**

खबर मन्त्र संवाददाता







**बोकारो।** भारत को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के क्रम में 2030 तक 300 मीट्रिक टन स्टील उत्पादन हासिल करने की दिशा में हम कार्यरत हैं।

प्रधानमंत्री की इस आत्मनिर्भरता की सोच को व्यावहारिक धरातल प्रदान करने की दिशा में बोकारो इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता का विस्तार एवं आवश्यक संसाधन की सहज उपलब्धता खातिर कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। उक्त उदगार व्यक्त किया है सरकार के केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी एवं इस्पात राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने। बोकारो से वापसी के क्रम में मंत्री द्वय ने बोकारो एयरपोर्ट पर प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि 20000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ब्राउनफील्ड विस्तार से बोकारो प्लांट की कुल क्षमता 7.55 एमटी तक बढ़ जाएगी। विस्तार योजना से 2500 स्थायी नौकरियां और 10000 अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी। उक्त प्रेस वार्ता में मंत्री द्वय के साथ सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश एवं बोकारो संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी उपस्थित थे।

केंद्रीय इस्पात मंत्री श्री कुमारस्वामी राज्य इस्पात मंत्री श्री वर्मा एवं सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने सेल बोकारो स्टील प्लांट कोल माइंस चासनाला एवं तसरा कोयला खदान का दौरा किया। मंत्री श्री कुमारस्वामी ने बताया कि उनके इस बोकारो दौरे के दौरान श्रमिक संगठन सामाजिक संगठन विस्थापित संगठन व अन्य ने यहां की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया है।

उन सभी मुद्दों पर यथोचित निर्णय लेने की बात कहते हुए उन्होंने बोकारो में पब्लिक के लिए हवाई सेवा जल्दी शुरू हेतु आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। बोकारो के अगले दौरे के प्रश्न पर मंत्री ने 60 दिनों के बाद पुनः बोकारो दौरा की सम्भावना व्यक्त की।

मंत्री द्वय सेल अध्यक्ष के बोकारो से वापसी के समय हवाई अड्डे पर बोकारो संयंत्र के डीआई बीके तिवारी संचार प्रमुख मणिकांत धान सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### निर्मल महतो स्मृति भवन में संयोजक मंडली की बैठक संपन्न



**बेरमो।** निर्मल महतो स्मारक भवन में मंगलवार को फुसरो नगर संयोजक मंडली सदस्य की एक बैठक हुई। जिसमें आने वाले 4 फरवरी को झामुमो के स्थापना दिवस को लेकर ओर पूरे फुसरो नगर के सभी वार्डों में बढ़ चढ़ कर सदस्यता अभियान चला कर आदरणीय दिसोम गुरु शिबू सोरेन जी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की सरकार को ओर मजबूती देने का झामुमो फुसरो नगर काम करेगी।

### सामुदायिक विकास व व्यवसाय विकास सहगामी हैं : आशीष गुप्ता



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल लिमिटेड में गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वेदांता ईएसएल के सीईओ और डब्ल्यूटीडी आशीष गुप्ता ने कहा कि सामुदायिक विकास और व्यवसाय विकास एक साथ चलते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस कंपनी के भविष्य को लेकर न केवल प्रबंधन बल्कि कर्मचारी भी उत्साहित और प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि वेदांता ईएसएल इस्पात उत्पादन से आगे बढ़कर संयंत्र के आसपास और बोकारो शहर में रहने वाले स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर गर्व करता है। लगभग 10 अत्यधिक प्रशंसित कर्मचारियों को पूरे वर्ष हाउसकीपिंग सुरक्षा 5 एस पहल और इन-हाउस निर्माण परियोजनाओं जैसे बेंचों के निर्माण में उनके उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए मान्यता दी गई।

# दुमका डीसी ने समाज कल्याण विभाग का किया समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक में डीसी ने कहा कि वैसे सभी आंगनबाड़ी केंद्र जिसका निर्माण पूर्ण हो चुका है। उन सभी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण सीडीपीओ अपने स्तर से करते हुए रिपोर्ट तैयार करें। जिससे हैंडओवर का कार्य किया जा सके। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए योग्य लाभुकों का चयन कर विभाग द्वारा प्राप्त लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद से आंगनबाड़ी में उपलब्ध कराए गए सामग्री बर्तन, स्कूल किट,मोबाइल सहित अन्य सामग्री का इस्तेमाल सही ढंग से हो रहा है या नहीं, इसकी जांच सुपरवाइजर एवं सीडीपीओ कर इससे संबंधित रिपोर्ट समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप योग्य लाभुकों का चयन करें। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का निर्देश दिया। डीसी ने निर्देश दिया कि टीएचआर, सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन सहित शत प्रतिशत बच्चों की एंट्री पोषण ट्रैकर में करें। बैठक में समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ, सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

# दुमका : ज्वेलरी व्यसायी से लूट व हत्याकांड मामले में पांच अपराधी गिरफ्तार, गये जेल

**व्यवसायी प्रतिस्पर्धा में अपराधियों ने व्यवसायी संजय राणा की ले ली थी जान**

खबर मन्त्र संवाददाता





**दुमका।** ज्वेलरी व्यवसायी से लूट व हत्याकांड के मामले में दुमका पुलिस उद्भेदन करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। हलांकि अब नामजद समेत दो अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर है। मामले का उद्भेदन एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर किया। एसपी ने बताया कि मसलिया थाना क्षेत्र के व्यवसायी से लूट व हत्या का मुख्य कारण व्यवसायी प्रतिस्पर्धा रहा है। गिरफ्तार पेशेवर अपराधियों में जामताड़ा जिला के फतेहपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी मेहबूब अंसारी, नारायणपुर थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव निवासी साकिर अंसारी उर्फ फौजदारी एवं नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारूडीह गांव निवासी नौशाद अंसारी है। तीनों पेशेवर अपराधी जामताड़ा जिला के है। वहीं अन्य गिरफ्तार अपराधी में ज्वेलरी व्यसायी रामचंद्र वर्मा एवं उनके पुत्र राजेश वर्मा है। एसपी ने बताया कि व्यापारिक प्रतिद्वंदीता के कारण व्यसायी रामचंद्र वर्मा अपने पुत्रों के साथ मिलकर पेशेवर अपराधी मेहबूब अंसारी को मृतक व्यवसायी संजय राणा को ठिकाने लगाने का सुपारी दिया था। डरा- धमका कर व्यसायी मृतक संजय राणा के मसलिया थाना क्षेत्र के आश्रम मोड़ स्थित दुकान को हटाने को लेकर साजिश रची थी। तयशुदा बातों को लेकर पेशेवर अपराधी मेहबूब अपने तीन अन्य साथियों के साथ घटना को अंजाम बीते 28 दिसंबर को देने पहुंचा। जहां मृतक संजय राणा के दुकान समेट घर जाने के दौरान घर से महज 500 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने व्यवसायी को निशाना बनाना चाहा। लेकिन संजय राणा के द्वारा विरोध करने एवं अपराधियों में एक को धर दबोचने के कारण अपराधियों ने देशी कट्टा से गोली चला दिया। गोली व्यवसायी संजय राणा के कमर में लगी। इसके बाद अपराधियों ने तीन किलो चांदी का जेवर और नगदी 15 हजार रुपए लूट फागने में सफल रहे। एसपी ने बताया कि आरोपी व्यवसायी रामचंद्र वर्मा का आश्रम मोड़ पर जेवलर्स का दुकान है।

### बेरमो प्रमुख ने 15 वें वित आयोग राशि से बनने वाले पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



**बेरमो।** 15 वें वित्त आयोग द्वारा पंसस सह बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी के मद से ग्राम पंचायत बैदकारो पूर्वी में वार्ड न. 5 में प्रयाग महतो के घर से लक्षु महतो के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर मुखिया बैदकारो पूर्वी सीमा महतो की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर टेकलाल महतो, बिनोद महतो, द्वारिका पांडेय, चंद्रप्रकाश सिंह, राजेश कुमार महतो, जितेंद्र महतो, दर्शन महतो, रामजी कोल, विकी कुमार, संजय महतो, चैतलाल महतो, चंदन महतो, विजय आनंद महतो, कृष्ण पटेल, गोविंद महतो आदि मौजूद थे।

### फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में बिना नक्शा के बने भवनों का परिषद ने शुरू किया जांच



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद ने उन लोगों की जांच अभियान शुरू कर दिया है जो लोग परिषद से बिना नक्शा पास कराए बिल्डिंग बनाये हुए है। कार्यालय नगर परिषद फुसरो के प्रशासक राजीव रंजन के नेतृत्व में मंगलवार जांच अभियान चलाया गया। जिससे बिना नक्शा पास कराए बिल्डिंग बनाने वाले मकान मालिको में खलबली मच गई। इस दौरान कार्यालय अतिक्रमण समिति के सदस्य और बेरमो थाना की पुलिस बल भी जांच अभियान में शामिथे। जो संयुक्त रूप से बिना नक्शा पारित किए गैर आवासीय भवनों का जांच किया गया। साथ ही नगर क्षेत्र के उन दुकानदारों की भी जांच कीये जिन्होंने अब तक होल्डिंग टैक्स या ट्रेड लाइसेंस का नया फार्म नहीं भरा है और न ही दुकान का नविकरण किया है।

### बेरमो/तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में पदाधिकारियों ने किया कंबल वितरण



**बेरमो/तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में न्यायिक पदाधिकारी के द्वारा जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच ठंड के मौसम में कंबल वितरण किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया कि झालसा और प्रधान जिला जज बोकारो के निर्देश पर बेरमो अनुमंडल के सभी प्रखंड में कंबल का वितरण जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया। उसी में आज मंगलवार को जिला जज प्रथम अनिल कुमार, कुटुंब न्यायालय प्रेम नाथ पांडेय, जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी, जिला जज तृतीय फहीम किरमानी, एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति, एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल, सब जज द्वितीय राजेश रंजन कुमार और मुंसिफ शिवराज मिश्रा के द्वारा जरूरतमंद महिला एवं पुरुष के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण के बाद सभी महिला और पुरुष काफी प्रसन्न थे। कंबल पाने वालों में शांति देवी, उर्मिला देवी, सुमन देवी, गोपाल प्रजापति, सुमित्रा देवी, गणेश करमाली सहित करीब 25 महिला एवं पुरुष के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण के समय दीपक गुप्ता, सुजय आनंद, कृष्णा रजक, उपासी कुमारी, वीणा देवी, अतिशय उपस्थित थे।

# बेरमो कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ फहराया गया तिरगा

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल में काफी हर्ष उल्लास के साथ 76 वीं गणतंत्र दिवस मनाई गई। बेरमो विधायक राकोमस कार्यालय ढोरी, राम रतन हाई स्कूल, पुराना वीडियो ऑफिस स्थित कांगेस कार्यालय और फुसरो स्थित बेरमो प्रखंड अल्पसंख्यक कमेटी कार्यालय, अनपति देवी सरस्वती देवी फुसरो सहित कई जगह झडोतोलन किया।

विधायक सिंह ने पांच नंबर ढोरी स्थित यूनियन ऑफिस में झंडोत्तोलन करने के बाद कहा कि हम सबो को राष्ट्र धर्म का पालन करना चाहिए। उन्होने कहा केन्द्र सरकार श्रमिको के विरोध में कानून बना रही है। निजीकरण को प्राथमिक्ता दे रही है। लोगों को स्वतंत्र संग्राम के शहीदों की कुबार्नी को याद रखना चाहिए। कहा कि देश हित के लिए कुछ अवश्य कार्य करना चाहिए। शिवनन्दन चौहान, राजेश्वर सिंह, हरेन्द्र सिंह, गणेश मल्लाह, वृज बिहारी पांडेय, श्रीकांत मिश्रा, साधु बाहरी, बैजनाथ सिंह, राजेश्वर सिंह, संतोष सिंह आदि उपस्थित थे। 16 वी लोकसभा सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय ने आवासीय कार्यालय फुसरो मे ने झंडोत्तोलन किया। पूर्व सांसद पांडे ने कई जगह झंडोत्तोलन करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार काफी अच्छा कार्य कर रही है।

मौके पर मघूसूदन प्रसाद सिंह, भाई प्रमोद सिंह, रोहित मित्तल,नवल किशोर सिंह, दिनेश सिंह, सुरेंद्र गिरि, वैभव चौरसिया, भरत वर्मा, मोहम्मद असगर खान इत्यादि लोग उपस्थित थे। बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार ने महाप्रबंधक कार्यालय में तिरंगा फहराया। कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से कोयला उत्पादन लक्ष्य को हर हाल में हासिल करेंगे। मौके पर पीओ के एस गैवाल, एएफएम जी चौबे, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ पीएंडपी एस के झा, कार्मिक प्रबंधक पी एन सिंह, लव कुमार सिंह आदि वही ढोरी जीएम रंजय सिंहा ने ढोरी जीएम कार्यालय, ढोरी एरिया अकाउंट ऑफिस और सीआईएसएफ यूनिट करगली में झंडोत्तोलन किया।

# आनंदमार्ग विद्यालय की समस्याओं को दूर किया जायेगा : मंत्री योगेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता





**बोकारो/कसमार।** खैराचातर जैसे सुदुर क्षेत्र में संस्कार आधारित आधुनिक शिक्षा का दीप जला रहे इस विद्यालय की समस्याओं को जल्द ही दूर किया जायेगा। मुद्दा चाहे झारखंड जैक से मान्यता प्राप्त करने का हो या विद्यालय तक पंहुच पथ की समस्या। उक्त बातें सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने कही। महतो कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित आनंद मार्ग आवासीय विद्यालय की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य सड़क पेयजल और बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों की समस्याओं दुरुस्त कर झारखंड में अग्रणी विधानसभा बनाने के लिए वे कार्य कर रहे हैं। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे प्रमुख नियोती कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम, मुकेश महतो, मनोहर मुर्मू, आचार्य देव प्रकाशानंद अवधूत आचार्य रमेंद्रानंद अवधूत अनिवार्नंद अवधूत कल्याणमित्रानंद अवधूत अमरजीतानंद अवधूत, प्राचार्या रजनी कुमारी, आनन्द महतो तुलसीदास जायसवाल कालीचरण महतो जगदीश महतो आदि मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# टाटा स्टील ने 10 वर्षों में ओडिशा में किया 10 बिलियन डॉलर निवेश : टीवी नरेंद्रन

■ टाटा स्टील ने उत्कर्ष ओडिशा 2025 कॉन्क्लेव में कंपनी के सीईओ एंड एमडी ने दी जानकारी
■ कहा- एक दशक में, ओडिशा टाटा स्टील का देश में सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बनकर उभरा है

विशेष संवाददाता

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित दो दिवसीय भव्य आयोजन उत्कर्ष ओडिशा 2025 कॉन्क्लेव में अपने निवेश और उपलब्धियों को प्रदर्शित कर ओडिशा के विकास में एक महत्वपूर्ण साझेदार बनने की अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दोहराया।

टाटा स्टील ने 'उत्कर्ष ओडिशा : मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025' में एक समर्पित पवेलियन स्थापित किया है, जिसमें नवाचार, सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक-आर्थिक विकास में इसके अग्रणी पहलों को प्रदर्शित किया गया है। इस पवेलियन में एडवांस मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन इंडस्ट्री के लिए गोपालपुर इंडस्ट्रियल पार्क में बुनियादी अवसंरचना के विकास, सुवर्णरेखा पोर्ट की विशेषताएं और विस्तार योजनाओं, और 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण में कंपनी के योगदान को प्रमुखता से दिखाया गया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने भी अपने योगदान की कहानी इस पवेलियन में प्रदर्शित की है।

टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक, टी वी नरेंद्रन ने कहा, पिछले एक दशक में टाटा स्टील ने ओडिशा में लगभग 10 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, जो हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण और राज्य की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। हमने कलिंगानगर में एक अत्याधुनिक स्टील प्लांट स्थापित करने के साथ-साथ नीलाचल इस्पात और भूषण स्टील जैसी परिसंपत्तियों का अधिग्रहण कर उन्हें पुनर्जीवित किया, जिससे राज्य में हमारी कुल क्षमता 11 मिलियन टन तक पहुंच गई है। अगले दशक में हम 10 मिलियन टन और क्षमता जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। ओडिशा की खनिज संपदा, विशाल तटीय क्षेत्र, कुशल कार्यबल और प्रगतिशील सरकार ने इसे टाटा स्टील के लिए भारत में सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बना दिया है।




सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन और भुवनेश्वर में उत्कर्ष ओडिशा में टाटा स्टील के स्टॉल का निरीक्षण करते टीवी नरेंद्रन। साथ में कंपनी के वीपी चाणक्य चौधरी।

इस मेगा इवेंट में टाटा स्टील की भागीदारी उस समय हो रही है जब कंपनी अपने कलिंगानगर प्लांट के दूसरे चरण के विस्तारीकरण को गति दे रही है। जाजपुर जिले में स्थित कलिंगानगर प्लांट, जिसे 2015-16 में 3 एमटीपीए की प्रारंभिक क्षमता के साथ चालू किया गया था, अब अपनी क्षमता को 8 एमटीपीए तक बढ़ाने के लिए 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से विस्तार कर रहा है। इस विस्तारीकरण से लगभग 8,000 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है और यह टाटा स्टील को भारतीय ऑटोमोटिव बाजार के लिए एडवांस्ड हाई स्ट्रेंथ स्टील्स (अहृस्र) के निर्माण में सक्षम बनाएगा, जिससे आयात पर देश की निर्भरता काफी हद तक कम होगी।

टाटा स्टील के हालिया निवेशों में 2022 में नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (ठश्रछ) प्लांट का अधिग्रहण और पुनः संचालन शामिल है। इसके अतिरिक्त, 2018 में अधिग्रहीत ढेंकनाल जिले में स्थित मेरामंडली प्लांट भी कंपनी के मैन्युफैक्चरिंग पोर्टफोलियो का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पहले भूषण स्टील के नाम से प्रसिद्ध यह प्लांट वर्तमान में 5.6 एमटीपीए का उत्पादन करता है। टाटा स्टील वर्तमान में अपने कलिंगानगर प्लांट, मेरामंडली प्लांट और एनआईएनएल इकाई के अगले चरण के विस्तारीकरण पर काम कर रही है।

टाटा स्टील का गोपालपुर, गंजाम में स्थित इंडस्ट्रियल पार्क नए उद्योगों को आकर्षित करने में तेजी से प्रगति कर रहा है। यह पार्क मुख्य रूप से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, जैसे ग्रीन हाइड्रोजन और सोलर सेल एवं मॉड्यूल निर्माण में लगभग 32,000 करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित कर चुका है। टाटा स्टील का ओर, माइन एंड क्वेरीज (ठटद) डिवीजन खनन क्षेत्र में नवाचार और सस्टेनेबिलिटी को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### 30 लाख की ब्राउन सुगर संग आबिद धराया

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र के किताडीह गाड़ीवान मोहल्ला के रहने वाले एक अपराधी आबिद खान को परसुडीह पुलिस ने 30 लाख रुपए कीमत की ब्राउन शुगर के साथ पकड़ कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने अपराधी आबिद खान के पास से 262. 07 ग्राम ब्राउ शुगर बरामद की है। आबिद खान शातिर बदमाश है। इसके ऊपर परसुडीह में पहले से पांच मामले दर्ज हैं। सुंदर नगर में एक और जुगसलाई में तीन मामला दर्ज है। एसएसपी किशोर कौशल ने अपने कार्यालय को एसएसपी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आबिद खान छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर ब्राउन शुगर इलाके में बेचा करता था। पुलिस को 27 जनवरी को सूचना मिली थी कि एक बदमाश ब्राउन शुगर लेकर रेलवे स्टेशन की तरफ जा रहा है। तभी रास्ते में उसे रोका गया। पुलिस को देखकर उसने भागने की कोशिश की। लेकिन उसे पकड़ लिया गया। लिखापढ़ी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

### यूसिल की एडिशनल मैनेजर सुष्मिता सिन्हा पंचतत्व में हुई विलीन



**जादूगोड़ा।** यूसिल की जादूगोड़ा यूनिट की महिला एडिशनल मैनेजर (सिस्टम) मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गई। इधर उनके पति सह कंपनी के उपमहाप्रबंधक ( कार्मिक) राकेश कुमार ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार जादूगोड़ा मुक्तिधाम में की गई। इस मौके पर उनके अंतिम यात्रा में काफी संख्या में यूसिल कर्मी, वरीय अधिकारी व सेवानिवृत्त अधिकारियों भाग लिया। यहाँ बताते चुके कि बीते दो सालों से यूसिल की महिला अधिकारी सुष्मिता सिन्हा कैंसर से पीड़ित थी, बेहतर इलाज को लेकर वेल्लूर में भर्ती किया गया जहां इलाज के दौरान सोमवार को अहले सुबह निधन हो गया था। उनके निधन की खबर सुनकर पूरा जादूगोड़ा शोक की लहर में डूब गया। मृतका सुष्मिता सिन्हा के व्यवहार व वाणी ने जादूगोड़ा के लोगों के दिलों को छू लिया था, जिसकी वजह से उनके अंतिम यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी व पूरा जादूगोड़ा गमगीन हो गया।

### कपाली में युवक की चाकू मार कर हत्या



**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत एक 22 वर्षीय युवक सब्बीर आलम की आज चाकू मार कर हत्या कर दी गई। गौस नगर, कपाली निवासी व साकची के एक दुकान में काम करने वाले 22 वर्षीय सब्बीर आलम को बीते दिनों सन्नू, अफरीदी, फरहान और तन्नी समेत अन्य युवकों के साथ किसी बात को लेकर मोबाइल पर गाली-गलौज हुई थी। उसी बात को लेकर आज सब्बीर को युवकों ने रामू होटल के पास रोक कर चाकू मार दिया कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। स्थानीय लोग उसे उठा कर स्थानीय नर्सिंग होम ले गए जहां गंभीर हालत देख उसे एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। एमजीएम पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांचोपरांत सब्बीर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कुशवाहा समाज, गोविंदपुर इकाई का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न


**जमशेदपुर।** कुशवाहा समाज, गोविंदपुर इकाई का पारिवारिक मिलन कुशवाहा प्रगतिशील संस्थान छोटा गोविंदपुर के प्रांगण में 26 जनवरी को बड़े धूम धाम से संपन्न हुआ। संस्था के सचिव सुनील मौर्य ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा की पारिवारिक मिलन में गोविंदपुर के हजारों कुशवाहा समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें सभी के लिए स्वरुचि भोज के साथ बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए कई तरह के फन गेम आयोजित किये गये। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पार्षद डॉ परितोष सिंह शामिल हुए।


# टाटानगरी में चोर मस्त, पुलिस पस्त

■ हाई सिक्योरिटी वाले हाउसिंग सोसाइटियों में लगातार चोरी की घटनाएं देख लोग दंग
■ परसुडीह के बाद अब गोविंदपुर में 9 फ्लैट में लाखों की चोरी

खबर मन्त्र ब्यूरो







रॉक गार्डेन में चोरी के शिकार मकान मालिक लॉकर टूटे अलमीरा को दिखाते हुए। धन-संपत्ति चोरी होने के बाद रोती गृह मालकिन। फ्लैट मालिक अपने यहां हुई चोरी के बारे में बताते हुए। चोरी के बाद अस्त-व्यस्त एक फ्लैट।

**जमशेदपुर।** किसी भी शहर में लॉ एंड आर्डर का आकलन उस शहर में चोरी की घटनाओं को देखते हुए किया जाता है,क्योंकि इससे आम जन की नींद उड़ जाती है। इस लिहाज से देखा जाय तो सीनियर एसपी किशोर कौशल की अगुवाई वाली जमशेदपुर पुलिस फेल नजर आ रही है। 19 जनवरी को सबसे पॉश आवासीय क्षेत्र नार्दन टाउन में उमेश कांवटिया के आवास पर डकैती पड़ जाती है, तो गोविंद पुर के दयाल सिटी के चार फ्लैटों में चोरी हो जाती है, अब प्रकाशनगर, टेल्को स्थित रॉक गार्डन हाई प्रोफाइल सोसायटी के कई घरों में चोरों ने लाखों रुपये की चोरी कर जमशेदपुर पुलिस को लगातार मुंह मुंह चिढ़ा रहे हैं।

रविवार देर रात ही चोरों ने परसुडीह थाना क्षेत्र के दयाल सिटी में 5 फ्लैट का ताला तोड़ 9 लाख की चोरी की थी। इधर, चोरों ने सोमवार देर रात गोविंदपुर थाना क्षेत्र के श्रीनाथ रॉक गार्डन में 9 फ्लैट के ताला तोड़ लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि ये वही गैंग है जिन्होंने परसुडीह में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिन फ्लैट में चोरी हुई है उनके मालिक बाहर गए हुए है। फ्लैट की देखरेख रिश्तेदार कर रहे है। चोरी की सूचना पाकर गोविंदपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

चोरों ने तार कंपनी कर्मचारी राकेश कुमार, एमएम महतो, पद्मालोचन मिश्र, अनिल कुमार सिन्हा और राम कुमार सिंह के फ्लैट समेत अन्य फ्लैट में चोरी की। इधर, घटना के बाद से ही लोगों में आक्रोश का माहौल है। लोग सोसायटी की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रहे है। लोगों का कहना है कि उन्होंने सुरक्षा को देखते हुए ही सोसायटी में घर खरीदा था पर यहां भी चोरी हो गई। वहीं बताया कि पुलिस पूर्व में लगातार गश्त करती थी पर कुछ दिनों से गश्त बंद थी। चोरों ने कुल नकद समेत 25 से 30 लाख के गहनों की चोरी की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोगों का मानना है कि चोरी बेहद संगठित तरीके से की जा रही है और इसमें स्थानीय के साथ बाहरी गैंग भी शामिल हो सकते हैं। जब तक पूरे गैंग का खुलासा नहीं होता तब तक आम शहरी चैन की नींद नहीं सो सकता।

### उमेश कांवटिया के आवास पर डकैती में पांच गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र का नार्दर्न टाउन में बाबामती रोड पर बदमाशों ने 19 जनवरी की रात कारोबारी रमेश कांवटिया के घर डकैती डाली थी। पुलिस ने दो दिन बाद इस मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मानगो के कुल्लापखेती इलाके के सिंह टेकरी हातु ऊपर टोला के रहने वाले सावन देवनाम, बिष्टुपुर के सी रोड पांच नंबर बंगला के रहने वाले सोनू खान, सीतारामडेरा के न्यू बाराद्वारी के रहने वाले किशन बाग और सीताराम डेरा न्यू बाराद्वारी के रहने वाले राजा महानंद को गिरफ्तार किया है।

# अशोक लेलैंड ने झारखंड में तीन नये डीलरशिप का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने झारखंड में तीन नए डीलरशिप आउटलेट का उद्घाटन किया। साहू एंड संस ट्रकिंग्स के साथ साझेदारी में खोले गए इन आउटलेट्स में दो रांची और एक चतरा जिले के सेरेंगदाग में स्थित हैं। रांची में उद्घाटित 3 एस डीलरशिप एनएच-20 पर स्थित है, जो 60,000 वर्ग फुट में फैली है और 10 सर्विस बे से सुसज्जित है। यह आउटलेट रांची, हजारीबाग, गुमला, रामगढ़ सहित आठ जिलों में सेवा प्रदान करेगा। इसमें व्हील एलाइनमेंट मशीन, न्यूमैटिक सिस्टम और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की मरम्मत के लिए विशेष बे उपलब्ध हैं। वहीं, रांची का दूसरा 1एस आउटलेट बिक्री पर केंद्रित है। सेरेंगदाग में खुला तीसरा 2 एस डीलरशिप 25,000 वर्ग फुट में फैला है, जिसमें सात सर्विस बे हैं। यह चतरा कोयला खदान और एनटीपीसी टंडवा के पास स्थित है, जिससे क्षेत्रीय परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इस संबंध में अशोक लेलैंड की राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख माधवी देशमुख ने कहा कि हम झारखंड में बढ़ती बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आर्थिक गतिविधियों के तहत ग्राहकों की मांग पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विधायक पूर्णिमा साहू ने कार्यकर्ताओं संग बनायी सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने की रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व के तहत सदस्यता अभियान को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। एग्रिको स्थित विधायक पूर्णिमा साहू के आवासीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू मुख्यरूप से शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ अभियान को गति देने पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने अभियान को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह अभियान संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का एक प्रमुख अवसर है।



महिला कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करती विधायक पूर्णिमा साहू दास।

हमें अपने कार्य के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ इस लक्ष्य को पूरा करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बस्ती क्षेत्र और मोहल्ले में जाकर लोगों से संवाद स्थापित करने और उन्हें पार्टी से जोड़कर और प्राथमिक सदस्य बनाने की अपील की। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार साझा करते हुए पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# रेडक्रॉस भवन के सामने डीसी ने किया झंडोत्तोलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा गणतंत्र दिवस को मानवता की सेवा का समर्पण दिवस बनाया गया। गत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की शुरूआत रेड क्रॉस कार्यकर्ताओं ने एम्बुलेंस के साथ गोपाल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में फर्स्ट एड की सेवा प्रदान की गयी। इसके पश्चात साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में आयोजित गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज जिला के उपायुक्त सह अध्यक्ष रेड क्रॉस श्री अनन्य मित्तल ने फहराया। इसके पश्चात रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम की ओर से जिला के उपायुक्त सह निवार्ची पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के बेहतर प्रबंधन के लिए मिले सम्मान पर उन्हें शॉल ओढ़ाकर रेड क्रॉस के वरीय चिकित्सक डॉ. बी.पी. सिंह एवं उपाध्यक्ष विकास सिंह ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में उपायुक्त श्री मित्तल ने कहा कि उन्होंने प्राप्त सम्मान को जिला के जागरुक मतदाताओं एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने वाले सभी स्तर के संस्थाओं के प्रतिनिधि के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस और इस जैसे जिला से जुड़ी अनेकों संस्थाओं ने चुनाव में जो सकारात्मक सहभागिता दिखायी है, वैसी सहभागिता हम सरकार द्वारा लोगों के लिए चलाये जाने वाले जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए भी अपेक्षित करते हैं।



# मंदिर के पुजारियों को मासिक वेतन दे झारखंड सरकार : डॉ पवन पांडेय

■ भगवान परशुराम का वार्षिक कैलेंडर का किया गया विमोचन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** मंगलवार को झारखंड ब्राह्मण शक्ति संघ के केंद्रीय संपर्क कार्यालय हयूम पाईप में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी महीनों में संघ द्वारा संचालित होने वाले कार्यक्रम कि रुप रेखा तैयार किया गया। इस अवसर पर संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ पवन पांडेय ने कहा कि संघ द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम परशुराम जयंती के माध्यम से ब्राह्मण समाज के लोगों को संघ की विचारधारा से जोड़ कर इसके मजबूती के कार्य करना है। आने वाले दिनों में सबसे प्रमुखता से झारखंड भर में मंदिर के पुजारीयों को सरकारी वेतन और पेंशन की हमारी लंबित मांगों के लिए कार्यक्रम तय किया गया है। आज प्रत्येक वर्ष की भांति भगवान परशुराम का वार्षिक कैलेंडर संघ ने हजारों छपवाया है।

# चांडिल की बंद कंपनी को चालू करना ही आजादी : मनोज अग्रवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आधुनिक ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार अग्रवाल जी ने गणतंत्र दिवस 2025 वनराज स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड चाण्डिल में झंडोत्तोलन करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि विहार स्पंज आयरन कम्पनी को पुनः चालू कर हमने पांच गांव के लोगों का आशीर्वाद लिया। यही वनराज स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड की उपलब्धि है।

झारखंड आदिवासियों के योगदान और सुरक्षा के कारण बन्द पड़े कम्पनी चालू हो सका। उन्होंने कहा कि कंपनी की सफाई, रखरखाव पर ध्यान देना अतिआवश्यक है। कर्मचारियों का भविष्य कंपनी के लाभ पर निर्भर है। सभी अधिकारियों एकजुटता होकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।




आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड, कांड्रा परिसर में संबोधित करते मनोज अग्रवाल और वनराज स्टील्स, चांडिल कैंपस में झंडोत्तोलन करते आधुनिक ग्रुप के एमडी मनोज अग्रवाल।

कार्यक्रम का संचालन ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट प्रोजेक्ट चंद्रभूषण शर्मा ने किया। ग्रुप टेक्निकल हेड श्री सुब्बाराव एवं सीएमओ ओमप्रकाश वर्मा ने भी अपना सम्बोधन व्यक्त किया। झंडोत्तोलन कार्यक्रम में सुजीत कुमार झा, शिवेश कुमार सिंह , प्रभात कुमार सिंह ,त्रिलोचन नायक , किशन अग्रवाल, मुकेश , मनोज कामथ, कुसुम बेसरा, पंच ग्राम समिति के मदन प्रसाद, बब्लू बेसरा, रामेश्वर बेसरा, सिक्ख रोटी डिपार्टमेंट के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

आधुनिक पावर में झंडोत्तोलन : पदमपुर कान्ड्रा स्थित आधुनिक पावर एंड नैचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड कंपनी परिसर में झंडोत्तोलन उपरांत मुख्य अतिथि ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के संविधान पर आज भारत विश्व में अग्रणी के श्रेणी में है 26 जनवरी 2025 को इस आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा। उन्होंने कहा जमीनदाताओं कि एकता व सुनिश्चितता के प्रतीक है 540 मेगावाट आधुनिक पावर प्लांट। जमीनदाता कृष्णा बास्के, गौतम महतो आदि का मंच से शुक्रिया अदा की।

## एक नजर में

### सूर्य मंदिर : पूर्व सीएम रघुवर ने फहराया तिरंगा



**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने रविवार को देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गत 26 जनवरी को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान सूर्य मंदिर के तमाम पदाधिकारी, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय निवासीगण एवं युवा मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा संविधान न केवल दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, बल्कि यह हमारे देश की विविधता, एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का सच्चा प्रतीक है। कहा कि भारतीय संविधान हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है। यह संविधान हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय का मार्ग दिखाता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करें और देश को विकास और एकता के पथ पर आगे ले जाने में योगदान दें।

### शेखर डे और भवेश देव ने भालूबासा में किया झंडोत्तोलन



**जमशेदपुर।** 26 जनवरी को भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के उत्साहपूर्ण जश्न को झारखंड बंगाली समिति, जमशेदपुर चैप्टर ने जोड़ा मंदिर, भालूभासा में भव्य समारोह के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जमशेदपुर के प्रख्यात समाजसेवी सह श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे,भावेश देव, तपन सेनशर्मा, झरना कर ने राष्ट्र ध्वज फहराया और सामूहिक राष्ट्गान गाया गया। मौके पर समाजसेवी सह श्रीलेदर्स ग्रुप के पार्टनर शेखर डे ने सबको गणतंत्र की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने वीर शहीदों का नमन करते हुए देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम का संचालन झरना कर ने किया। कार्यक्रम में तपन सेन शर्मा, आशीष गुप्ता, तापती दत्ता, मोनालिसा डे, दीपा बनर्जी, आरती सेन निसार सर्फ.उद्दिन और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### विकास विद्यालय में किया गया झंडोत्तोलन



**जमशेदपुर।** गत 26 जनवरी को विकास विद्यालय में श्री विकास कुमार सिंह जी के द्वारा झंडोत्तोलन स्कूल के प्रांगण में किया गया। झंडोत्तोलन के समय विभा सिंह एशा अर नायर अंशु माला रश्मि पांडे पीयू बनर्जी नेहा सिंह देवाशीष महतो प्रवीण सिंह भवानी महतो पांडा जी माला सिंह पूनम दुबे नेहा कुमारी और अन्य शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित थे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने जे पी स्कूल के प्रतिभागी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** 76वें गणतंत्र दिवस पर गत 26 जनवरी 2025 को जे पी स्कूल, शंकोसाई, मानगो के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी प्रातः 8 बजे से निकाली गयी। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में झंडोत्तोलन बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक अतुल मिश्रा जी के कर कमलों द्वारा प्रातः 9.30 बजे किया गया। राष्ट्रीय गान एवं वीर शहीदों अमर रहे के अलावे अनेक नारे लगाये गये। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा कविता प्रतियोगिता का आयोजन प्रांगण में किया गया था जिस में 200 छात्र, छात्राओं ने भाग लिया प्रथम द्वितीय और तृतीय आए हुए सभी वर्ग के विद्यार्थियों को मोमेंटो, सर्टिफिकेट दे कर 35 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल मैनेजर सुनील कुमार साहा ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के मोमिता दास, अतुल मिश्रा, राजेश कुमार विद्यालय सचिव अर्जुन शर्मा,प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुशीला टोप्पो, राज किशोर शर्मा, पुष्पा टोप्पो, रीता शर्मा रितु शर्मा, विजय तिवारी, विजय शर्मा शिक्षक शिक्षिकायें अभिभावक एवं गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने 14 लाख की लागत से जनता को दिये 10 पानी टैंकर



**चांडिल।** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने सोमवार को चांडिल प्रखंड क्षेत्र के भुईयाडीह में विधायक निधी से कपाली नप समेत चारो प्रखंड चांडिल, कुकड़ू, नीमडीह व ईचागढ़ में 10 पानी टैंकर का वितरण किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने पानी आपूर्ति टैंकर का विधिवत फीता काटकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किये। विधायक ने कहा ईचागढ़ के जनता के मांग पर करीब 14 लाख रुपये कि लागत से विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा अभी चांडिल, नीमडीह, ईचागढ़ व कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के साथ कपाली नगर परिषद क्षेत्र में दो दो पानी टैंकर उपलब्ध कराया गया। विधायक ने कहा पानी टैंकर निशुल्क लोगों के सेवा के लिए होगा। इस अवसर पर जिप सदस्य पिंकी लायेक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा गुरुचरण किस्कू, चारुचांद किस्कू, झामुमो नेता कार्तिक महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, सुधीर किस्कू, मनमन सिंह, दिलीप महतो, सरवर आलम, मो अरशद, मो नौशाद, अरूण टुडू, कृष्णा किशोर महतो, बैद्यनाथ टुडू, राहुल वर्मा, मिलन तंतुवाई सहित कई लोग उपस्थित थे।

# ईंट भट्ठा से लेवी वसूलने आये एसजेएमएम सुप्रीमो अभय को ग्रामीणों ने पीटा, इलाज के दौरान मौत

**अभय के साथ आये दो उग्रवादियों को पकड़ पुलिस को सौंपा, एक पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद**

**ईंट भट्ठे में लेवी को लेकर व्यवसाइयों के साथ मारपीट व गोलीबारी के बाद ग्रामीणों ने उग्रवादियों को घेरा**

**ग्रामीणों की घेराबंदी के दौरान एसजेएमएम सुप्रीमो अभय ने चलायी गोली, जिसके बाद उग्र हुए ग्रामीण**



अभय उर्फ किशोर नायक फाईल फोटो



बरामद पिस्टल



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस



उग्रवादियों के पिटाई से घायल भट्ठा संचालक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अतंर्गत सासंग-बारी, रामपुर-सेरक पथ के आसपास संचालित ईंट भट्ठों से लेवी वसूलने व किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में आये संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा (एसजेएमएम) के सुप्रिमो किशोर नायक उर्फ अभय जी एवं संगठन के दो और उग्रवादियों को आक्रोशित ग्रामीणों ने बारी जतरा टांड़ के समीप घेर लिया। ग्रामीणों के द्वारा घेराबंदी किये जाने के दौरान संगठन के सुप्रिमो अभय जी के द्वारा ग्रामीणों पर फायरिंग किये जाने के बाद आक्रोशित भीड़ ने अपने बचाव में अभय जी एवं उनके दो सहयोगियों को जमकर पीटा, जिसमें अभय गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने तीनों उग्रवादियों को अपने कब्जे में लेकर रात्रि में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया जहां मंगलवार की तड़के सुबह इलाज के दौरान अभय उर्फ किशोर नायक की मौत हो गयी।

हालांकि अभय की मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। मिली जानकारी के अनुसार जेएसजेएमएम संगठन के सुप्रिमो अभय जी अपने आधा दर्जन भर सहयोगियों के साथ सोमवार की देर रात्रि अचानक ईंट भट्ठों से लेवी वसूलने को लेकर धावा बोल दिया, सबसे पहले वह सरना ईंट भट्ठा पहुंचा जहां भट्ठे के संचालक धनलाल उरांव व उसके पार्टनर प्रवीण यादव व उत्तम यादव को कब्जे में लेकर जमकर मारपीट की, इस दौरान लेवी नहीं दिये जाने व फोन नहीं उठाने की बात कह उग्रवादियों ने भट्ठा संचालक धनलाल उरांव के पैर में गोली चलायी, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। मारपीट व धमकी देने के बाद उग्रवादी धनलाल उरांव की बाइक को लेकर सेरक व बारी में संचालित अन्य भट्टो में मारपीट व अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में बढ़े, इसी दौरान इसकी भनक ग्रामीणों को लग गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी व उग्रवादियों की धेराबंदी को लेकर बारी जतरा टांड़ के समीप एकत्र हो गये। जैसे ही अभय जी उर्फ किशोर नायक व अन्य उग्रवादी बारी जतरा टांड़ के समीप पहुंचे ग्रामीणों को देखकर भागने लगे, जिन्हें ग्रामीणों ने रोकने का प्रयास किया तो फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इस दौरान पकड़े गये उग्रवादियों को जमकर धूना, इसी क्रम में पुलिस भी मौके पर पहुंची व तीनों को अपने कब्जे में ले लिया।

इधर घटना के बाद मंगलवार की सुबह पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची व सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक पिस्टल व लगभग 9 जिंदा गोली, दो मैगजीन, भट्ठा संचालक से लूटी गयी बाइक बरामद की।

वहीं सुबह लगभग 10 बजे चंदवा अंचलाधिकारी सह मजिस्ट्रेट जयशंकर पाठक की निगरानी में मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेज दिया गया। इधर दूसरी ओर अभय जी उर्फ किशोर नायक के मारे जाने की सूचना के बाद उसकी पत्नी, बच्चे व परिजन चंदवा सीएचसी पहुंचे।

मामले में पुनि सह थाना प्रभारी ने घटना स्थल से पिस्टल, जिंदा गोली, लूटी गयी बाईक व दो उग्रवादियों के पकड़े जाने की पुष्टि की है। पकड़े गये उग्रवादियों की पहचान पारस सिंह पिता भरत सिंह, मनिका व अरविंद भुईयां उर्फ अरविंद पांडेय रजवार बालूमाथ के रूप में हुई।

## चंदवा में वैन और बाइक की आमने सामने की टक्कर में दो की मौत

### पांच लोग गंभीर रूप से घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा में मंगलवार को एक बार फिर से बेकाबू रफ्तार का कहर देखने को मिला। एनएच 99 रांची चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के हिसरी के समीप ओमनी वैन व बाइक के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

खबर लिखे जाने तक सभी गंभीर रूप से घायल लोगों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में चल रहा है। जानकारी के अनुसार दीवार लेखन करने वाले सात पेंटर एक ओमनी वाहन (यूपी 12एएल 5982) पर सवार होकर औरंगाबाद से चंदवा से होते बालूमाथ की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक (जेएच 08 ई 2923) अनियंत्रित होकर ओमनी वाहन की ओर आने लगी। इससे बचने की कोशिश में ओमनी तेज गति के साथ पलट गई। घटना में बाइक सवार युवक की भी दर्दनाक मौत हो गई। उसकी पहचान राहुल भगत पिता सुरेंद्र भगत (अरंडियाटांड़, चकला) के रूप में की गई, वहीं ओमनी में सवार एक पेंटर प्रवीण बलियान (मुजफ्फरनगर, यूपी) की भी मौत हो गई। घायलों में प्रवीण कुमार, दीपक कुमार, रमेश कुमार, गौतम कुमार, रघु प्रजापति एवं विकास कुमार (सभी मुजफ्फरनगर, यूपी) शामिल हैं। उक्त सभी लोग एनएच के किनारे डायवर्सन एवं गार्डवाल पेंटिंग का काम करते हैं।

इधर घटना के बाद चंदवा पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

# दो लाख रुपए का इनामी जेजेएमपी एरिया कमांडर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एक एरिया कमांडर जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी पिता दशरथ सिंह (सेमरियाटांड, तुपूखुर्द, लातेहार) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को यह सफलता पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मिली है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

उन्होने बताया कि पिछले 23 जनवरी की रात्रि तकरीबन दस बजे जेजेएमपी के एरिया कमांडर जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी, संतोष सिंह, सतेन सिंह, लिटू सिंह, राकेश सिंह उर्फ मोटू, सुकुलदेव उरांव हथियार के साथ सेमरियाटांड़, बेंदी, लातेहार के युगल किशोर सिंह पिता स्व. बाल किशोर सिंह के घर की चहारदिवारी फांद कर उनके आंगन में घुस गये और खिड़की दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। आंगन में रखी एक मोटरसाइकिल को लूट लिया।

युगल किशोर सिंह के आवेदन में लातेहार में कांड संख्या 20/25 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी टीम बनायी गयी। टीम में पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सेमरियाटांड़ गांव के पास आरती भट्ठा के पास जंगल से जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानेदही पर एक लोडेड देशी पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

छापामारी में पुनि दुलड़ चौड़े, सअनि रविंद महली, सअनि उमापद महतो, आरक्षी प्रताप भुईयां, सतेंद्र उरांव व चौकीदार मुस्लिम अंसारी व सैट-1 के जवान शामिल थे।

# विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से नावाडीह विद्यालय बना हाई स्कूल

- **शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा नावाडीह विद्यालय : अनिल सिंह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बरवाडीह।** लगातार दूसरी बार विधायक बनने के बाद रामचंद्र सिंह अलग तेवर और विकास को लेकर गंभीर दिख रहे हैं। विधायक रामचंद्र सिंह ने लगातार अथक प्रयास से प्रखण्ड में शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग लकीर खींचने का काम किया है। प्रखंड के चुंगरू पंचायत की लंबित हाई स्कूल की मांग को सरकार से मंजूरी मिल गई है। जिसके साथ 25-26 सत्र से नावाडीह मध्य विद्यालय, हाई स्कूल नावाडीह के रूप में जाना जायेगा और पठन पाठन शुरू होगी। उधर विधायक ने यह भी भरोसा दिलाया कि आने वाले वर्ष में मुंडू और मंडल मध्य विद्यालय भी उच्च विद्यालय हो जायेगा। विधायक का यह प्रयास सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चों खासकर बच्चियों के बेहतर भविष्य के लिए मजबूत आधार बनेगा। अब उन्हें हाई स्कूल की शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और आगे की पढ़ाई छोड़ने के लिए छात्राओं को विवश नहीं होना पड़ेगा। नावाडीह को हाई स्कूल की मान्यता मिलने से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह समाजसेवी अनिल सिंह ने विधायक के प्रयास से मिली उपलब्धि को क्षेत्र की जनता के लिए नये साल का उपहार बताया और विधायक के साथ सरकार का आभार भी जताया है। उन्होंने कहा कि विधायक रामचंद्र सिंह की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और क्षेत्रवासियों के विकास के लिए उनके समर्पण का उदाहरण है। अनिल सिंह ने बताया कि विद्यालय में नए भवन के निर्माण आदि अन्य कार्यों के लिए सत्तर लाख की राशि विद्यालय को आवंटित की गई है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हाई राम समेत अन्य शिक्षकों के साथ-साथ मुखिया बलदेव परहिया, राजा ठाकुर, राजू परहिया, रविंद्र राम, सुदामा प्रजापति आदि सैकड़ों लोगों ने विधायक का आभार जताया है।

## सरयू में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित



फोटो 5

सरयू : लातेहार जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेर्शानुसार सरयू टीओपी परिसर में मंगलवार को शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया। सरयू टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी सरस्वती पूजा को सरकार के गाइडलाइन के अनुसार मनाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित मार्ग के साथ सरस्वती माता के प्रतिमा को विसर्जन किया जाएगा। सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार कि भावनों को ठेस पहुंचाने के लिए फोटो वीडियो को पोस्ट नहीं करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान उपद्रवियों पर प्रशासन कि पेनी नजर रखी जाएगी। मौके पर असगर हुसैन, शौकत अली, इश्वर प्रसाद, उदय प्रसाद, अनुबम प्रसाद, दिलीप प्रसाद, केडी नायक, श्रवण नायक, खादिम रसूल, सुरेन्द्र प्रसाद, समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# साई नर्सिंग होम में आयोजित रक्तदान शिविर में 56 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

- **दूसरों को जीवनदान के साथ शरीर को भी स्वस्थ बनाना है रक्तदान : रोहित त्रिपाठी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** रांची-चतरा मार्ग किनारे स्थित साईं नर्सिंग होम चंदवा में 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हेल्थ प्वाइंट (मधुसूदन ट्रस्ट) रांची से आई टीम के साथ नर्सिंग होम के चिकित्सकों और कर्मियों द्वारा 56 यूनिट रक्तसंग्रह किया गया। नर्सिंग होम संचालक डा. रोहित कुमार, डा. अजय कुमार व डा. सरिता टोप्पो ने रक्तदान की महता बताई। कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान कर दूसरों की जिंदगी बचाई जा सकती है। यह खुद के लिए भी काफी अच्छा होता है। इससे शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान जैसा पुनीत कार्य करते रहना चाहिए।

शिविर में टेक्निशियन रामलाल नाग, चंदन ठाकुर, आदित्य सिंह, पंकज कुमार, सोनू कुमार, ललित मिंज और सुप्रिया की टीम के साथ नर्सिंग होम के ऋषभ कुमार, रंजीत कुमार, अंकित मिश्रा, सौरव मिश्रा, कविता उरांव और अन्य की टीम द्वारा रक्त संग्रह करते लोगों को रकतदान के लिए प्रेरित किया गया। रक्तदान पश्चात सभी रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर हौसला आफजाई की गई।

## बेटी बचाओ को लेकर जागरूकता रैली निकाली

**बालूमाथ।** बालूमाथ में बेटी बचाओ अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से एक रैली निकाली गई। जिसमें चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक, बीपीएम मृत्युंजय कुमार समेत कई चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी शामिल हुए। आयोजित रैली में लोगों ने हाथों में तख्ती टांग रखी थी। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समेत कई नारे लिखे हुए थे। मौके पर जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि सरकार की सोच है कि समाज में महिला-पुरुष को एक समान अधिकार मिले। लेकिन आज भी समाज में कुरीतियां फैली हुई हैं कि लोग बेटी को बोझ समझते हैं। इसी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर बीडीएम योगेंद्र राम, बीटीटी दिलीप दांगी, एनएम, स्वास्थ्य सहिया समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कुंभ मेला जा रहे श्रद्धालुओं को थाना प्रभारी ने भगवा झंडा दिखाकर किया रवाना

**पांडू (पलामू)।** पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप से कुंभ मेला जा रहे श्रद्धालुओं को पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। मौके पर थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने यात्रा मंगलमय होने की कामना करते हुए कहा कि आप सब सौभाग्यशाली हैं जो कुंभ के संगम में नहाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वहीं समाजसेवी छोटन शर्मा ने थाना प्रभारी को शॉल देकर सम्मानित किया एवं इसी तरह आपसी सहयोग की अपेक्षा की। मौके पर महेश शर्मा, परिखा शर्मा, द्वारिका शर्मा, राजू शर्मा, जबित प्रजापति, बुटन चंद्रवंशी, नैन कुमारी देवी, अशोक चंद्रवंशी, बिनोद सिंह, कपिल शर्मा सतबीर सिंह, पंकज पांडेय, राहुल के अलावे अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## समाजसेवी बबन सिंह ने 21 बसों को भेजा महाकुंभ

**पांकी।** समाजसेवी बबन कुमार सिंह ने पांकी विधानसभा क्षेत्र से श्रद्धालुओं से भरी 21 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो इसलिए सिंह ने अलग-अलग टोली बनाकर सभी प्रखंडों में यात्री बसों की व्यवस्था की। लेस्लीगंज से 5 बसें श्रद्धालुओं को लेकर रवाना हुई। पांकी से 11 गाड़ियों और मनातू तरहसी से भी 5 बसों की व्यवस्था की गयी है। इसी तरह बबन सिंह ने महाकुंभ मेला दर्शन के लिये श्रद्धालुओं के एक जत्थे को अपने खर्चे पर प्रयागराज रवाना किया। सिंह अपने गृह जिला लातेहार सहित पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को 52 बसों में भरकर तीर्थ स्थल दर्शन के लिए भेज रहे हैं। यह जत्था महादेव की नगरी काशी, मां विंध्यवासिनी देवी के विंध्याचल, श्रीराम की नगरी अयोध्या होते हुए महाकुंभ नगरी प्रयागराज जायेगा।

### सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे की मौत के बाद ग्रामीण व परिजनों ने जताया आक्रोश

# नवादा बस स्टैंड के समीप शव के साथ किया सड़क जाम





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हेरहंज।** थाना क्षेत्र के हुम्बू ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल से गणतंत्र दिवस मनाकर लौट रहे 12 बच्चों की दुर्घटना मामले में रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान एक बच्चे की मौत रविवार की रात्रि में हो गई थी। शव को परिजनों ने नवादा स्थित घर लाकर 28 जनवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे से आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों ने बालूमाथ-हेरहंज-पांकी मुख्य पथ पर नवादा बस स्टैंड के समीप शव के साथ सड़क को जाम कर दिया। जाम होने से दोनों ओर छोटी बड़ी वाहनों की लम्बी कतारें लग गयी थीं। यातायात प्रभावित हो गया था। परिजन व ग्रामीणों ने तख्ती के बैनर तले अपनी मांगों के साथ अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। तख्ती में लिखा हुआ था कि हाइवा बंद करो, या फिर बच्चों के पढ़ने वाले विद्यालय बंद करो, जैसे नारे लगा रहे थे। परिजन व ग्रामीणों ने 25 लाख मृतक के परिजनों को नगद राशि व आश्रित को एक नौकरी की मांग व घायलों की समुचित इलाज की मांग कर रहे थे। जाम स्थल में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार, थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया व डीवीसी कम्पनी के कर्मी मौके पर पहुंचे और जामकर्ताओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन जामकर्ता अपनी मांगों पर अड़े रहे। काफी मशक्कत के बाद डीवीसी कम्पनी के द्वारा मृतक के परिजन को दाह संस्कार के लिए दो लाख रुपये नगद राशि दी गई और आश्रित को डीवीसी कम्पनी में नौकरी का आश्वासन दिया गया। वहीं अंचलाधिकारी श्री कुमार के द्वारा सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों को एक लाख रुपये देने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद शाम साढ़े चार बजे के बाद जामकर्ताओं ने जाम हटाया। पांच फरवरी को डीवीसी कम्पनी के साथ एक बार फिर पुनः बैठक की जाएगी, जिसमें नो एंट्री सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे पर बात होगी।

मौके पर सड़क सुरक्षा एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति, प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल के नेता समेत सैकड़ों महिला-पुरूष ग्रामीण जाम स्थल में मौजूद थे।

- **मृतक के आश्रित को दो लाख रुपये देने व नौकरी के आश्वासन के बाद हटा जाम**

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सौजन्य से जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी आयोजित





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** विधायक मनिका रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी, जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत अन्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक महोदय ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, इसलिए किसानों के हितों को ध्यान में रख कर कृषि विभाग कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग अनुदान पर किसानों को कई तरह की सुविधाएं दे रही जिसका लाभ किसानो को उठाने की जरूरत है। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि प्रदर्शनी सह मेला से किसानों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। कृषि के क्षेत्र मे किसानो को लाभ पहुंचाने के लिए तालाब, आहर, सामूहिक खेती तथा पावर टीलर व ट्रैक्टर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने मेला में उपस्थित किसानों को बधाई दी एवं किसानों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रकार के अच्छे किस्म के सब्जी आदि के स्टाल का निरीक्षण किया।

कृषि मेला में एग्री क्लीनिक सेंटर, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्योग विभाग (मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड), मत्स्य विभाग, इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर को ऑपरेटिव लिमिटेड , गव्य विकास कार्यालय, पशुपालन विभाग, भुमि संरक्षण विभाग, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगाए गए।

मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीन कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, कृषि पदाधिकारी अमृतेष सिंह, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, अन्य पदाधिकारी, कृषि विभाग के कर्मी, किसान मित्र समेत अन्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बागपत में मंच गिरने से सात की मौत और 75 से अधिक घायल

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में मंगलवार सुबह श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लाडू महोत्सव के लिए बनाया गया लकड़ी का मंच गिर गया, जिसमें सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 75 से अधिक घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कई पीड़ितों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार यह हादसा बड़ौत शहर कोतवाली क्षेत्र में गांधी रोड पर एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुआ, जो पिछले 25 वर्षों से हर साल आयोजित किया जाता रहा है। महोत्सव के लिए 65 फुट ऊंचा अस्थायी मंच बनाया गया था, श्रद्धालुओं की अधिक संख्या के कारण सीढ़ियां गिर गईं।

## टिकटॉक का अधिग्रहण करेगी माइक्रोसॉफ्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि माइक्रोसॉफ्ट जल्द ही चीन की सोशल मीडिया कंपनी टिकटॉक का अधिग्रहण कर सकती है। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उनका मानना है कि माइक्रोसॉफ्ट, टिकटॉक का अधिग्रहण करने के लिए चर्चा कर रहा है। उन्होंने एयर फोर्स वन में साथ यात्रा कर रहे संवाददाताओं से कहा कि इसकी बोली दिलचस्प होगी। कानून के अनुसार टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंधित किया जाना है।

## 10 साल बाद अहमदाबाद आश्रम पहुंचे आसाराम

**अहमदाबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जोधपुर जेल से निकलकर गुजरात वापस आए हैं। वह फिलहाल अहमदाबाद के साबरमती स्थित अपने आश्रम में हैं। आसाराम ने 10 साल बाद अहमदाबाद के आश्रम में प्रवेश किया है।

# देश की ताकत है एआइ : मोदी

### करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से विकास पथ की ओर अग्रसर भारत : प्रधानमंत्री

**▸▸ मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव ने पांच से छह गुना अधिक निवेशकों को किया आकर्षित**

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास के पथ पर अग्रसर है। मोदी ने मंगलवार को जनता मैदान में उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऐस्परेशन ऑफ इंडिया (भारत की आकांक्षा) दोनों है, जो देश की ताकत है। उन्होंने कहा कि जब लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं, तो आकांक्षाएं बढ़ती हैं और पिछले दशक में करोड़ों नागरिकों को सशक्त बनाया गया है, जिससे देश को फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ओडिशा इस आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने राज्य को उत्कृष्ट और नए भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक बताया। मोदी ने कहा कि ओडिशा खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोकेमिकल्स, बंदरगाह आधारित विकास, मत्स्य पालन, आईटी, एडुटेक, कपड़ा, पर्यटन, खनन और हरित ऊर्जा सहित विभिन्न उद्योगों में देश के अग्रणी राज्यों में से एक बन रहा है। प्रधानमंत्री ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनसे ओडिशा की विकास यात्रा में निवेश करने के अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनके निवेश से अभूतपूर्व सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी है।ह्व यह ओडिशा में अब तक का सबसे बड़ा व्यापार शिखर सम्मेलन था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 ने पिछले संस्करणों की तुलना में पांच से छह गुना अधिक निवेशकों को आकर्षित किया है। मोदी ने इस तरह के भव्य आयोजन के लिए ओडिशा के लोगों और सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत देश की प्रगति में एक विकास इंजन है और ओडिशा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।ह्व उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक डेटा



पूर्वी भारत के उल्लेखनीय योगदान को दशार्ता है, जब भारत ने वैश्विक विकास में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र की अतीत की प्रमुखता का उल्लेख किया, जिसमें महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र, बंदरगाह और व्यापार केंद्र शामिल हैं, और इस विकास में ओडिशा की ऐतिहासिक भागीदारी की प्रशंसा की। श्री मोदी ने कहा, ह्लओडिशा दक्षिण-पूर्व एशियाई व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करता था, जिसके बंदरगाह भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम करते थे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की हाल की यात्रा को याद करते हुए श्री मोदी ने उल्लेख किया कि राष्ट्रपति ने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अब 21वीं सदी में अपनी शानदार विरासत को पुनर्जीवित कर रहा है। उन्होंने राज्य के साथ व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने में आसियान देशों की रुचि पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वतंत्रता के बाद से इस क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर देखने को मिल रहे हैं। मोदी ने कहा कि सिंगापुर के राष्ट्रपति ने भी हाल ही में ओडिशा का दौरा किया और सहयोग के लिए राज्य की क्षमता को लेकर अपना उत्साह जताया।

**दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है भारत**

उन्होंने दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 5,000 अरब डॉलर (पांच ट्रिलियन डॉलर) की अर्थव्यवस्था का मील का पत्थर भारत की पहुंच के भीतर है। श्री मोदी ने कहा, पिछले एक दशक में विनिर्माण में भारत की ताकत स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश का आर्थिक विस्तार दो स्तंभों अभिनव सेवा क्षेत्र और गुणवत्ता वाले सामान का उत्पादन पर निर्भर करता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत केवल कच्चे माल के निर्यात पर निर्भर नहीं रह सकता।

# तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले भी संगम में लगा रहे डुबकी : योगी

**▸▸ मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए अखिलेश यादव पर कसा तंज**

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सपा के प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना तंज किया कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले लोग भी अब त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित महाकुंभ समागम में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जो लोग पहले भारत की आस्था को सम्मान नहीं देते थे, वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की नीति पर चलते थे, वे लोग भी अब प्रयागराज में त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अच्छी बात है और प्रयागराज तो सबका है, आस्था सबकी है।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को संगम में 11 बार आस्था की डुबकी लगाई थी। विपक्षी दलों के लोगों के कुंभ स्नान के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा सनातन पहले भी था, आज भी है और इसी प्रभावी ढंग से यह यात्रा आगे बढ़ेगी। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। योगी ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के



साथ कुंभ स्नान किया था। इसको लेकर विरोधियों के आरोपों पर उन्होंने कहा कि जाकी रही भावना, जैसी प्रभु मूरत देखि तिन तैसी। मुख्यमंत्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि देश दुनिया के कोटि कोटि श्रद्धालुओं द्वारा किये जा रहे पावन स्नान और सनातन में उनकी आस्था ने उन लोगों को भी पवित्र डुबकी लगाने के लिए बाध्य कर दिया जिनकी इसमें आस्था ही नहीं थी। ऐसे लोगों को यह सोच कर अपने पुरोधाओं की प्रतिमा स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि इस स्थान का महत्व है और इसको नजरअंदाज नहीं करना है।



**मां विंध्यवासिनी के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब**

**मीरजापुर। कृष्ण पक्ष चतुर्दशी पर मां विंध्यवासिनी के दरबार में आस्था का महासागर उमड़ा। मंगलवार सुबह मंगला आरती के बाद से ही देरशाम तक लगभग चार लाख श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में मत्था टेका। महाकुंभ के मद्देनजर भक्तों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। पक्का घाट, दीवान घाट और अखाड़ा घाट पर स्नान के बाद भक्त नारियल, चुनरी और पूजन सामग्री लेकर कतारों में खड़े रहे।**

# अवैध प्रवासियों मामले में मोदी वही करेंगे, जो सही होगा : ट्रंप

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अवैध प्रवासियों के मामले पर भारत के साथ बातचीत जारी है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मामले में वही करेंगे, जो सही होगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को फ्लोरिडा से ज्वाइंट बेस एंड्रयूज लौटते समय एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह कहा। ट्रंप ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के फरवरी में अमेरिका के

**प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने जायेंगे अमेरिका**

राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउसआने की संभावना है।

व्हाइट हाउस ने दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत का ब्यौरा देते हुए कहा कि ट्रंप की मोदी के साथ फोन पर सार्थक बातचीत हुई जिसमें द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध तथा भारत-अमेरिका सहयोग को और अधिक गहरा करने की दिशा में काम करने पर जोर दिया गया। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सोमवार को फोन पर हुई बातचीत के बारे में पूछे जाने पर कहा कि मोदी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान सभी विषयों पर चर्चा हुई फोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा की योजना बनाई गई। यह राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में मोदी की पहली अमेरिका यात्रा होगी। ट्रंप ने कहा कि दोनों नेताओं ने सहयोग बढ़ाने और उसे गहरा करने पर चर्चा की।

## अगले हफ्ते ट्रंप से मिलेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अगले सप्ताह व्हाइट हाउस का दौरा कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद उनसे मिलने वाले पहले विदेशी नेता होंगे। सीएनएन की खबर के अनुसार, अमेरिका और इजराइल की कूटनीति को करीब से समझने वाले कुछ अधिकारियों ने ऐसे संकेत दिए हैं। हालांकि बेंजामिन नेतन्याहू की यात्रा की योजना को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है और ना ही आधिकारिक तौर पर यात्रा के लिए किसी तारीख का चयन किया गया है।


76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मो. मुज्जमिल
समाजसेवी बालूमाथ

76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आईये हमसभी मिलकर बालूमाथ प्रखंड के विकास में सहभागी बने



सोमा उरांव
प्रखंड विकास पदाधिकारी बालूमाथ

76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



जेपी रावत
परियोजना पदाधिकारी तेतरिया खांड

76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

उपकार इंफ्रा कंस्ट्रक्शन

76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हाईवा ऑनर एसों. बालूमाथ



चंद्रदीप साहू
अध्यक्ष



मो.शहनवाज
सचिव



देवपाल प्रसाद
कोषाध्यक्ष

76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पुलिस परिवार बालूमाथ



अमरेंद्र कुमार
थाना प्रभारी बालूमाथ

बालूमाथ पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर



विनोद रवानी
डीएसपी बालूमाथ

76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



एस सतनारायण
परियोजना पदाधिकारी मगध कोल परियोजना

76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त बालूमाथ प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मुखिया संघ बालूमाथ

# संसदीय समिति की बैठक में धनबाद से मुम्बई के लिए नई ट्रेन शुरू करने की मांग

## रेल मंडल के छह लोकसभा और पांच राज्यसभा सांसद एवं प्रतिनिधि थे मौजूद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** डीआरएम कार्यालय में मंगलवार को संसदीय समिति की बैठक पलामू के सांसद बिष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी सांसद एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहित कई अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

सांसदों ने अपने क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में वृद्धि, नई ट्रेनं, अंडर पास, फ्लाई ओवर निर्माण सहित समय पर ट्रेनों के परिचालन की मांग की। साथ ही कई अन्य सुझाव दिये। महाप्रबंधक ने उक्त सभी मांगों एवं सुझावों को अमल में लाने की बात कही। बैठक में गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चैधरी, चतरा के सांसद काली चरण सिंह सहित छह लोकसभा और पांच राज्यसभा सांसदों के प्रतिनिधि सहित रेलवे के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो नजर नहीं आए, लेकिन उनके प्रतिनिधि के रूप में नितिन भट्ट मौजूद थे।

### मुंबई के लिए नई ट्रेन चलाने की उठी मांग

समिति के अध्यक्ष बीडी राम ने बताया कि अलग अलग क्षेत्र से जुड़े लोगों का धनबाद से मुम्बई के लिए आना जाना होता है। लेकिन यहां से सिर्फ एक ही ट्रेन मुम्बई के लिए है। बैठक में एक अतिरिक्त ट्रेन की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस के बंद होने से उनके क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ज्यादातर लोग कैंसर के इलाज के लिए इस ट्रेन से लखनऊ जाते रहे हैं। इसे पुनः चालू करने की मांग की गई है। यह भी कहा गया है कि यदि संभव नहीं है तो इसके स्थान पर वैकल्पिक ट्रेन की व्यवस्था की जानी चाहिए।



**छह स्थानों पर अंडरपास बनाने की उठी मांग :** चतरा के सांसद काली चरण सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र में अंडरपास बनाना अत्यंत जरूरी है। छह स्थानों पर इसके निर्माण की मांग की गई है। इसके अलावा चंदवा में नेशनल हाईवे पर फ्लाईओवर बनाने और रांची-तुरी ईएमयू सेवा को चतरा तक विस्तारित करने की मांग रखी गई। कोराना काल में बंद सभी ट्रेनों को फिर से चलाने की मांग की गई है। वहीं गिरिडीह सांसद ने ट्रेनों के समयबद्ध संचालन पर विशेष जोर दिया। ताकी यात्री समय पर गंतव्य तक पहुंच सके।

### कई ट्रेनों का शुरू किया गया परिचालन

रेलवे के महाप्रबंधक ने कहा कि यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए धनबाद से कायंबटूर, जम्मूतवी एवं नासिक रोड के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। न्यू गिरीडीह से रांची के लिए चर रही इंटरसिटी एक्सप्रेस का मधुपुर तक विस्तार किया गया है। अमृत भारत योजना के पहले चरण में 15 स्टेशनों का चयन किया गया है, जिसका काम चल रहा है। एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत 26 स्टेशनों पर स्टॉल ट्रॉली लगाए गए हैं, जिससे क्षेत्र के हस्तशिल्पियों एवं स्थानीय उत्पाद को बेहतर बाजार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सुझाव को जल्द अमल में लाया जायेगा।

**रेल मंडल में किये गए कई महत्वपूर्ण कार्य :** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने सभी सांसद एवं सांसद प्रतिनिधियों का स्वागत किया। महाप्रबंधक ने बताया कि धनबाद मंडल में यात्री सुविधाओं के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। भारतीय रेल के सभी मंडलों में माल लदान के मामले में धनबाद मंडल प्रथम स्थान पर अभी भी बना हुआ है। इस वर्ष में यात्री सुविधा के क्षेत्र में 03 स्टेशनों पर फुटओवर ब्रिज, 05 स्टेशनों के प्लेटफार्म का विस्तार तथा 08 स्टेशनों पर दिव्यांग शौचालय की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। धनबाद स्टेशन पर रेल कोच रेस्टुरेंट भी खोला गया है। अनारक्षित टिकट आसानी से प्राप्त हो सके इसके लिए रेणुकूट, चोपन तथा बरकाकाना में दो-दो एटीवीएम का प्रावधान किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### पोत्तनूर-बरौनी-पोत्तनूर ट्रेन का परिचालन रद्द

धनबाद। रेलवे ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए पोत्तनूर बरौनी-पोत्तनूर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का परिचालन रद्द कर दिया है। प्रत्येक शनिवार को पोत्तनूर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 06055 पोत्तनूर-बरौनी स्पेशल 1 फरवरी से 26 अप्रैल तक बंद रहेगी। प्रत्येक मंगलवार को बरौनी से खुलने वाली 06056 बरौनी-पोत्तनूर स्पेशल का 4 फरवरी से 29 अप्रैल तक परिचालन नहीं होगा।

### जेडीयू ने शीतलपुर विस्फोट कांड की एनआईए की जांच की मांग

गिरिडीह। शीतलपुर इलाके के रविवार की रात्रि में एक घर में हुए भीषण विस्फोट के बाद जायजा लेने जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष त्रिभुवन दयाल घटना स्थल पर पहुंचे। इस मौके पर इन्होंने आस पास के लोगों से घटना को लेकर जानकारी ली। वहीं क्षतिग्रस्त घर का जायजा लिया। इस बाबत इन्होंने विस्फोट की घटना को एनआईए से जांच कराने की मांग की है। कहा कि इस जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और दोषियों को कड़ी सजा देने की भी बात कही। कहा कि इस तरह के घटना को अंजाम देने वाले अन्य स्थानों पर ब्लास्ट जैसे घटना कर सकते है। इसलिए फौरन इसकी जांच होनी चाहिए।

### कवर केबुल कार्य मे अकुशल मजदूर के लगने से ग्रामीणों में आक्रोश

मैथन। कुमारधुबी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी अंसार मुहल्ला में बिजली विभाग द्वारा कांट्रेक्ट पर जर्जर तार बदलने का काम किया जा रहा है। खतरे को देखते हुए कांट्रेक्टर द्वारा कवर केबुल लगाया जा रहा है। लेकिन अकुशल मजदूर द्वारा जैसे तैसे काम किया जा रहा है। बिना टोपी, जूता व सेफ्टी बेल्ट लगाये काम हो रहा है। ग्रामीणों में इसको लेकर आक्रोश है। कहा कि संकरी गली है इसलिए यहां सुरक्षा का ज्यादा ध्यान देना चाहिए। लेकिन एंगल के माध्यम से आड़े तिरछे केबुल लगाया जा रहा है। इस संबंध में जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने बिजली विभाग के एसडीओ से फोन पर बात कर सही ढंग से काम कराने की बात कही। साथ ही सुरक्षा का ख्याल रखने को कहा। एसडीओ ने कहा कि ठेकेदार को बोल काम सही ढंग से कराया जायेगा।

# 116 सूत्री मांगों को लेकर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठा

## गिरिडीह सांसद ने किया समर्थन, कोयला मंत्री से मिलने की कही बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** कोल कर्मियों की 116 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (बीएमएस) ने बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन के समक्ष अनिश्चिकालीन धरना शुरू किया। धरनार्थियों ने बीसीसीएल प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी की। मांगों के समर्थन में संगठन के सदस्यों ने अपनी अपनी बात रखी। धरना स्थल पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चैधरी भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि मजदूरों की मांगों को लेकर कोयला मंत्री मिलेंगे। जरूरत पड़ी तो प्रधानमंत्री से भी बात की जाएगी। उन्होंने आगामी लोकसभा सत्र में इन मुददे को उठाने की बात कही।




संघ के महामंत्री उमेश सिंह ने बताया कि कर्मियों के उम्र विवाद, नियोजन, स्थानांतरण, ठेका श्रमिकों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए पहले भी प्रबंधन को मांग पत्र दे चुके हैं, लेकिन आज तक समाधान नहीं हुआ। इसे कारण आज धरना पर बैठना पड़ा है। जबतक मांगें पूरी नहीं होगी, धरना जारी रहेगा।

मांगों में मुख्यालय स्तर पर लंबित उम्र विवाद का यथाशीघ्र निपटारा करने, सभी खदान एवं परियोजना में पड़े स्क्रैप का ई-ऑक्शन करने, सेवानिवृत्त कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही कैशलेश स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराने, हाउस रेंट एलॉउंस की विसंगति को दूर करने, मृत कर्मियों के आश्रितों को योग्यता के अनुसार स्थायी नियोजन देने, कंपनी के नियमानुसार मेडिकल अनफिट कर्मियों के आश्रितों को नियोजन देने, मृत कर्मियों के लिए शव वाहन उपलब्ध कराने, सेंट्रल अस्पताल में एमआरआई मशीन उपलब्ध कराने, निदेशक कार्मिक के साथ संघ कि नियमित बैठक कराने आदि शामिल हैं। धरना में मुरारी तांती, केके सिंह, राघवेंद्र पांडेय, मोहनलाल महतो, देवनाथ चौहान, नंदुराम दुसाध, अनुप चैहान, संजय पासवान, सुकर मोदी, लखेंद्र चैहान, तुलसी महतो, राजेंद्र भुईयां, भिखारी गोप, राजेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### रंजय हत्याकांड में जप्त खोखा कोर्ट मे हुआ पेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई इस दौरान सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी ने मौके वारदात से जब्त किए गए 9 एमएम गोली के 5 खोखा व उससे संबंधित एफएसएल रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश किया जिसे अभियोजन के निवेदन पर प्रदर्श के रूप में अंकित किया गया। बचाव पक्ष की ओर से वरीय अधिवक्ता समर श्रीवास्तव एवं आयुष श्रीवास्तव ने प्रति परीक्षण किया। अदालत ने अपर लोक अभियोजक सतिंदर राय को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है। पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था। जबकी चंदन शर्मा, हरेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुसंधान जारी रखा है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी

### गीत-संगीत व विचारों की अभिव्यक्ति से पेश की देशभक्ति की झलक

**कतरास।** गण तंत्र दिवस के अवसर पर बाघमारा कतरास के पड़ोसी क्षेत्रों में उल्लास का माहौल बना रहा। उत्साह के साथ सरकारी, गैरसरकारी, शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये बच्चे व युवाओं ने देश भक्ति की झलक दिखाई। स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। कतरास थाना परिसर में थाना प्रभारी असीत कुमार सिंह, रामकनाली ओपी में ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजु, गोबिंदपुर क्षेत्रिय कार्यालय में महाप्रबन्धक जी.सी.साहा, ब्लॉक दो क्षेत्रीय कार्यालय में अवर महाप्रबन्धक कुमार रंजीव, आर्य व्यायामशाल एवं योग मंदिर में संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। श्री कृष्णा मातृसदन, रानी बाजार में डायरेक्टर अनंत श्रीकृष्णा ने झंडोत्तोलन कर सलामी दी। मातृ सदन की संचालिका डॉ शिवानी झा, डायरेक्टर बिजय कुमार झा, न्यूट्रीशियन मनीषा मीनू, धीरज सिंह, मुन्ना झा आदि मौजूद थे। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष माधव सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया। प्राचार्य संतोष कुमार झा, समिति के सचिव विनय कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल आदि शामिल थे। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकी, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और खोरठा भाषा में भाषण प्रस्तुत किए। बरोरा थाना परिसर में थाना प्रभारी गंगा सागर ओझा, बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में महा प्रबन्धक पियूष कुमार, अंगारपथरा ओपी परिसर में प्रभारी प्रवीण कुमार, झीझीं पहाड़ी पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया प्रेमलता कुमारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

### नियोजन और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जीटीएस डेको में दिया धरना

**कतरास।** न्यू आकाशकिनारी कोलियारी के अधीन संचालित एस टी जी डेको आउट पैच में मंगलवार को स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन, प्रदूषण नियंत्रण सहित आठ सूत्री मांगों को लेकर झामुमो समर्थक आंदोलन पर उतर आये। पैच के प्रवेश द्वार के समीप मोर्चा समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की और अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ गए। आंदोलन कारियों ने परिवहन कार्य ठप कर दिया। कम्पनी प्रतिनिधि ने धरना स्थल पर आंदोलनकारियों से वार्ता की, जो विफल रही। मोर्चा के नेता अताउल रहमान ने कहा कि कंपनी सिर्फ आश्वासन देती रही है। बाध्य होकर निर्णायक आंदोलन पर उतरना पड़ा है। मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। नियोजन के अलावा आस पास के मुहल्लों में पानी-बिजली की आपूर्ति, प्रदूषण की रोक थाम आदि मांगें शामिल हं। घनी आबादी के बीच परियोजना में खनन एवं ओबी और कोयले की ढुलाई से पूरा वातावरण प्रदूषित हो गया है। लोग घातक बीमारी के शिकार हो रहे हैं। कंपनी और बीसीसीएल प्रबंधन का कई बार ध्यान आकृष्ट कराया गया। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। मौके पर मोर्चा के नेता मो शाहनवाज, मो राजा, मो नईम, पिंटू, रोशन कुमार भुइयां आदि मौजूद थे।

# 26 वर्षों से से चला रहे पान की गुमटी हटाने का दबंगों का जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी।बलियापुर के भिखराजपुर से आए व्यक्ति ने अपर समाहर्ता को बताया कि उनके भाई द्वारा जबरन उनका घर तोड़ा जा रहा है। विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट करते हैं।वहीं मनईटांड से आए व्यक्ति ने कहा कि वह जीविकोपार्जन के लिए विगत 26 वर्षों से एक पान गुमटी चला रहे हैं। परंतु मोहल्ले के कुछ लोगों द्वारा बारंबार गुमटी हटाने की धमकी दी जा रही है। एक अन्य फरियादी ने रैयती जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर घर बनाने की शिकायत की। इसके अलावा राशन कार्ड बनाने, आरटीआई में पुत्र का चयन होने के बाद भी विद्यालय द्वारा नामांकन नहीं करने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। अपर समाहर्ता ने सभी शिकायतों को संबंधित पदाधिकारी के पास निष्पादन करने के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद व जन शिकायत कोषांग के श्री नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

# ज्वेलर्स दुकान से 3 लाख की जेवरात की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** चोरों ने सोमवार की रात निरसा थाना क्षेत्र के दो ज्वेलर्स के दुकान पर धावा बोला। एक दुकान में तो उन्हें सफलता नहीं मिली, परंतु निरसा जामताड़ा रोड स्थित बर्मन ज्वेलर्स दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने लगभग 3 लाख रुपये के जेवरात चुरा लिये। निरसा एनएच 19 पर स्थित शुभम ज्वेलर्स नामक दुकान के पीछे दीवार में चोरों ने सेंधमारी का प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिली। सूचना पाकर निरसा पुलिस पहुंची और जांच की। भुक्तभोगी दुकानदार मुकेश बर्मन निरसा थाना में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन की भांति सोमवार की रात 7:30 बजे दुकान बंद कर बंगाल पाड़ा स्थित आवास चला गया। मंगलवार की सुबह बगल के दुकानदार एवं मकान मालिक द्वारा मोबाइल पर सूचना दी गई कि उनकी दुकान का शटर टूटा हुआ है। वह दुकान पहुंचे तो देखा कि बांस से शटर को उठा दिया गया है। उसके बाद चोरों ने दुकान के अंदर घुसकर तिजोरी को भी खोलने का प्रयास किया। परंतु तिजोरी का एक लॉक नहीं टूटा। चोर काउंटर में रखी सोने की चेन, झुमका, 3 जोड़ी पायल, एक ब्रेसलेट, तीन गणेश जी की चांदी की मूर्ति तथा काउंटर में रखे 21 सौ रुपये नगद लेकर भागने में सफल रहे।



### शुभम ज्वेलर्स की दीवाल में सेंधमारी

बाद में चोरों के दल ने निरसा एनएच 19 के किनारे स्थित शुभम ज्वेलर्स दुकान के पीछे की दीवार में सेंधमारी कर चोरी का प्रयास किया। पीछे 5 इंच के ईंट की बनी दुकान को तोड़ दिया था । परंतु ईंट के बाद पक्का ढलाई की भी दीवार थी, जिसे चोर नहीं तोड़ पाए। इस कारण शुभम ज्वेलर्स चोरी होने से बच गया। मलिक सागर बर्मन अपनी मां के इलाज के लिए 18 जनवरी से वेल्लोर में हैं। इस कारण दुकान बंद थी।

# केनरा बैंक की गोड़तोपा शाखा ने चलाया जागरुकता अभियान

- खाता धारकों को बताए गए साइबर ठगी से बचाव के तरीके

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोविंदपुर।** केनरा बैंक की गोड़तोपा शाखा ने मंगलवार को साइबर ठगी पर जागरूकता अभियान चलाया। इसमें खाता धारकों को साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताए गए। बैंक प्रबंधन द्वारा संदिग्ध खातों की जांच की जा रही है। इलाके से तमिलनाडु गए मजदूर के खातों पर प्रबंधन की विशेष नजर है। प्रबंधन को अंदेशा है कि तमिलनाडु गए मजदूरों के खातों का साइबर ठग दुरुपयोग कर सकते हैं। इसके लिए खातों की जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक साइबर ठगी में उपयोग करने वाले खाते सामने नहीं आए हैं।




ग्राहक जागरुकता एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक अनिल कुमार मल्लिक ने की। क्षेत्रीय कार्यालय से आई वरिष्ठ प्रबंधक शिवानी सिंह ने बैंक में हो रहे साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्राहकों एवं ग्रामीणों को साइबर ठगों द्वारा ठगी के लिए अपनाए जाने वाले करतूतों की जानकारी दी। क्षेत्रीय कार्यालय प्रबंधक निवेदिता कंचन ने सामाजिक सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। मुखिया विनोद रजवार एवं उप मुखिया चुरकी हेंब्रम, बैंक अधिकारी अरविंद प्रभाकरण, उत्क्रमित विद्यालय गोड़तोपा के प्रधानाध्यापक दिनेश राय समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जागरुकता अभियान में भाग लिया। श्री राय ने इस अभियान के लिए केनरा बैंक प्रबंधन की सराहना की और आगे भी इस तरह का अभियान जारी रखने की अपील की।

# वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के कदम टोल महेन्द्र पंडित (पिता छकनु पंडित के घर के बाहर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। जानकारी के अनुसार जमुआ थाना कांड संख्या 225/2019 के संबंध में गिरिडीह न्यायालय से प्राप्त इश्तेहार अधिपत्र को जमुआ थाना पुलिस के द्वारा विधिवत छापामारी किया गया। हालांकि, जब पुलिस टीम अभियुक्त के घर छापामारी करने पहुंची। तो अभियुक्त के घर पर ताला लगा हुआ पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने अभियुक्त के घर और आसपास के चौक-चौराहे पर इशितहार चिपकाकर सरेंडर करने की अपील की। यह कार्रवाई 18 दिसंबर 2024 को की गई थी। लेकिन तब भी अभियुक्त फरार था।



### नक्सली पति पत्नी को दबोचने में गिरिडीह पुलिस को मिली सफलता



**गिरिडीह।** नक्सलियों के खिलाफ एक बार फिर गिरिडीह पुलिस को सफलता हाथ लगी है। एसपी डॉ बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीआरपीएफ व जिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नक्सली पति पत्नी को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। मंगलवार को मधुबन थाना में प्रेसवार्ता कर एएसपी अभियान सुरजीत कुमार और एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि जमुआ थाना इलाके के गनियाडीह गांव निवासी तालेश्वर हंसदा उर्फ सेरमा अपनी पत्नी मालती मुर्मू उर्फ गुडी उर्फ गुड़िया के साथ मधुबन थाना इलाके के टेसाफुली जंगल के पहाड़ी इलाके में किसी बड़े नक्सली दस्ते के शीर्ष नेताओं से मिलने जा रही है। सूचना के आधार पर एएसपी अभियान सुरजीत कुमार और एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और दोनों पति पत्नी नक्सली तालेश्वर हांसदा और मालती मुर्मू को गिरफ्तार करने में सफल रही। इस दौरान दोनो की तलाशी लेने के क्रम में जिंदा कारतूस लोडेड 9 एमएम का पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# केंद्रीय इस्पात मंत्री को डोमगढ़ बचाओ मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

- एफसीआई प्रबंधन की विस्थापन नीति के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सेल चासनाला कार्यालय में केंद्रीय इस्पात मंत्री एच डी कुमारास्वामी से डोमगढ़ बचाओ मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मिला और एफसीआई प्रबंधन की विस्थापन नीति के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। मोर्चा संयोजक सह भाजपा नेता धीरज सिंह ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री को बताया कि सेल को जमीन हस्तांतरित करने कीआड़ में एफसीआई प्रबंधन डोमगढ़ के लोगों को विस्थापित करने की कोशिश कर रहा है।

भाजपा नेता ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि सेल के एमडीओ केटीएमपीएल को ओ वी वर्डेन फेकने के लिए जमीन चाहिए। एफसीआई प्रबंधन ने इसके लिए डोमगढ़ स्थित आवासीय क्षेत्र की 304 एकड़ जमीन को चिन्हित किया है, जबकि दामोदर नदी के



किनारे सिंदरी में ओ वी डंप के लिए पर्याप्त जमीन है। इससे डोमगढ़ विस्थापन से बच जाएगा और सेल को ओवी डंप के लिए पर्याप्त जमीन भी मिल जाएगी। निरीक्षण एफसीआई ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत ने भी किया है।

मोर्चा ने एफसीआई प्रबंधन के लीज पर आवास के लिए घोषित एमनेस्टी योजना का भी विरोध किया और बताया कि एफसीआई प्रबंधन सिंदरी के लोगों के साथ सामंती व्यवहार कर रहा है। एफसीआई प्रबंधन यदि आज लीज पर आवास आवंटित करेगा तो किराया 1 जनवरी 2003 से क्यों लेगा। धीरज सिंह ने उन्हें बताया कि सिंदरी के आवासों मे पूर्व कर्मचारी, उनके आश्रित, अन्य पी एस यू के कर्मचारी और सिंदरी से संबंधित दुकानदार, शिक्षक रहते हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि निरीह लोगों की स्थिति पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर सकारात्मक निर्णय लें। भाजपा नेता ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया है कि जमीन के रहते घरों को खाली कराना गलत है। इसपर सेल प्रबंधन अविलंब कार्रवाई करे।